नई दिल्ली
मंगलवार, 16 दिसंबर 2025
पौष मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
वर्ष : 29, अंक : 243
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

**मौसम**
अधि. 25.0
न्यून. 6.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## जॉर्डन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हुआ रेड कार्पेट वेलकम, पीएम हसन ने की अगवानी

### जॉर्डन के सैन्य बलों ने भारतीय प्रधानमंत्री के सम्मान में दिया विशेष गार्ड ऑफ ऑनर

**भारतीय समुदाय से हुई पीएम की मुलाकात, हाथों में तिरंगा लिए पूरे जोश में नजर आए देश के लोग**

**जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला के साथ हुई प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अपनी तीन देशों (जॉर्डन, इथोपिया और ओमान) की आधिकारिक विदेश यात्रा के पहले पड़ाव यानी जॉर्डन पहुंचे। जहां क्वीन एलिया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उन्हें रेड कार्पेट वेलकम दिया गया, जॉर्डन के प्रधानमंत्री डॉ. जाफर हसन ने भारत के प्रधानमंत्री का जोरदार अंदाज में स्वागत करते हुए उनकी अगवानी की।

इस दौरान बड़ी तादाद में मौजूद जॉर्डन के सैन्य-बलों ने पीएम के सम्मान में उन्हें पारंपरिक गार्ड ऑफ आर्नर दिया। भारतीय समुदाय ▶▶ शेष पेज 7 पर





### गाजा में शांति-स्थिरता के पक्ष में भारत-जॉर्डन

अम्मान स्थित हुसैनिया महल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला के साथ द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों के साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर शीर्ष नेताओं ने व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया है। बैठक में दिए अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ▶▶ शेष पेज 7 पर

### सुदृढ़ संबंधों की अहम कड़ी प्रवासी भारतीय

हाथों में तिरंगा लिए प्रधानमंत्री के स्वागत में खड़े भारतीय समुदाय से हुई शानदार मुलाकात से पीएम मोदी अभिभूत नजर आए और उन्होंने अपनी एक्स पोस्ट इसका उल्लेख करते हुए कहा कि अम्मान में भारतीय समुदाय द्वारा दिए गए हार्दिक स्वागत से मैं अत्यंत प्रभावित हुआ हूं। उनका स्नेह, देश की प्रगति पर गर्व, मजबूत सांस्कृतिक बंधन भारत और प्रवासी भारतीयों के बीच अटूट संबंध को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पीएम की पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन की यह पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा है। इसके पूर्व में वह 2018 में फिलिस्तीन जाते वक्त एक पड़ाव के रूप में जॉर्डन में कुछ देर के लिए रूके थे। वर्तमान में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह जॉर्डन यात्रा लगभग 37 वर्षों के बाद हो रही है। जो दोनों देशों के बीच स्थापित राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ को भी प्रदर्शित करती है। इसके पहले यात्रा पड़ाव के दौरान जॉर्डन में रूकने पर वहां के शाह ने पीएम मोदी को अपने देश के विशेष सम्मान से नवाजा था।

### सभ्यतागत संबंधों को दर्शाती यह यात्रा

तीन देशों की इस यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए गए अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि जॉर्डन, इथोपिया और ओमान तीनों ऐसे देश हैं। जिनके साथ भारत के व्यापक समकालीन द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पुराने सभ्यतागत संबंध भी हैं। सबसे पहले मैं, जॉर्डन जाऊंगा। मेरी यह ऐतिहासिक यात्रा हमारे दोनों देशों के बीच स्थापित राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक होगी। जिसमें मैं महामहिम किंग अब्दुल्ला, जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन के साथ विस्तृत चर्चा करूंगा और महामहिम क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय के साथ भी मुलाकात करूंगा। अम्मान में, मैं जीवंत भारतीय समुदाय से भी मिलूंगा। जिन्होंने भारत-जॉर्डन संबंधों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### इथोपिया, ओमान यात्रा की विशेषता

प्रधानमंत्री ने अपने बयान में कहा कि इथोपिया के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर मेरी ये यात्रा होगी। जहां अदीस अबाबा में मैं प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली से विस्तार से बातचीत करूंगा। मुझे वहां रहने वाले भारतीय समुदाय से भी मिलने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा मुझे इथोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने का भी सौभाग्य मिलेगा। जहां मैं लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की यात्रा और भारत-इथोपिया साझेदारी वैश्विक दक्षिण के लिए क्या मूल्य ला सकती है? इस पर अपने विचार साझा करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने बताया कि अपनी इस विदेश यात्रा के अंतिम पड़ाव के रूप में, मैं ओमान जाऊंगा। जो कि दोनों ▶▶ शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### रुपए में गिरावट, 26 पैसे गिरकर 90.75 रु. पर



**नई दिल्ली।** रुपए में गिरावट का दौर जारी है। सोमवार को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 26 पैसे टूटकर इंट्रा-डे कारोबार में 90.75 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका से व्यापार अनिश्चितता और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से रुपए पर दबाव बना रहा। व्यापार समझौते में हो रही देरी से निवेशकों की धारणा कमजोर हुई है।

### नवंबर में 19.37% बढ़ा निर्यात, व्यापार घाटा कम



**नई दिल्ली।** देश का निर्यात अक्टूबर की गिरावट से उबरते हुए नवंबर महीने में 19.37 प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्यात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा पांच महीने के निचले स्तर 24.53 अरब डॉलर पर आ गया। नवंबर के आंकड़े जारी किए।

### राष्ट्रपति मुर्मू आज से 3 राज्यों की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार से 22 दिसंबर तक कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना की यात्रा पर रहेंगी। मंगलवार को मुर्मू कर्नाटक के मांड्या जिले के मालवल्ली में आदि जगद्गुरु श्री शिवरात्रीश्वर शिवयोगी महास्वामीजी के 1066वें जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति मूर्मू 17 दिसंबर को वेल्लोर स्थित गोल्डन टेंपल जाएंगी।

### नबीन के पद ग्रहण के मौके पर जेपी नड्डा और अमित शाह के साथ राष्ट्रीय पदाधिकारी रहे मौजूद

## नितिन नबीन ने भाजपा मुख्यालय में संभाली राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की कुर्सी

- ▶▶ दिल्ली पहुंचने पर सीएम रेखा गुप्ता और दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने किया स्वागत
- ▶▶ भाजपा मुख्यालय में पुष्प वर्षा से हुआ अभिनंदन, कार्यकर्ताओं ने लगाए नारे




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में अपनी जिम्मेदारी संभाल ली।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नितिन नबीन ने पदभार ग्रहण किया। गृहमंत्री अमित शाह और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हाथ पकड़कर उन्हें कुर्सी पर बिठाया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी और भारी तादाद में कार्यकर्ता मौजूद थे। इससे पहले नबीन के दिल्ली पहुंचने पर आईजीआई एयरपोर्ट पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अगुवाई में दिल्ली सरकार के मंत्रियों, सांसदों और संगठन के पदाधकारियों ने उनका गुलदस्ते देकर स्वागत किया। भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर नितिन नबीन पर फूलों की वर्षा की गई। कार्यकर्ताओं ने नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का नारों के साथ अभिनंदन किया। भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नबीन ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर सबसे पहले दीन दयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। दिल्ली रवाना होने से पहले मीडिया से बात करते हुए नबीन ने बिहार और अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया और राष्ट्रीय स्तर पर इस पद तक पहुंचने का श्रेय उनके आशीर्वाद को दिया।

उन्होंने कहा, मेरे निर्वाचन क्षेत्र की जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया। उनके आशीर्वाद से ही यह संभव हो पा रहा है। नबीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन को भी स्वीकार किया, जिन्होंने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी।

**बिहार की राजनीति में वैश्य समाज के प्रभावशाली चेहरे के तौर पर पहचान रखते हैं सरावगी**

### छह बार के विधायक संजय सरावगी के हाथों में बिहार भाजपा की बागडोर

**बिहार भाजपा के अध्यक्ष पद पर दिलीप जायसवाल की जगह हुई ताजपोशी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने विधायक संजय सरावगी को बिहार भाजपा का नया अध्यक्ष बनाया है। दरभंगा से लगातार छह बार विधायक रहे संजय सरावगी मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल का स्थान लेंगे। उनकी बेदाग छवि और संगठनात्मक क्षमताओं के कारण पार्टी नेतृत्व ने उन्हें बिहार में भाजपा अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद सौंपा हैं। सरावगी छात्र जीवन से अखिल भारतीय विधार्थी परिषद से जुड़े रहे। भाजपा की सदस्यता उन्होंने 1995 में ली। इसके बाद उन्हें युवा मोर्चा में जिम्मेदारी मिली। विधायक संजय सरावगी 2017 में बिहार विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सभापति रहे। फरवरी 2025 में उन्हें बिहार सरकार में राजस्व और भूमि सुधार मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। वे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सहित कई जिलों के संगठन चुनाव प्रभारी और सदस्यता प्रभारी का भी दायित्व संभाल चुके हैं। पार्टी के भीतर संजय सरावगी को वैश्य समाज के प्रभावशाली चेहरे के तौर पर देखा जाता है। उनका प्रदेश अध्यक्ष बनना सामाजिक संतुलन और चुनावी गणित के लिहाज से भी काफी अहम माना जा रहा है।

दरभंगा से छह बार विधायक रहे संजय सरावगी को सोमवार को बिहार भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया ▶▶ शेष पेज 7 पर

**भारत के विदेश मंत्री ने हमले के बारे में प्रकट की अपनी संवेदनाएं, आतंकवाद के खिलाफ दिया भारत की ओर से पूर्ण समर्थन**

## बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले के मामले पर जयशंकर ने की पेनी वॉन्ग से बातचीत





फाइल फोटो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले के मामले को लेकर सोमवार को विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग के साथ फोन पर बातचीत की है।

अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए जयशंकर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आज मैंने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग के साथ बातचीत की है। जिसमें मैंने बॉन्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले के बारे अपनी ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की है और आतंकवाद के खिलाफ भारत की ओर से पूरा समर्थन देने की पुष्टि की है। बीते रविवार को जयशंकर ने अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आतंकी हमले की इस घटना को लेकर दुख जताते हुए आतंकवाद के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ दोहराया था। पीएम ने यह भी कहा था कि दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। भारत आतंकवाद के खिलाफ बिल्कुल भी सहनशीलता नहीं रखता है। साथ ही आतंकवाद और इसके सभी रूपों, अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करता है।

**यूएस ने स्क्रीनिंग के एक और बड़े कदम की शुरुआत कर दी**

## सोशल मीडिया पर बस एक पोस्ट और नहीं मिलेगा अमेरिका का एच1बी वीजा




- ▶▶ सोमवार से अमेरिका ने शुरू की सभी एच1बी वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की गहन जांच की प्रक्रिया।
- ▶▶ भारत पर भी होगा इस जांच का बड़ा असर। क्योंकि वीजा के 71 फीसदी लाभार्थी भारतीय हैं।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते वक्त में अवैध प्रवासियों या एच1बी वीजा को लेकर दिखाई गई अमेरिका के राष्ट्रपति की सख्ती में फिलहाल नरमी के कोई संकेत मिलते हुए नजर नहीं आ रहे हैं।

पहले डोनाल्ड ट्रंप ने इस वीजा की फीस कई गुना बढ़ाकर 1 लाख डॉलर कर दी थी। तो वहीं सोमवार (15 दिसंबर) से शुरू की गई वीजा आवेदनों की जांच में अमेरिकी प्रशासन ने ऑनलाइन उपस्थिति के साथ-साथ सोशल मीडिया प्रोफाइल की स्क्रीनिंग के एक और बड़े कदम की शुरुआत कर दी है। आने वाले दिनों में इसके प्रभाव की असल तस्वीर सामने आएगी। एच1बी वीजा के साथ एच-4 वीजा आवेदन और उन पर आश्रित लोग भी इसके दायरे में आएंगे। मतलब साफ है कि अगर आपको दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क की यात्रा करने के लिए एच1बी वीजा चाहिए तो खबरदार ▶▶ शेष पेज 7 पर

## हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर रचा इतिहास



मेडल के साथ भारतीय खिलाड़ी

### भारत पहली बार स्क्वॉश वर्ल्ड कप चैंपियन बना मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड

*नई दिल्ली। चेन्नई के एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए स्क्वॉश वर्ल्ड कप के फाइनल में भारतीय मिक्स्ड टीम ने हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर इतिहास रच दिया। यह मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में ब्रॉन्ज मेडल रहा था। इस टूर्नामेंट में 12 टीमों ने शॉर्ट और फास्ट फॉर्मेट में हिस्सा लिया। भारत ने सेमीफाइनल में मजबूत मानी जाने वाली मिस्र की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल* ▶▶ शेष पेज 7 पर

**अग्रणी संत व पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का 67 साल की उम्र में रीवा में निधन**

## श्री राम मंदिर आंदोलन की धुरी, 12 साल की उम्र में रामविलास वेदांती ने छोड़ दिया था घर

**आज सुबह 10:00 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा/ अयोध्या

अयोध्या में श्री राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। रीवा में एक कथा महोत्सव के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका निधन हो गया। 67 वर्षीय ▶▶ शेष पेज 7 पर

### देश भर में राम मंदिर को लेकर अलख जगाई

डॉ. रामविलास वेदांती का जन्म 7 अक्टूबर 1958 को मध्य प्रदेश के रीवा में हुआ था। उन्होंने 12 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था। वह अपना घर-परिवार छोड़कर राम नगरी अयोध्या आ गए। अयोध्या में हनुमानगढ़ी के महंत अभिराम दास के शिष्य बन गए थे। संस्कृत के प्रकांड विद्वान माने जाने वाले वेदांती सरयू किनारे स्थित हिंदू धाम पर रहते ▶▶ शेष पेज 7 पर

**विजय दिवस के मौके पर होगी सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर की अमर शहीदों को दी जाने वाली सच्ची श्रद्धांजलि**

**1947 में आजादी के बाद कुल 21 सैन्य योद्धाओं को दिया गया है पीवीसी का यह सर्वोच्च सैन्य अलंकरण**

## राष्ट्रपति भवन में बनी 'पीवीसी' विजेताओं की पहली गैलरी का आज उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति

अलग खबर

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

देश के इतिहास में मंगलवार (16 दिसंबर 2025) का दिन स्वर्णाक्षरों में दर्ज होने वाला है। कारण, एक ओर जहां आज पूरा देश 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को दी गई करारी शिकस्त की 54वीं वर्षगांठ का जश्न धूमधाम से मना रहा है।

तो दूसरी ओर 1947 में मिली आजादी के बाद से लेकर अब तक देश के सर्वोच्च सैन्य अलंकरण यानी परमवीर चक्र (पीवीसी) से सम्मानित किए गए कुल 21 जांबाज योद्धाओं के सम्मान ▶▶ शेष पेज 7 पर



### ये हैं भारत के 21 पीवीसी विजेता

भारत में आजादी के बाद से लेकर अब तक कुल 21 परमवीर चक्र विजेता हुए हैं। जिनमें सबसे पहले मेजर सोमनाथ शर्मा का नाम आता है। जिन्हें 1947 में कश्मीर के बडगाम में पाकिस्तानी घुसपैठियों (कबालियों) और उनकी आड़ में भारत पर हमला बोलने वाले दुश्मन देश के सैनिकों के साथ हुई भीषण जंग में दिए गए अपने प्राणों के सर्वोच्च बलिदान के लिए मरणोपरांत पीवीसी से सम्मानित किया गया था। 21 पीवीसी विजेताओं में से अधिकतर रणबांकुरों को इस सम्मान से मरणोपरांत नवाजा गया है। मेजर सोमनाथ शर्मा के अलावा अन्य पीवीसी विजेताओं में लांस नायक करम सिंह ▶▶ शेष पेज 7 पर

**पीवीसी पुरस्कार की विशेषता**

परमवीर चक्र देश के सैन्यकर्मियों को युद्धकाल में दुश्मनों के सामने प्रदर्शित की जाने वाली उच्च-कोटि की शूरवीरता, त्याग और बलिदान के लिए दिया जाता है। इस सम्मान की स्थापना भारत के गणराज्य घोषित होने की तारीख यानी 26 जनवरी 1950 को की गई थी। लेकिन ये 15 अगस्त 1947 से लागू है। ऐतिहासिक रूप से देखें तो पीवीसी भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न के बाद दिया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित सम्मान ▶▶ शेष पेज 7 पर

## गन प्वाइंट पर लूटपाट करने वाले दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के गोकुलपुरी इलाके में पिस्टल के बल पर लूटपाट करने का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम मोहम्मद फैजल (24) और मनीष (23) बताये गये। आरोपियों के पास से 14 हजार रुपये कैश, एक पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुये। 12 दिसंबर को गोकुलपुरी पुलिस को पिस्टल के बल पर लूटपाट के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। शिकायतकर्ता पंकज शर्मा ने पुलिस को बताया कि गोकुलपुरी फ्लाईओवर के पास तीन लोगों ने पिस्टल के बल पर उससे 50 हजार रुपये लूटे हैं। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसएचओ उमेद सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद टीम ने मुखबिर की सूचना के बाद आरोपी मोहम्मद फैजल और मनीष को गिरफ्तार कर लिया।

### सराय रोहिल्ला पुलिस की कार्रवाई

# फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश पुलिस ने कुल 32 लोग पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ 45 मोबाइल, लैपटॉप, बड़ी संख्या में कस्टमर रिकॉर्ड और तीन लाख 50 हजार कैश जब्त

उत्तरी जिले की सराय रोहिल्ला पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। तीन मास्टरमाइंड समेत 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें नजर अब्बास कॉल सेंटर का मालिक है और रवि व विक्की ठाकुर सुपरवाइजर के रूप में चिन्हित किये गये हैं। 45 मोबाइल, लैपटॉप, बड़ी संख्या में कस्टमर रिकॉर्ड और 3.5 लाख रुपये कैश जब्त किया गया है। कॉल सेंटर के जरिये आकर्षक बीमा पॉलिसियों और एजेंट कमीशन की वापसी के नाम पर भोले-भाले लोगों को धोखा दिया जा रहा था। पुलिस द्वारा यह कार्रवाई ऑपरेशन साइहॉक 2.0 के तहत की गई।



पुलिस के अनुसार नौ दिसंबर को सराय रोहिल्ला पुलिस को सूचना मिली कि शास्त्री नगर में एक फर्जी कॉल सेंटर चल रहा है। सूचना मिलते ही एसएचओ विकास राणा के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। टीम ने कॉल सेंटर के बारे में जानकारी जुटा छापा मारा। बड़ी संख्या में कॉल सेंटर में कार्यरत स्टाफ फोन पर बात करते हुए मिले। पुलिस को देख उन्होंने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिये। कॉल सेंटर के मालिक का नाम नजर अब्बास पता चला। पुलिस ने उससे कॉल सेंटर के दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाया। अब्बास ने बताया कि वे ऐसे संभावित ग्राहकों का डेटा हासिल करते थे जिनकी मौजूदा पॉलिसी बंद हो चुकी होती थी। आरोपी व्यक्तियों से प्राप्त मोबाइल नंबर पैन इंडिया साइबर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों से जुड़े पाए गए।

# फुटबॉलर मेसी के दिल्ली टूर को लेकर अलर्ट मोड में रही पुलिस

### यातायात प्रतिबंध से लगा कई इलाकों में जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी अपनी भारत यात्रा के अंतिम पड़ाव के रूप में सोमवार शाम दिल्ली पहुंचें। दिल्ली पुलिस द्वारा मेसी की यात्रा को लेकर पूरा रूट मैप पहले ही तैयार कर दिया गया था। खासकर अरुण जेटली स्टेडियम के बाहर कड़ा सुरक्षा पहरा रहा। कई सड़कों पर यातायात प्रतिबंध लगाये गये थे। इससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। मध्य दिल्ली के कई इलाकों में जाम के हालात बने रहे।




अर्जेंटीना के खिलाड़ी मेसी सोमवार शाम अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी उनके स्वागत के लिये स्टेडियम पहुंची थी। मेसी ने अपनी यात्रा की शुरुआत कोलकाता से की थी, जहां आयोजन में अफरा-तफरी भी मच गई थी। कोलकाता में हजारों प्रशंसकों द्वारा इस दिग्गज खिलाड़ी की एक झलक न मिलने पर विरोध प्रदर्शन करने के बाद सॉल्ट लेक स्टेडियम में अफरा-तफरी मच गई थी। उससे सबक लेते हुये दिल्ली पुलिस द्वारा हर तरफ कड़ी निगरानी रखी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि खिलाड़ी के दौरे के लिए व्यापक और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रही। उनकी पूरी यात्रा सामान्य तौर पर संपन्न हुई। स्टेडियम में भीड़ प्रबंधन, प्रवेश नियंत्रण और यातायात नियमों पर विशेष ध्यान देते हुए विस्तृत इंतजाम किए गए थे। स्टेडियम के चारों तरफ कई सुरक्षा घेरे बनाए गए थे और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस कर्मियों के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया गया था। स्टेडियम और निर्धारित क्षेत्रों में प्रवेश को सख्ती से नियंत्रित किया गया। वैध पास के बिना किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। देर शाम मेसी की दिल्ली यात्रा का समापन हुआ।

# निवेश का झांसा देकर की थी 33 लाख की ठगी, एक आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन निवेश पर मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह से जुड़े जालसाज को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी शख्स का नाम दीपांशु बताया गया हैं। इसके पास से दो मोबाइल, तीन चेक बुक और दो डेबिट कार्ड बरामद हुये हैं। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार 61 वर्षीय शख्स ने पुलिस को 33 लाख की ठगी की शिकायत दी थी।

पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई तो पता चला कि धोखाधड़ी की रकम कई खातों में ट्रांसफर की गई है। यह खाते बेलक्रेस्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक एक फर्म से जुड़े थे। इस मामले में पुलिस दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। पूछताछ के दौरान पुलिस को दीपांशु के बारे में



पता चला। उसकी भूमिका मुख्य ऑपरेटर के तौर पर सामने आई। पता चला कि दीपांशु लखनऊ में छिपा हुआ है। छापेमारी में इसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान इसने खुलासा किया कि वह अपने हैंडलर्स के निर्देशों पर काम कर रहा था। उसे डमी डायरेक्टरों की व्यवस्था करने, शेल कंपनियां बनाने और बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से बैंक खाते खोलने का निर्देश दिया जाता था। ठगी की रकम वह हवाला चैनलों और क्रिप्टोकरेंसी द्वारा आगे ट्रांसफर करता था।

# ऑपरेशन चक्रव्यूह में फंसी 24 हजार से ज्यादा गाड़ियों के हुये चालान, 144 गाड़ियां की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पुलिस कमिश्नर के खास निर्देश पर दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक मैनेजमेंट डिवीजन द्वारा 1 दिसंबर से दो हफ्ते के लिए स्थानीय पुलिस और पीसीआर के साथ मिलकर चुनी हुई जगहों पर ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन चक्रव्यूह चलाया गया।

इसके तहत 24 हजार से ज्यादा गाड़ियों के चालान किये गये और 144 गाड़ियां जब्त की गई। डीसीपी मुख्यालय ट्रैफिक मैनेजमेंट डिवीजन शशांक जायसवाल के अनुसार इस रणनीति में हर रोज 2 घंटे के लिए अच्छी तरह से प्लान करके कई लेवल पर टीमें तैनात की गई



थी। इसमें चुनी हुई जगहों जैसे व्यस्त चौराहों, बाजार और दुर्घटना संभावित जगहों के सभी एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए ताकि कोई भी नियम तोड़ने वाला बच न सकें। ऑपरेशन चक्रव्यूह का मकसद बार-बार होने वाले ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को रोकना और अनुशासित ड्राइविंग को बढ़ावा देना था। ऑपरेशन के दौरान ट्रैफिक नियमों के अलग-अलग उल्लंघनों के लिए कुल 24841 चालान जारी किए गए। इसके अलावा, गंभीर ट्रैफिक उल्लंघनों और चोरी की गाड़ियों के मामलों में 144 गाड़ियां जब्त की गई। साथ ही इस अभियान के दौरान एक गाड़ी के अंदर नशीले पदार्थ मिलने पर तिमारपुर थाने में एक एफआईआर भी दर्ज कराई गई। ऑपरेशन चक्रव्यूह को आम कानून मानने वाली जनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया और सराहना मिली है। इस ऑपरेशन ने ट्रैफिक नियमों का पालन करवाने और सड़क अनुशासन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई, सक्रिय पुलिसिंग और जनता के सहयोग से ट्रैफिक के सुरक्षित, सुचारू और अधिक अनुशासित प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ऑन डिमांड कार चोरी करने वाला गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आलोक श्रीवास्तव ऑन डिमांड कार चोरी करता था। आरोपी एक्सीडेंटल गाड़ियों की जानकारी जुटाता था। इसके बाद चोरी की गाड़ियों को एक्सीडेंटल गाड़ियों से बदल देते थे। इसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सात मामले सुलझाने का दावा किया हैं। डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार आलोक श्रीवास्तव अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का मुख्य सदस्य है। रोहिणी कोर्ट भी इसे घोषित बदमाश करार दे चुकी थी। आरोपी एक्सीडेंटल कारों के दस्तावेज हासिल करता था और फिर चोरी की गई कार पर पूरी तरह से एक्सीडेंटल कारों के विवरण में हेरफेर करता था। इसके बाद एक्सीडेंटल कार के दस्तावेजों के आधार पर वह चोरी की कार को बाजार में अच्छी कीमतों पर बेच देता था। जांच में पता चला कि आरोपी अभय सिंह और आलोक श्रीवास्तव ने मोहम्मद अशरफ और रिजवान से एक चोरी की फॉर्च्यूनर कार खरीदी थी। उन्होंने चोरी के वाहन की नंबर प्लेट, इंजन नंबर और चेसिस नंबर बदल दिया था और नई नंबर प्लेट, आरसी और बीमा के कागजात तैयार किए थे। जांच के दौरान अभय सिंह, मोहम्मद अशरफ और रिजवान को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन आरोपी आलोक श्रीवास्तव फरार चल रह था।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुरमीत सिंह, पुत्रः** अमरजीत सिंह, **पताः** 1/9444, मोहन पार्क, शाहदरा, दिल्ली; दूसरा पता :– 1/10706, गली नं. 5, सुभाष पार्क, शाहदरा, दिल्ली तथा **सुखविंदर सिंह, पुत्रः** दलजीत सिंह, **पताः** 1/9444, मोहन पार्क, शाहदरा, दिल्ली; दूसरा पता :– मकान नं. 42, सैफजादा फतेहपुर कॉलोनी, रेलवे रोड, ठंडरा, अमृतसर (पंजाब) ने मुकदमा **FIR No. 78/14 U/s 356/379/511/34 IPC, थानाः फर्श बाज़ार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुरमीत सिंह** तथा **सुखविंदर सिंह** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुरमीत सिंह** तथा **सुखविंदर सिंह** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 78/14 U/s 356/379/511/34 IPC, थानाः फर्श बाज़ार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गुरमीत सिंह** तथा **सुखविंदर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री अखिल मलिक
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–02
कमरा नं. 38, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली


DP/16725/SHD/2025
(Court Matter)

# 'एनएच-44 पर प्रकाश व्यवस्था बदहाल, कोहरे हादसों की संभावना बढ़ी'

### दिल्ली सरकार और एनएचएआई की सुस्ती से बढ़ा हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर सिंघु बॉर्डर से मुकरबा चौक के बीच बदहाल प्रकाश व्यवस्था और सिंघोला गांव के फ्लाईओवर के पास गड्ढा होने के बाद बेहद धीमी गति से राजमार्ग को दुरूस्त करने का कार्य जारी है और इसी कार्य के चलते आने वाले दिनों में घने कोहरे के दौरान गंभीर और जानलेवा सड़क दुर्घटनाएं हो सकती है। बता दें कि दिल्ली देहात इलाके में नरेला विधानसभा क्षेत्र में सिंघोला गांव के फ्लाईओवर के पास सितंबर 2025 के पहले सप्ताह में गड्ढा हो गया था। स्थानीय लोगों



और रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों का कहना है कि गर्मियों के मौसम में किसी तरह काम चल गया, लेकिन अब हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। गड्ढे के चलते बनाए गए डायवर्जन के आसपास न तो पर्याप्त स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं और न ही रात के समय दूर से दिखाई देने वाले रिफ्लेक्टर, बैरिकेड लाइट या चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं। ऐसे में कोहरे के दौरान अचानक सामने आ जाने वाले अवरोधक वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं। बता दें कि बीते रविवार की रात कोहरे के चलते कई जगह यह समस्या सार्वजनिक वाहन चालकों के सामने आई।

### घने कोहरे में दृश्यता हो जाती है बेहद कम

दैनिक आवागमन करने वाले वाहन चालकों का कहना है कि कई स्थानों पर डायवर्जन एकाएक सामने आ जाता है, जिससे तेज रफ्तार वाहनों के संतुलन बिगड़ने की आशंका रहती है। घने कोहरे में दृश्यता पहले से ही बेहद कम होती है और ऐसे में बिना चेतावनी के लगाए गए अवरोधक बड़े हादसों को न्योता दे सकते हैं।

### बिना देरी के की जाए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था

वाहन चालकों और स्थानीय लोगों ने दिल्ली सरकार और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के आला अधिकारियों से मांग की है कि बिना किसी देरी के इस मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए और रात के समय साफ दिखाई देने वाले संकेतक, फ्लैशिंग लाइट और रिफ्लेक्टिव बैरिकेड लगाए जाएं। साथ ही गड्ढे को भरने और सड़क को पूरी तरह सुरक्षित बनाने का कार्य युद्धस्तर पर पूरा किया जाए। जनहित से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में एनएच-44 पर कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की लापरवाही पर ही तय होगी।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धर्मेंद्र, पुत्रः हीरा लाल, निवासीः मकान नंबर 9/14 खिचरीपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 179/2021, U/s: 188 IPC, पुलिस थाना सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **धर्मेंद्र** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **धर्मेंद्र** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली** के अभियुक्त **धर्मेंद्र** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री अदिति राव
जेएमएफसी–07, दक्षिण पूर्व, कमरा नंबर 508,
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/16817/SE/2025

## कोहरे से परेशान दिल्ली, लगातार दूसरे दिन सड़क, रेल व हवाई यातायात रहा बाधित

नई दिल्ली। लगातार दूसरे दिन इस सीजन के घने कोहरे में लिपटी दिल्ली परेशान रही। सघन कोहरे के कारण दृश्यता घटने से दूसरे दिन सोमवार को भी सड़क, रेल व हवाई यातायात बाधित रहा। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार विजिबिलिटी कुछ जगहों पर शून्य से 50 मीटर तक गिर गई। खबरों के अनुसार 40 से अधिक हवाई उड़ाने रद की गई जबकि 200 के करीब उड़ाने प्रभावित हुई। जबकि कोहरे के कारण लगभग 100 के करीब विभिन्न रूटों पर आने जाने वाली रेल सेवाएं प्रभावित हुई। वहीं दिल्ली के कई क्षेत्रों में घने कोहरे के चलते सुबह के समय सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। चालकों को लाइट जलाकर चलने के बाद भी कोहरे की दीवार रोकती रही। जानकारी अनुसार इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ। एयरपोर्ट पर कैट-थ्री पर लो विजिबिलिटी प्रक्रिया लागू की गई, लेकिन फिर भी कई उड़ानें देरी से चलीं। वहीं कुछ कैंसिल हुईं या डायवर्ट करनी पड़ी। रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली एयरपोर्ट पर 200 से अधिक उड़ानें देरी से संचालित हुईं।

## गांवों के विकास के लिए सांसद ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विधायक करतार सिंह तंवर तथा गजेंद्र यादव के साथ सोमवार को अनेक विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि ये विकास कार्य गांवों में किए जा रहे हैं जिससे वहां के लोगों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही डेरा गांव में जननायक श्रद्धेय कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। सांसद बिधूड़ी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का धन्यवाद किया और कहा कि भाजपा सरकार द्वारा गांवों के विकास के लिए 2000 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए गए हैं। उसी राशि से गांवों में ये विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा आयानगर में 5 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सडकों के निर्माण कार्य का भी विधायक करतार सिंह तंवर के साथ उद्घाटन किया। इसी तरह बिधूड़ी ने महरौली गांव में 5 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़कों का भी विधायक गजेंद्र यादव के साथ मिलकर उद्घाटन किया।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **ज्योति डाबास** पत्नी हरीश डाबास, निवासी- आरजेड-एस-162, खसरा नंबर 542, न्यू रोशन पुरा, नजफगढ़, नई दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 73/2022 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम, थाना नजफगढ़, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ज्योति डाबास** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **ज्योति डाबास** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **ज्योति डाबास, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 73/2022 धारा 135 भारतीय विद्युत अधिनियम, थाना नजफगढ़, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.02.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री हरलीन सिंह**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
कोर्ट नंबर 609
द्वारका डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स, नई दिल्ली

DP/16674/DW/2025

### विशेष सदन बैठक में नागरिकों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय : इकबाल

# महापौर ने दिलाई नवनिर्वाचित बारह पार्षदों को शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम की एक विशेष बैठक के दौरान 12 नवनिर्वाचित पार्षदों को एक-एक करके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह निगम पार्षदों तथा निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सभी पार्षदों को शुभकामनाएं दीं तथा सामूहिक प्रयास और सहयोग के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी पार्षदों को समर्पण और एकता के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए, ताकि नागरिक समस्याओं का समाधान किया जा सके और दिल्ली की जनता का कल्याण सुनिश्चित हो। बता दें कि विशेष बैठक का समापन दिल्ली के समग्र विकास के लिए समन्वित रूप से कार्य करने तथा नागरिकों द्वारा अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों में जताए गए विश्वास को बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ।




## बुनियादी कार्यों को प्राथमिकता के बढ़ाया जाएगा

महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम जनसहभागिता को और अधिक मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि निगम द्वारा स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि दिल्ली को एक स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित राजधानी के रूप में स्थापित किया जा सके।

## सदन में जनहित के मुद्दे उठाएंगे पार्षद : नारंग

दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि नारायणा से राजन अरोड़ा, मुंडका से अनिल लाकड़ा और दक्षिणपुरी से रामस्वरूप कनौजिया ने पार्षद पद की शपथ ली। नारंग ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद, तीनों पार्षद जनसेवा व विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे और सदन में जनहित के मुद्दे उठाएंगे। वहीं, तीनों पार्षदों ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के दूरदर्शी नेतृत्व में अपने क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।



## इन 12 नव निर्वाचित पार्षदों ने ग्रहण की शपथ

शालीमार बाग बी वार्ड से अनीता जैन (भाजपा), द्वारका बी वार्ड से मनीषा देवी (भाजपा), विनोद नगर वार्ड से सरला चौधरी (भाजपा), अशोक विहार वार्ड से वीना असीजा (भाजपा), ग्रेटर कैलाश वार्ड से अंजुम मंडल (भाजपा), दिचाऊं कला वार्ड से रेखा रानी (भाजपा), चांदनी चौक वार्ड से सुमन गुप्ता (भाजपा), मुंडका वार्ड से अनिल लाकडा (आप), नारायणा वार्ड से राजन अरोड़ा (आप), दक्षिण पुरी वार्ड से राम स्वरूप कनौजिया (आप), संगम विहार-ए वार्ड से सुरेश चौधरी (कांग्रेस), चांदनी महल वार्ड से मो. इमरान (एआईएफबी) पार्षद ने शपथ ग्रहण की।

## नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य जारी

नई दिल्ली। महापौर ने जानकारी दी कि विशेष बैठक के दौरान नागरिकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम दिल्ली के नागरिकों को सर्वोत्तम श्रेणी की नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। महापौर सिंह ने प्रभावी सेवा वितरण, पारदर्शिता और संवेदनशील प्रशासन पर निगम के फोकस को रेखांकित किया तथा सभी पार्षदों से जनकल्याण और शहरी विकास से जुड़ी पहलों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक/डी.एल.एड. परीक्षा वर्ष 2026 हेतु उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण और आपूर्ति (भिवानी)। | 15.12.2025 22.12.2025 | रु. 2,00,00,000/- | www.bseh.org.in | 9050911877 ascc@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41188/I/88/7 दि. 15.12.25

### ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की टीमों ने 27 ठिकानों पर की छापेमारी

# ‘दिल्ली सरकार ने भागीरथ पैलेस में कई दवा फर्मों के खिलाफ की सख्त कार्रवाई’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- नकली और अवैध दवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई और छापेमारी अभियान जारी रहेंगे : डॉ.पंकज

अवैध ड्रग्स कारोबार के खिलाफ अपनी कार्रवाई और तेज करते हुए दिल्ली सरकार के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने भागीरथ पैलेस में एक स्पेशल इंस्पेक्शन और एनफोर्समेंट ड्राइव चलाया और कई दवा फर्मों पर सख्त कार्रवाई की। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर नकली और अवैध ड्रग्स कारोबार के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई के दौरान ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की टीमों ने इस इलाके में मौजूद थोक दवा विक्रेताओं की 27 ठिकानों पर छापेमारी कर सख्ती से जांच की, जिसमें 10 से ज़्यादा दवा फर्में ड्रग्स रूल्स के नियमों का उल्लंघन करती हुई पाई गईं, जिनके खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट और रूल्स के कड़े प्रावधानों के अंतर्गत दोषी पाए गए फर्मों के खिलाफ आवश्यक जरूरी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं निर्धारित क्वालिटी और सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इंस्पेक्शन के दौरान सिरप, दवाइयों, रूई और अन्य सर्जिकल सामान के लगभग 204 सैंपल एकत्र किए गए, जिनको आगे सैंपल टेस्ट और एनालिसिस के लिए भेजा गया है। दिल्ली के भागीरथ पैलेस में चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान एक दुकान पर बिना वैध लाइसेंस के मेडिकल डिवाइस/सर्जिकल आइटम बेचने का दोषी पाए जाने पर केस दर्ज किया गया, जो मेडिकल डिवाइस रूल्स का साफ उल्लंघन करता पाया गया है। संबंधित फर्म के खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले एक अन्य छापेमारी अभियान में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के साइबर सेल से मिली जानकारी के आधार पर ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट और दिल्ली पुलिस की जॉइंट टीम ने सदर बाजार के तेलीवाड़ा में एक दवा ट्रेडिंग व्यापारिक प्रतिष्ठान पर देर रात छापा मारा। इस ऑपरेशन में एक दवा व्यापारी के पास से बड़ी मात्रा में नकली और मिलावटी दवाएं और एंटी-फंगल क्रीम की बड़ी खेप बरामद की गईं।

छापेमारी के दौरान जांच में पाया गया कि यह जगह बिना वैध ड्रग लाइसेंस के संचालित हो रही थी और इसका इंचार्ज व्यक्ति कोई भी खरीद या बिक्री का वैध रिकॉर्ड पेश नहीं कर सका। फिजिकल वेरिफिकेशन में बिक्री और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए बड़ी मात्रा में नकली ब्रांडेड टॉपिकल फॉर्मुलेशन्स के बड़े स्टॉक भी मिले।

#### नकली दवाओं की आपूर्ति पड़ोसी राज्यों और देशों तक में की जा रही थी

अबतक की शुरुआती जांच में पता चला कि जब्त की गई नकली दवाओं की आपूर्ति आस-पास के राज्यों और पड़ोसी देशों तक में सप्लाई की जा रही थीं। जिसे देखते हुए संबंधित पड़ोसी राज्यों के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट्स को इस गड़बड़ी के बारे में औपचारिक रूप से सूचित कर दिया गया है, ताकि आवश्यक सतर्कता एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

#### स्वास्थ्य मंत्री ने ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की सक्रिय प्रयास की सराहना

ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की सक्रिय प्रयास की सराहना करते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार सख्त रेगुलेटरी निगरानी और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नकली, अवैध और गैरकानूनी तरीके से बेची जाने वाली दवाओं और मेडिकल उपकरणों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए शहर भर में ऐसे सघन अभियान जारी रहेंगे।

#### अवैध रूप से बेची जा रही दवाओं के प्रति हमारी जीरो टॉलरेंस नीति

दिल्ली के माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली के प्रत्येक नागरिक के लिए सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हमारी सरकार की प्राथमिकता है। जिनसे किसी भी हालात में समझौता नहीं किया जा सकता है। मिलावटी और अवैध रूप से बेची जा रही दवाओं और मेडिकल डिवाइस के प्रति हमारी जीरो टॉलरेंस नीति है।

## प्रदूषण के चलते नर्सरी से कक्षा पांच तक कक्षाएं स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- बच्चों का स्वास्थ्य और उनका कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : सूद

दिल्ली में प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए दिल्ली सरकार ने नर्सरी से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए तत्काल प्रभाव से तथा आगामी आदेशों तक व्यक्तिगत रूप से कक्षाएं न लगाने का निर्णय लिया है। शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, दिल्ली के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय नर्सरी से कक्षा पांच तक की कक्षाएं इस अवधि में केवल ऑनलाइन माध्यम से संचालित करेंगे। बच्चों की सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

दिल्ली में खतरनाक स्तर के एक्यूआई को देखते हुए, कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं स्थगित कर उन्हें ऑनलाइन मोड में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। यह वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से छोटे बच्चों की सुरक्षा हेतु एक आवश्यक एवं निवारक कदम है। स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और विद्यार्थियों के हित में आगे और निर्णय लिए जाएंगे।यह निर्णय विशेष रूप से छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जो वायु प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कक्षा पांच से ऊपर की कक्षाएं 13 दिसंबर 2025 को जारी मौजूदा निर्देशों के अनुसार संचालित होती रहेंगी।

सूद ने कहा कि सभी विद्यालय प्रमुखों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा अभिभावकों को संशोधित व्यवस्थाओं की तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। उप निदेशक शिक्षा (जोन/जिला) को भी क्रियान्वयन की निगरानी और सुचारु अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के साथ-साथ उपयुक्त वैकल्पिक माध्यमों के जरिए शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## डीएमआरसी अकादमी ने एल एंड टी इंजीनियरों को सफलतापूर्वक दी चार महीने विशेष ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन अकादमी (डीएमआरसीए) ने बड़ी कंपनी कही जाने वाली लार्सन एंड टर्बो (एल एंड टी) के इंजीनियरों के लिए एक विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया। इस बारे में डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यमुना पार के शास्त्री पार्क में स्थित डीएमआरसीए ने एल एंड टी के लिए खास सिग्नलिंग और टेलीकम्युनिकेशन डिज़ाइन इंजीनियरों के लिए सफलतापूर्वक चार हफ़्ते का कस्टमाइज़्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया। इस कोर्स में साइबर सिक्योरिटी, पैसेंजर इन्फॉर्मेशन सिस्टम, सीसीटीवी और सर्विलांस सिस्टम, रेडियो कम्युनिकेशन, आपदा निवारण प्रणाली, अंतर्राष्ट्रीय मेट्रो सिग्नलिंग मानक, कम्युनिकेशन-बेस्ड ट्रेन कंट्रोल (सीबीटीसी), एलटीई टेक्नोलॉजी, बिना ड्राइवर वाली ट्रेन ऑपरेशन (यूटीओ) जैसे मुख्य क्षेत्रों को शामिल किया गया था। डीएमआरसी के अनुसार अकादमी के एक्सपर्ट के नेतृत्व वाले खास सेशन के साथ, प्रतिभागियों को बड़े पैमाने पर लैब वर्क और ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर (ओसीसी), डिपो और प्रमुख मेट्रो स्टेशनों के दौरे के माध्यम से प्रैक्टिकल अनुभव मिला।

## डीडीए की कर्मयोगी आवास योजना में सरकारी कर्मचारियों को मिलेगी 25 प्रतिशत की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा लॉन्च की गई नई कर्मयोगी आवास योजना में सरकारी कर्मचारियों को 25 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है। यह योजना भी पहले आओ पहले पाओ के आधार पर लागू की गई है। योजना के तहत नरेला के ए1 से ए4 पॉकेट 9 में 1 बीएचके , 2 बीएचके और 3 बीएचके फ्लैट्स उपलब्ध हैं। इस योजना में खास तौर पर सभी सरकारी कर्मचारियों को डीडीए ने सौगात दी है। बेशक कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हो या अभी सेवा में हो। जैसे केंद्र सरकार, राज्य सरकार, पब्लिक सेक्टर के बैंक, पीएसयू यूनिवर्सिटी या ऑटोनॉमस बॉडी में कार्य करने वाले कर्मचारी अधिकारी हो सबको 25 प्रतिशत की छूट का लाभ दिया जाएगा। डीडीए ने इस योजना को विशेष तौर पर सरकारी कर्मचारियों के लिए रिजर्व रखते हुए पूरा हाउसिंग पॉकेट सिर्फ और सिर्फ सरकारी कर्मचारियों के लिए रखा गया है। योजना के तहत डीडीए ने 1 बीएचके के फ्लैट की कीमत सिर्फ 34 लाख रुपये है और इसका एरिया 320 स्क्वायर फीट है।

### नबीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने से भाजपा संगठन को मिलेगी ऊर्जा : रेखा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने और उनके प्रथम दिल्ली आगमन पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व अन्य पार्टी नेताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि नितिन नबीन का संगठनात्मक अनुभव, कर्मठ कार्यशैली और कार्यकर्ताओं के साथ सतत संवाद भाजपा संगठन को और अधिक सशक्त, अनुशासित तथा गतिशील दिशा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व पर नितिन नबीन की नियुक्ति पार्टी नेतृत्व का युवा नेतृत्व पर विश्वास और भरोसे का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में संगठनात्मक संरचना को नई ऊर्जा मिलेगी, साथ ही कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी तथा परिणामोन्मुखी बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नितिन नबीन का राजनीतिक जीवन संगठनात्मक संघर्ष, अनुशासन और निरंतर सक्रियता का उदाहरण रहा है।

# दिल्ली की हरियाली को कानूनी सुरक्षा रेखा सरकार का ऐतिहासिक फैसला



## ‘एक पेड़ माँ के नाम 2.0’: दिल्ली में ग्लोबल मास प्लांटेशन का ऐतिहासिक अभियान

**नई दिल्ली**। दिल्ली को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने ‘एक पेड़ माँ के नाम 2.0’ के तहत वृक्षारोपण अभियान शुरू किया है। इस ऐतिहासिक पहल में राजधानी में पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न विभागों और प्रतिष्ठित दिग्गजों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई है। इस अभियान के तहत सभी ने अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाए। हर पौधा न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि मातृत्व, संवेदना और देशभक्ति का प्रतीक भी बना।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी और मंत्री भी इस अभियान का हिस्सा बने। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि यह अभियान केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए दिल्लीवासियों का जन आंदोलन है। हर पौधा हरियाली, स्वच्छ हवा और जैव विविधता का संदेश लेकर आता है। दिल्ली का ग्रीन कवर अब 25% तक बढ़ चुका है, और यह अभियान वैश्विक स्तर पर लोगों और देशों को मास प्लांटेशन और क्लाइमेट एक्शन के लिए जोड़ता है। इस वृक्षारोपण अभियान ने सभी विभागों, स्कूलों, मोहल्लों और नागरिकों को एक मंच पर लाकर एक साझा जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना पैदा की है। कार्यक्रम में लगाए गए हर पौधे के साथ डेलीगेट का नाम, मातृ नाम और पौधे की प्रजाति अंकित की गई।

इस अभियान ने प्रदूषण नियंत्रण, हरित वायु, जैव विविधता और स्थायी पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए मास प्लांटेशन को वैश्विक पहचान दिलाई। ‘एक पेड़ माँ के नाम 2.0’ अब दिल्ली और वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का प्रतीक बन गया है, जहाँ हर पौधा जनता, प्रशासन और वैश्विक नेतृत्व के सामूहिक प्रयास की कहानी सुनाता है।



### दिल्ली को मिलेगा बाढ़-मुक्त भविष्य : सरकार ने तैयार किया नया ड्रेनेज मास्टर प्लान 2025

दिल्ली सरकार ने इतिहास रचते हुए 50 साल बाद नया ड्रेनेज मास्टर प्लान 2025 पेश किया, जो अगले 30 वर्षों तक राजधानी को बाढ़-मुक्त रखने का रोडमैप तैयार करता है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल और पीडब्ल्यूडी मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह ने इस ऐतिहासिक योजना का संयुक्त रूप से अनावरण किया है। 57,000 करोड़ रुपए के अनुमानित व्यय से तैयार यह योजना दिल्ली के पूरे 18,958 किमी ड्रेनेज नेटवर्क को कवर करेगी। नजफगढ़, बालापुल्ला और ट्रांस यमुना बेसिनों के लिए अलग-अलग मास्टर योजनाओं के साथ, इसका लक्ष्य जलजमाव रोकना, सतही जल भंडारण सुधारना और मुख्य स्टॉर्मवॉटर चैनलों को अपग्रेड करना है। इसके अंतर्गत पुराने और क्षतिग्रस्त सीवर नेटवर्क का आधुनिकीकरण और नए जल प्रबंधन समाधान भी शामिल हैं। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। विस्तृत सर्वेक्षण और सटीक इंजीनियरिंग समाधानों के माध्यम से जलजमाव के कारणों की पहचान कर दिल्ली को भविष्य-सक्षम बुनियादी ढांचे से लैस किया जाएगा। नई दिल्ली अब केवल राजधानी नहीं, बल्कि सुरक्षित, स्मार्ट और बाढ़-मुक्त शहर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। यह ड्रेनेज मास्टर प्लान दिल्लीवासियों के जीवन स्तर में सुधार और शहर के दीर्घकालिक विकास का प्रतीक है।

## पर्यावरण को स्थायी मजबूती प्रदान करने की दिशा में रेखा सरकार ने उठाया निर्णायक और दूरदर्शी कदम

**नई दिल्ली**। दिल्ली को प्रदूषण से राहत देने और पर्यावरण को स्थायी मजबूती प्रदान करने की दिशा में रेखा सरकार ने एक निर्णायक और दूरदर्शी कदम उठाया है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दक्षिणी रिज क्षेत्र के लगभग 41 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। यह फैसला दिल्ली की हरित विरासत को संरक्षण देने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने की मजबूत पहल है। करीब दो दशकों तक उपेक्षित रहे रिज क्षेत्रों को अब कानूनी सुरक्षा मिलेगी। अतिक्रमण पर रोक लगेगी और प्राकृतिक हरियाली को संरक्षित व सघन किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि सरकार की प्राथमिकता केवल संरक्षण नहीं, बल्कि फलदार वृक्षों के माध्यम से पर्यावरण संतुलन को पुनर्स्थापित करना है। नीम, पीपल, शीशम, आम, जामुन और इमली जैसे पेड़ न केवल हवा को शुद्ध करेंगे, बल्कि जैव विविधता और भूमि की उर्वरता को भी बढ़ाएंगे। पर्यावरण मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इसे प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह निर्णय राजधानी की वायु गुणवत्ता सुधारने में प्रभावी भूमिका निभाएगा। यह पहल वैज्ञानिक दृष्टिकोण और भारतीय वन अधिनियम, 1927 के तहत की गई है। रेखा सरकार का यह कदम स्पष्ट संदेश देता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल नीति नहीं, बल्कि जीवन रक्षा की जिम्मेदारी है। दिल्ली अब हरित, संतुलित और स्वस्थ राजधानी बनने की ओर निर्णायक रूप से अग्रसर है।





DIP/Shabdarth/Advertorial/097/25-26

## खबर संक्षेप

### एनसीआरटीसी कर रहा बुक फेयर का आयोजन

**गाजियाबाद।** एनसीआरटीसी बुकटेल्स के साथ मिलकर आनंद



विहार नमो भारत स्टेशन पर एक बुक फेयर का आयोजन कर रहा है। जो यात्रियों को अपने रोज़ाना के सफ़र में किस्से-कहानियों से जुड़ने और अपनी पसंदीदा किताबें देखने, चुनने और ख़रीदकर घर ले जाने का एक अनोखा मौका दे रहा है। 'स्टोरीबॉक्स' नाम का यह बुक फेयर आगामी 21 दिसंबर तक सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आगंतुकों के लिए खुला रहेगा, और लोगों की यात्रा में किस्से-कहानियों का एक नया सिलसिला जोड़ेगा।

### ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग



के नाम पर ठगी करने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 3 मोबाइल फोन, 2 सिम कार्ड, 6 एटीएम कार्ड, 1 आधार कार्ड छाया प्रति व 1 पेन कार्ड छाया प्रति बरामद के किया है। आरोपियों से 4 राज्यों की 6 घटनाओं का खुलासा किया गया है। आरोपियों के नाम शिवम अहिरवार व यश यादव हैं।

### शनि मंदिर के दानपात्र से नगद राशि चोरी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद जिले में एनआईटी 2 के ब्लाक के में तीन



चोर देर रात शनिदेव के मंदिर में पीछे की दीवार में लगी जाली काटकर घुस गए। चोर दान पात्र के कई हजार रूपए की नगदी को चोरी कर ले गए। मामले की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। महिला बिमलेश ने जानकारी देते हुए बताया कि चोर रात के करीब 1 बजे मंदिर में घुसे थे। सुबह जब वह मंदिर में आए, तो देखा कि मंदिर की दीवार में पीछे की तरफ लगी हुई जाली कटी थी।

### महिला को जहर पिलाने का आरोप, हालत गंभीर

**गाजियाबाद।** थानाक्षेत्र के गांव शाहपुर में दहेज में दस लाख रुपए



की मांग पूरी न होने पर महिला को जहरीला पदार्थ देने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पति सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।
वेदप्रकाश त्यागी ने अपनी पुत्री आशु त्यागी की शादी मुरादनगर थानाक्षेत्र के गांव निवासी अंकित त्यागी के साथ की थी।
आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज के लिए प्रताड़ति किए जाने लगा।

## गंभीर व संवेदनशील विषयों पर चर्चा के समय उपस्थित रहे

# कांग्रेस की आदत बन चुकी है लोकसभा से भागना

## भाजपा ने सदैव संसद की गरिमा का सामना किया कांग्रेस सच्चाई का सामना नहीं कर सकती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि संसद देश का सबसे बड़ा, सर्वोच्च और पवित्र लोकतांत्रिक मंच है। जहां राष्ट्रहित से जुड़े प्रत्येक विषय पर संविधान, संसदीय नियमों एवं परंपराओं के अंतर्गत गंभीर, तथ्यात्मक और सार्थक चर्चा की जाती है।

भाजपा ने सदैव संसद की गरिमा का सम्मान किया है और किसी भी विषय पर चर्चा से कभी पीछे नहीं हटी है। लेकिन, इसके विपरीत कांग्रेस पार्टी का इतिहास संसद से भागने, चर्चा से बचने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बाधित करने का रहा है।

***देश की सुरक्षा, सीमाओं की रक्षा, घुसपैठियों और राष्ट्रीय हित जैसे गंभीर व संवेदनशील विषयों पर चर्चा की बारी आती है, कांग्रेस सदन छोड़कर भाग खड़ी होती है।***



त्यागी ने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि जब पं. नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी अथवा सोनिया गांधी से जुड़े विषयों पर सवाल उठे, तब कांग्रेस ने कभी लोकसभा या राज्यसभा का बहिष्कार नहीं किया। लेकिन जैसे ही देश की सुरक्षा, सीमाओं की रक्षा, घुसपैठियों और राष्ट्रीय हित जैसे गंभीर व संवेदनशील विषयों पर चर्चा की बारी आती है, कांग्रेस सदन छोड़कर भाग खड़ी होती है। उन्होंने कहा कि जब सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एसआईआर जैसे अत्यंत गंभीर विषय पर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा फैलाए जा रहे झूठ, भ्रम और अफवाहों की परत-दर-परत पोल खोलनी शुरू की। उसी क्षण राहुल गांधी और कांग्रेस के नेता चर्चा से भाग खड़े हुए। यह पलायन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस के मन में चोर है और वह सच्चाई का सामना नहीं कर सकती।

### लोकतंत्र बहिष्कार से नहीं, बहस से चलता है सदन

भाजपा गुरुग्राम जिला मीडिया प्रभारी हितेश चौधरी, मीडिया सह प्रभारी पियूष सैनी, मीडिया सह प्रभारी राजन एवं मीडिया सह प्रभारी वरुण चौहान ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस पार्टी आज न नीति पर बात करना चाहती है, न राष्ट्रहित पर और न ही तथ्यों के आधार पर कोई जिम्मेदार भूमिका निभाना चाहती है। हंगामा करना, सदन का बहिष्कार करना और जनता को भ्रमित करना ही कांग्रेस की राजनीति का स्थायी चरित्र बन चुका है। लोकतंत्र बहिष्कार से नहीं, बहस से चलता है। देश की जागरूक और समझदार जनता कांग्रेस की इस नकारात्मक, गैर-जिम्मेदार और मर्यादाहीन राजनीति को पहले भी नकार चुकी है और आने वाले समय में भी पूरी तरह नकार देगी।

## मोटा मुनाफा कमाने के इरादे से की थी शराब की डिलीवरी

# 10 करोड़ रुपए की अवैध विदेशी शराब केस में आरोपी कैंटर चालक गिरफ्तार

आरोपी ने मोटा मुनाफा कमाने के इरादे से गढ़ी हरसरू से शराब लोड करके सिग्नेचर टॉवर डिलीवर की थी। जिसमें उसने गोवा की बिल्टी कटवाने के बाद अपने अन्य साथियों के साथ सांठगांठ होकर गुरुग्राम में शराब की डिलीवरी की थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

यहां एक वाइन शॉप से पकड़ी गई अवैध विदेशी शराब के मामले में पुलिस ने शराब डिलीवर करने वाले कैंटर चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मोटा मुनाफा कमाने के इरादे से गढ़ी हरसरू से शराब लोड करके सिग्नेचर टॉवर डिलीवर की थी। जिसमें उसने गोवा की बिल्टी कटवाने के बाद अपने अन्य साथियों के साथ सांठगांठ होकर गुरुग्राम में शराब की डिलीवरी की थी। पुलिस इस केस में आरोपी मैनेजर अजय और शॉप संचालक अंकुश गोयल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोप है कि अंकुश व मैनेजर की देखरेख में ही वाइन शॉप में अवैध विदेशी शराब का जखीरा संग्रहित किया गया था। वहीं 10 करोड़ से अधिक की अवैध विदेशी शराब के मामले में आबकारी विभाग के एक अधिकारी को भी सस्पेंड किया जा चुका है।

दरअसल, आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि सिग्नेचर टॉवर स्थित एल-2 व एल-14ए जेडजीआरई-14 मैसर्ज सुरेंद्र की वाइन शॉप में बिना होलोग्राम एवं ट्रैक-ट्रेस स्ट्रिप्स वाली करोड़ों की विदेशी शराब की 3,921 पेटियां व 176 बोतलें संग्रहित की गई हैं।



### दो कमरों से करोड़ों की शराब बरामद की

जिस पर विभाग की टीम ने मौके पर रेड मारी और दो कमरों से करोड़ों की शराब बरामद की। सेक्टर-40 थाना पुलिस में केस दर्ज कर लिया गया और इस मामले में जांच के लिए डीसीपी क्राइम की अगुवाई में क्राइम ब्रांच व सेक्टर-40 थाना पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की गई। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने आरोपी मैनेजर को गांव सिलोखरा जिला गुरुग्राम से काबू कर लिया। जिसकी पहचान फतेहाबाद निवासी अजय (26) के रूप में हुई थी। वहीं इस केस में आबकारी विभाग के ही एक अधिकारी को सस्पेंड भी किया जा चुका है।

### गोवा की बिल्टी कटवाकर गुरुग्राम में की डिलीवरी

आरोपी से पुलिस पूछताछ में सामने आया कि उसने ही शराब को गढ़ी हरसरू, गुरुग्राम से अपने कैंटर में लोड किया था और गोवा ले जाने की बिल्टी कटवाई थी। लेकिन उसने व इसके अन्य साथियों ने वॉइन शॉप के मालिकों/संचालकों के साथ सांठगांठ करके मोटा मुनाफा कमाने के इरादे से यह शराब वॉइन शॉप पर डिलीवर की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जा से वॉइन डिलीवर करने में प्रयोग को गई कैंटर बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है।

## एक्सप्रेस-वे से सटे अवैध निर्माण तोड़े

**फरीदाबाद।** दिल्ली-वड़ोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे के साथ कैली बाईपास रोड स्थित बनाई गई अवैध कालोनी में मकान व दुकानों पर टाउन एंड कंट्री प्लानर विभाग (डीटीपी) ने कार्रवाई करते हुए तोडफ़ोड़ की। डीटीपी के अनुसार करीब 18 एकड़ में यहां कालोनी बसाई जा रही थी। जिसमें अधिकतर इलाके में दुकान व मकान बने हुए थे।

### संघ की बैठक में डीसी को ज्ञापन सौंपने पर चर्चा

**फरीदाबाद।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ फरीदाबाद की मीटिंग नगर निगम फरीदाबाद के यूनियन कार्यालय में प्रधान नवल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन जिला सचिव लज्जाराम द्वारा किया गया। मीटिंग में फैसला लिया गया कि केंद्र सरकार द्वारा पारित वित्त विधेयक 2025 के खिलाफ 17 दिसंबर को उपायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा तथा राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा। मीटिंग में राज्य के उप प्रधान यूएम खान ने बताया कि केंद्र सरकार आठवें वेतन आयोग में पेंशन रिवीजन निर्धारण करने में आनाकानी कर रही है। इसमें पेंशन पुनरीक्षण किए बिना गैर अंशदायी पेंशन पर होने वाले खर्च का आकलन करने के लिए कहा गया है। यह बिल्कुल नया और अभूतपूर्व है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **विनोद कुमार पांडे, पिता** रवि दुलारे पांडे **पताः** मकान नंबर –12 / 14, गली–2, शास्त्री पार्क नत्थूपुरा, दिल्ली ने **FIR No. 264/2016 U/s 186/332/353 IPC थानाः स्वरूप नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार पांडे,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार पांडे,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 264/2016 U/s 186/332/353 IPC थानाः स्वरूप नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार पांडे,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ज्योति नैन
जेएमएफसी–07, कमरा नंबर 06
रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/16803/ON/2025 (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करण उर्फ राहुल पुत्रः काले उर्फ प्रताप पताः डी–136, जे.जे. कॉलोनी, वजीरपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 552/2024 U/s 25 Arms Act, थानाः केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **करण उर्फ राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण उर्फ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 552/2024 U/s 25 Arms Act, थानाः केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **करण उर्फ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 17.02.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री संयम जैन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
रूम नं. 112, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15977/NW/2025 (Court Matter)

### प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग न करने की अपील

# निगम ने विभिन्न मामलों में किए 132 चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा-निर्देशों पर फरीदाबाद शहर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में स्पेशल सेनिटेशन ऑफिसर एशवीर सिंह की देखरेख में विभिन्न उल्लंघनों पर चालान किए गए। जांच एवं कार्रवाई के दौरान पॉलिथीन उपयोग पर 45, कूड़ा फैलाने पर 50, आग जलाने पर 32, डेयरी संचालन पर 2, मीट शॉप पर 1 तथा ओडी (अन्य उल्लंघन) के तहत 2 चालान किए गए। इस प्रकार कुल 132 चालान किए गए।

### पर्यावरण से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि स्वच्छता एवं पर्यावरण से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील की है कि वे प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग न करें, कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें।

## स्वतंत्रता संग्राम व राष्ट्रीय एकता में सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता

**फरीदाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर देश के प्रथम गृहमंत्री व उप प्रधानमंत्री स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारतीय एकता अखंडता के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने देश की आजादी में बढ़-चढक़र भाग लिया। उनके



योगदान को राष्ट्र भुला नहीं सकता, राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की रियासतों को एक करके एकता अखंडता की एक नई मिसाल पेश की। उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के साथ मिलकर देश की प्रगति के लिए नए आयाम स्थापित किए।

## दिल्ली-वड़ोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हादसा

# फरीदाबाद में सुबह-सुबह धुंध के चलते खड़े कंटेनर में घुसी फोर्ड एंडेवर कार, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले में सुबह 8 बजे के करीब घनी धुंध के चलते दिल्ली-वड़ोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सीकरी के पास तेज स्पीड फोर्ड एंडेवर गाड़ी खड़े कंटेनर में घुस गई। हादसे में कार ड्राइवर सहित एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। सोमवार की अलसुबह फरीदाबाद में घनी धुंध के चलते विजिबिलिटी मात्र 20 मीटर तक ही रह गई। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से उतरते समय एक फोर्ड एंडेवर गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। एक्सप्रेसवे



से मथुरा रोड पर उतरने वाले रोड पर एक बड़ा कंटेनर खड़ा हुआ था। बताया गया है कि कंटेनर में कुछ खराबी होने के कारण वह खड़ा हुआ था। एक्सप्रेसवे से उतरते समय फोर्ड एंडेवर गाड़ी की स्पीड काफी ज्यादा था। घनी धुंध के कारण ड्राइवर रोड पर खड़े कंटेनर को देख नहीं पाया और पीछे से गाड़ी उसमें घुस गई।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | करनाल जिले में असंध में सफीदों असंध कैथल रोड आरडी 158.300 से 0162.050 (एसएच–11) तक सेंट्रल वर्ज में पौधारोपण कार्य का विकास + 3 कार्य। | 12.12.2025 22.12.2025 | 45.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फतेहाबाद | मुंशीवाला माइनर की सफाई + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.12.2025 | 17.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466751554 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | बीआरबी आरडी 140774 जेएलएन फीडर (रोहतक से सोनीपत रोड तक) पर चेन लिंक फेंसिंग की स्थापना + 1 कार्य। | 12.12.2025 19.12.2025 | 10.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 4 | वन विभाग भिवानी | पिल्लर और बार्ब्ड वायर फेंसिंग समेत ईंटों की चारदिवारी के निर्माण हेतु निविदा। | 13.12.2025 22.12.2025 | 113.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416251743 dfo.bhiwani@yahoo.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव खेड़ी बत्तर ब्लॉक चरखी दादरी में खेड़ी बत्तर से कलियाना तक सीमेंट कंक्रीट रास्ता का निर्माण। | 12.12.2025 18.12.2025 | 100.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव चरखी में आईपीबी सहित रास्ता (अड्डा राह) की पेवमेंट, डीएमएफ। | 12.12.2025 18.12.2025 | 99.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव दुपेडी ब्लॉक असंध जिला करनाल में सालवान-असंध रोड निकट स्कूल से पढ़ाना – दुपेडी रोड तक फिरनी के निर्माण हेतु विस्तृत आकलन + 4 कार्य। | 12.12.2025 03.01.2026 | 252.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूह | वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटरलॉग्ड और सेलाइन सोइल का रिक्लेमेशन, – गांव रहिडा, नाहरपुर और हथनगांव ब्लॉक पुन्हाना, जिला नूह। | 11.12.2025 22.12.2025 | 279.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूह | वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटरलॉग्ड और सेलाइन सोइल का रिक्लेमेशन, – गांव ममलिका और गंगवानी ब्लॉक पिंगवान, जिला नूह। | 11.12.2025 22.12.2025 | 134.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूह | वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटरलॉग्ड और सेलाइन सोइल का रिक्लेमेशन, – गांव गोहाना, उमरा, उमरी ब्लॉक नगीना, जिला नूह। | 11.12.2025 22.12.2025 | 620.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गुरूग्राम | गांव तिरपाडी ब्लॉक फर्रुखनगर गुरुग्राम में दादा भैया तालाब के एम्बैंकमेंट की सुरक्षा और सौन्दर्यीकरण। | 12.12.2025 22.12.2025 | 43.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गुरुग्राम | गांव दमदमा में शिव मंदिर तालाब के स्लोप के साथ-साथ एम्बैंकमेंट की पिचिंग। | 12.12.2025 22.12.2025 | 6.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पानीपत | मेन ड्रेन नं. 2 के आरडी 86500 पर पुल का निर्माण (सं. सीएमओएफएफ/जे/2024/004595 के तहत जन संवाद में प्राप्त) | बंद होने की तिथि 31.12.2025 | 376.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 14 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अम्बाला | 2026–27 हेतु परिवहन एवं श्रम और ढुलाई कार्य की पुनर्निविदा का आमंत्रण। | 11.12.2025 21.12.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 8052695954 dfscamb1@gmail.com |
| 15 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पंचकूला | आरएमएस और केएमएस 2026–27 हेतु रायपुर रानी, बावाला और पंचकूला मण्डी परिवहन निविदाएं। | 10.12.2025 18.12.2025 | ईएमडी 11.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722929353 dfscpanchkula2@gmail.com |
| 16 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पंचकूला | आरएमएस और केएमएस 2026–27 हेतु रायपुर रानी, बावाला और पंचकूला मण्डी श्रम एवं ढुलाई निविदाएं। | 10.12.2025 18.12.2025 | ईएमडी 6 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722929353 dfscpanchkula2@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**
पीआरडीएच-11/2026/320/41195/I/88/7 दि. 15.12.25

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष


प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष






# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



## पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

## पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

हरिभूमि सहेली
नई दिल्ली, मंगलवार
16 दिसंबर 2025



# पैरेंटिंग का नया ट्रेंड सख्ती के साथ नरमी भी

समय और समाज में होने वाले परिवर्तन का असर बच्चों और उनके पैरेंट्स पर भी पड़ता है। यही वजह है कि पैरेंटिंग के तरीके में भी नए ट्रेंड देखे जा रहे हैं। नए दौर की पैरेंटिंग सख्ती से अधिक नरम बर्ताव पर यकीन करती है। पैरेंटिंग के नए ट्रेंड्स के बारे में सभी पैरेंट्स को जानना चाहिए।

कवर स्टोरी

**अंशु सिंह**

बच्चों का लालन-पालन यानी पैरेंटिंग की प्रक्रिया निरंतर बदलती रही है। हर युग के सांस्कृतिक, तकनीकी और मनोवैज्ञानिक संदर्भों के अनुरूप इसमें बदलाव आता रहता है। आज जब हम दुनिया में व्याप्त कई तरह की गंभीर चुनौतियों और प्रगति के बीच नई पीढ़ी की परवरिश कर रहे हैं, उसमें पैरेंटिंग के कई नए स्टाइल्स भी ट्रेंड कर रहे हैं। लेकिन आज बच्चों के लिए सबसे अधिक आवश्यक है प्यार और संवेदनशीलता।

## विकसित हो रही हैं नई शैलियां

भारत में बच्चों की परवरिश में हमेशा से परंपराएं, सांस्कृतिक मूल्य और पारिवारिक अपेक्षाएं गहराई से निहित रही हैं। लेकिन जैसे-जैसे जीवनशैली बदल रही है, शहरों का विस्तार हो रहा है, वैश्विक प्रभाव हर घर तक पहुंच रहा है, परवरिश की विविध शैलियां भी विकसित हो रही हैं। आज भारतीय माता-पिता बच्चों के पालन-पोषणमें सदियों पुराने ज्ञान और आधुनिक पैरेंटिंग के बीच संतुलन बनाना सीख रहे हैं। असल में उलझनों और जटिलताओं से भरी इस दुनिया में पैरेंटिंग के ट्रेंड भी बड़े बदलावों से गुजर रहे हैं। अब लड़कियों के लिए गुलाबी और लड़कों के लिए नीले रंग जैसे विचार लगभग पुराने हो चुके हैं। आधुनिक पैरेंट्स इन्हें नकार रहे हैं। ज्यादातर शहरी माता-पिता लैंगिक भेदभाव वाली भाषा का इस्तेमाल करने से बचते हैं। इस तरह वे कपड़ों, खिलौनों के लचीले चयन के जरिए लैंगिक विविधता को अपना रहे हैं और अपने बच्चों को बिना किसी पूर्वाग्रह के अपनी बात कहने की पूरी आजादी भी दे रहे हैं। सवाल है कि आपके परिवार के बच्चों के लिए कौन-सी पैरेंटिंग स्टाइल सही रहेगी, इसके लिए आपको इनके बारे में जानना होगा।



## साइकिल ब्रेकिंग

यह एक ऐसी पैरेंटिंग शैली है, जिसमें पैरेंट्स जान-बूझकर अपने बचपन के नेगेटिव पैटर्न को दोहराने से बचते हैं। कठोर अनुशासन, उपेक्षा या पुरानी मान्यताओं का इस्तेमाल करने के बजाय वे समझ, धैर्य और भावनात्मक समर्थन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। युवा माता-पिता स्वस्थ पारिवारिक वातावरण बनाने और बच्चों को सुरक्षित, आत्मविश्वासी और प्यार महसूस कराने के लिए इस दृष्टिकोण को अपना रहे हैं। वे खुले संवाद, सहानुभूति और सकारात्मक उदाहरण स्थापित करने को प्राथमिकता देते हैं। बाल मनोवैज्ञानिक गीतिका कपूर कहती हैं, 'यदि किसी माता-पिता का पालन-पोषण सख्त माहौल में हुआ है, तो अब वे यह सुनिश्चित करते हैं कि उनके अपने बच्चे के साथ वही सख्ती न दोहराई जाए। वे अलग रास्ता चुन रहे हैं। मेंटल हेल्थ एवं इमोशनल संतुलन के प्रति बढ़ती जागरूकता के साथ माता-पिता मजबूत, खुशहाल परिवार बनाने के लिए इस शैली को अपना रहे हैं।'

## एफएएफओ पैरेंटिंग

फॉरगेट अराउंड एंड फाइंड आउट पैरेंटिंग की यह शैली भले ही इन दिनों ट्रेंड कर रही हो, लेकिन इसके सिद्धांत नए नहीं हैं। फ्लोरिडा के गेंसविले स्थित चाइल्ड्स अकादमी की शिक्षिका रेबेका पैट्रिक कहती हैं, 'बिना किसी हस्तक्षेप के पालन-पोषण की यह शैली मूलतः बच्चों को प्राकृतिक परिणामों से सीखने देने के समान है।' जेनरेशन एक्स के बचपन में भी एफएएफओ एक सामान्य बात थी, बस इसका आकर्षक नाम गायब था। एफएएफओ पैरेंटिंग एक दृढ़, परिणाम-आधारित दृष्टिकोण है, जहां बच्चे चेतावनियों के बजाय वास्तविक दुनिया के परिणामों से सीखते हैं।

## लाइटहाउस पैरेंटिंग

प्रतिष्ठित बाल रोग विशेषज्ञ और लेखक डॉ. केनेथ गिंसबर्ग द्वारा गढ़ी गई, 'लाइटहाउस पैरेंटिंग' एक ऐसा मॉडल है, जो अटूट प्यार और सहयोग के साथ-साथ बच्चों को स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता विकसित करने के लिए आवश्यक स्पेस प्रदान करता है। इसमें पैरेंट्स, लाइटहाउस की तरह निरंतर अपनी प्रेमपूर्ण उपस्थिति बच्चों को प्रदान करते हैं, स्पष्ट मार्गदर्शन देते हैं और दृढ़ सीमाएं निर्धारित करते हैं। पैरेंट्स अपने बच्चे पर भरोसा करते हैं, उनका हौसला बढ़ाते हैं, जिससे कि वह जीवन की लहरों, ठोकरों और गलतियों आदि निपटना सीख जाते हैं। ❁



### पॉपुलर हो रहे हैं नए पैरेंटिंग ट्रेंड्स

- आज पैरेंट्स अपने बच्चों के लिए समग्र स्कूली शिक्षा और भविष्योन्मुखी संस्थानों को प्राथमिकता देते हैं। खासकर, महामारी के बाद से होम स्कूलिंग, हाइब्रिड और 100 प्रतिशत ऑनलाइन स्कूलिंग को व्यापक रूप से स्वीकृति मिली है।
- आधुनिक माता-पिता ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंचने और अपने बच्चे की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करते हैं। इसके अलावा, वे बच्चों के पालन-पोषण के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए भी तकनीक का उपयोग करते हैं।
- आजकल के पैरेंट्स हेल्दी ब्रेकफास्ट के विकल्पों के बारे में जागरूक हैं और बेहतर फूड च्वाइस के लिए इन पर अधिक पैसा खर्च करने को भी तैयार रहते हैं। इसी तरह, खेलकूद, जिम और शारीरिक गतिविधियों में समय बिताना भी एक अच्छा चलन देखा जा रहा है। कई माता-पिता बच्चों को इसके लिए प्रेरित करने लगे हैं।


# सोशल मीडिया पर आपके कमेंट्स बनाते हैं आपकी सोशल इमेज

आप अगर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं तो किसी भी रील या पोस्ट पर कोई कमेंट करने से पहले अच्छी तरह सोच लेना चाहिए। खासतौर पर कोई भी नेगेटिव कमेंट करने से पहले बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसा क्यों जरूरी है, जानिए।

टेक्नो-बिहेवियर

**मधु सिंह**

यह सही है कि सोशल मीडिया बहुत रोमांचक और मनोरंजक प्लेटफॉर्म है। लेकिन कभी-कभी यह आपके लिए तनाव की वजह भी बन सकता है। यह तब होता है, जब आप यहां किसी पोस्ट या रील पर कोई ऐसा कमेंट करती हैं, जो लोगों को रास नहीं आता और लोग आपकी इसके लिए आलोचना करते हैं। कभी-कभी तो बहुत बुरे कमेंट्स भी करते हैं।



## नेगेटिव कमेंट करने की हैबिट

कई लोग तो चैट रूम में सिर्फ लोगों को रोस्ट करने, बेइज्जत करने के लिए ही सक्रिय रहते हैं। बल्कि कहा जाए तो कुछ लोग तो इस लत का शिकार भी होते हैं। ऐसे लोग सोशल मीडिया पर कोई भी ऐसा कंटेंट ढूंढ़ते हैं, जिस पर वे कोई बुरी या अपमानजनक टिप्पणी कर सकें। वे ऐसा कभी-कभार नहीं, बार-बार करते हैं। आप किसी भी फेमस यू-ट्यूब वीडियो, इंस्टाग्राम फोटो, लेख, ब्लॉग, पोस्ट या फेसबुक अपडेट के कमेंट सेक्शन में झांकें तो आपको ऐसे दूसरों को हेट कमेंट देने वाले कोई न कोई व्यक्ति जरूर मिल जाएंगे।

## नेगेटिव कमेंट से बचें

इंटरनेट पर आप किसी से भी असहमत हो सकते हैं। आपको किसी का लुक या उसके विचार पसंद नहीं आ सकते हैं। लेकिन आपको यह नहीं भूलना चाहिए कि आपके कमेंट करने का तरीका आपकी पर्सनालिटी को लोगों के सामने लाकर रखता है। ऐसे में आपका कमेंट बताता है कि आप कितने क्रिएटिव, कितने बुद्धिमान हो? वास्तव में सोशल मीडिया ऐसा माध्यम है, जिसमें कोई एक-दूसरे के सामने नहीं होता है, लेकिन वर्चुअल दुनिया में उनके बीच संवाद का सिलसिला चल रहा होता है। आपका कोई कमेंट या आपके बारे में किया गया कोई कमेंट का पता सबको लग जाता है। इसलिए कोई भी नेगेटिव कमेंट करने से बचना चाहिए।

## धर्म-जाति पर न करें कमेंट

सोशल मीडिया पर कुछ लोग धर्म-जाति पर भी अभद्र कमेंट करते हैं। आपको ऐसे कमेंट देने से पूरी तरह बचना चाहिए। अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में हैं जो ऐसे कमेंट करता है तो उससे भी खुद को अलग कर लेना चाहिए। सोशल मीडिया पर दिखने वाले ऐसे कमेंट्स पर ध्यान न देते हुए उन्हें इग्नोर करना चाहिए। इस तरह आपकी सोशल मीडिया पर अच्छी इमेज बनी रहेगी। ❁



### कमेंट करने से पहले सोच लें

- कमेंट करना और अपना अनुभव साझा करना गलत नहीं है। लेकिन दूसरों की आलोचना से पहले अच्छी तरह सोच लें। क्या आपको लगता है कि जो आप कह रही हैं, उसे कहना बहुत जरूरी है? यह न भूलें कि हर कमेंट से आपकी एक इमेज भी निर्मित होती है।
- कमेंट करने से पहले रुकें और सोचें कि पोस्ट के बारे में आप क्या महसूस कर रही हैं? जो आप लिख रही हैं, उसका उद्देश्य दूसरों के दृष्टिकोण को समझना है या अपनी भावनाओं को व्यक्त करने या उन्हें शांत करने की जरूरत से प्रेरित है?
- अपनी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने के बाद ही सोच-समझकर अपनी प्रतिक्रिया दें।
- किसी पोस्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। क्योंकि जल्दबाजी में लिखे गए शब्द कई बार किसी को नीचा दिखाने के लिए या अपमानित करने के लिए होते हैं।

# ब्रोकन वुमेन सिंड्रोम मन की टूटन, ना हो जीवन पर हावी


कई बार जीवन में ऐसी नकारात्मक परिस्थितियां आ जाती हैं, जिससे मन टूट जाता है। ऐसे में हताश होने के बजाय एक्सपर्ट से कंसल्टेशन और पॉजिटिव अप्रोच से कंडीशन में सुधार हो सकता है।

मेंटल हेल्थ

**शिखर चंद जैन**

नंदिनी का बुझा हुआ चेहरा, बेतरतीब हेयर स्टाइल, फीके और ढीली-ढाली ड्रेस देखकर परिणीता हैरान रह गई। कॉलेज टाइम की सबसे स्मार्ट, तेज-तर्रार लड़की का ये हाल कैसे हो गया? कई साल बाद मार्केट में अचानक मिली नंदिनी को देखकर परिणीता को यकीन नहीं हो रहा था। वह उसे अपने साथ कैफे में ले गई। इत्मीनान से बातचीत करने पर पता चला कि शादी के छह महीने के भीतर ही पति और ससुराल वालों की उपेक्षा और अत्याचार के कारण और बाद में अपने भैया-भाभी द्वारा दुत्कार दिए जाने के बाद वह बहुत दुःखी और परेशान हो गई थी। नंदिनी के माता-पिता तो किशोरावस्था में ही गुजर चुके थे। अब उसे न कोई हौसला देने वाला था, न कोई मदद करने वाला। परिणीता समझ गई कि नंदिनी ब्रोकन वुमेन सिंड्रोम से ग्रस्त हो चुकी है। उसने न केवल नंदिनी को अपने साथ रखा बल्कि साइकिएट्रिस्ट से मिलवाया भी।

**क्या है ब्रोकन वुमेन सिंड्रोम:** ब्रोकन वुमेन सिंड्रोम, एक टर्म है, जिसका प्रयोग अकसर उन महिलाओं के लिए किया जाता है, जो भावनात्मक, मानसिक या शारीरिक रूप से लंबे समय तक दर्दनाक अनुभवों, दुर्व्यवहार, उपेक्षा या सामाजिक दबावों, के कारण गहरे भावनात्मक आघात से गुजरी होती हैं। यह शब्द विशेष रूप से उन महिलाओं की मनःस्थिति को प्रकट करता है, जो अपनी ताकत और लचीलापन दिखाने के बावजूद, आंतरिक रूप से टूटन महसूस करती हैं।



**प्रमुख लक्षण:** ब्रोकन वूमेन सिंड्रोम से ग्रस्त महिलाओं में कई शारीरिक और मानसिक लक्षण दिखते हैं।

- पीड़ित महिला लगातार दुख, निराशा या जीवन में सूनापन महसूस करती है।
- ऐसी महिलाएं छोटी-छोटी बातों पर अत्यधिक भावुक हो जाती हैं या फिर अकसर चुप और गुमसुम रहती हैं।
- इससे प्रभावित महिलाएं खुद को अयोग्य या भीतर से टूट चुका मानने लगती हैं।
- हर मामले में खुद को कमतर समझने लगती हैं।
- खुद के साथ हुए विश्वासघात, दुर्व्यवहार या उपेक्षा के कारण ऐसी महिलाओं को दूसरों पर भरोसा करने में कठिनाई होती है।
- रिश्तों में असुरक्षा की भावना आने लगती है या हरदम परित्याग का डर सताता है। नतीजतन ये दोस्तों, परिवार या सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाने लगती हैं। उन्हें लगता है कि कोई उनकी स्थिति को नहीं समझेगा।
- तनाव के कारण अकसर थकान, सिरदर्द, या पाचन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं।
- नींद में गड़बड़ी या भूख में कमी नजर आने लगती है।

**समस्या के कारण:** विशेषज्ञ बताते हैं कि विशेष रूप से अंतरंग रिश्तों में दुर्व्यवहार, शारीरिक, भावनात्मक या यौन दुर्व्यवहार, सामाजिक दबाव, विवाह, मातृत्व या करियर से जुड़ी अत्यधिक अपेक्षाएं उनको मानसिक रूप से परेशान कर देती हैं। इसके अलावा किसी प्रकार का आघात, प्रियजन की हानि या आर्थिक समस्या के कारण हो सकता है। ❁

**(फोर्टिस हॉस्पिटल, कोलकाता के साइकिएट्रिस्ट डॉ. संजय गर्ग से बातचीत पर आधारित)**

### रोकथाम के उपाय



**मनोवैज्ञानिक परामर्श** और संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी, प्रभावित महिला के नकारात्मक विचार पैटर्न को बदलने में मदद करती है। इसके साथ ही सेल्फ केयर, ध्यान, योग (जैसे प्राणायाम, सूर्य नमस्कार) और नियमित व्यायाम काफी राहत देते हैं। डायरी लेखन या रचनात्मक गतिविधियां जैसे पेंटिंग आदि करने से मन को सुकून मिलता है। आत्म-स्वीकृति यानी यह समझना कि 'टूटा हुआ' महसूस करना कमजोरी नहीं है, यह उपचार की प्रक्रिया को प्रभावी बनाता है। इसके साथ ही आत्म-प्रेम और अपनी उपलब्धियों को महत्व देना बेहद जरूरी है।

# तब हैंड स्किन बनी रहेगी सॉफ्ट



स्किन केयर

**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

हाथों की त्वचा पर हर मौसम का प्रभाव सबसे ज्यादा पड़ता है। धूल, साबुन, पानी, सूखी हवाएं को लगातार सहते हुए इसकी त्वचा रूखी-बेजान हो जाती हैं। सर्दियों में यह समस्या ज्यादा गंभीर रूप धारण कर लेती है। बार-बार साबुन, डिटर्जेंट, पानी और ठंडी हवाओं के संपर्क में आने से हाथों की स्किन लाल, खुरदरी, ड्राय, बेजान या मुरझाई दिखने लगती है। इसकी प्रॉपर केयर जरूरी है।

**मालिश है जरूरी:** कच्चे दूध को कुछ देर के लिए फ्रिज में रख लें फिर जब भी समय मिले तो हाथों पर मल कर धीरे-धीरे मालिश करें। इससे त्वचा मुलायम होगी और त्वचा पर जमी मैल, गंदगी दूर होगी। आप इस प्रक्रिया को रोजाना दो या 1-2 दिन के अंतराल के पर भी कर सकती हैं। स्नान से पहले हाथों पर गुनगुना तेल लगाकर अच्छी तरह मालिश कीजिए, इससे भी हाथों की त्वचा कोमल हो जाती है। इसके लिए आप नारियल तेल, तिल, जैतून या बादाम तेल का उपयोग करें तो ज्यादा बेहतर होगा। नहाने के तत्काल बाद जब आपकी त्वचा गीली हो तो हाथों पर मॉयश्चराइजर-क्रीम लगा लीजिए, इससे भी त्वचा में नमी को बनाए रखने में मदद मिलेगी।



**करती रहें मॉयश्चराइज:** हाथों को मॉयश्चराइज करने के लिए आप होममेड पैक अप्लाई कर सकती हैं। इसको बनाने के लिए बादाम पावडर, दही और चुटकी भर हल्दी का मिश्रण बना लें। फिर हाथों पर लगाकर 30 मिनट बाद इसको ताजे ठंडे पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को आप हफ्ते में दो बार अपना सकती हैं। आजकल बाजार में कई तरह के मॉयश्चराइजर, हैंड क्रीम भी उपलब्ध है। बॉडी लोशन की बजाय हैंड क्रीम हमेशा बेहतर साबित होती है, क्योंकि हैंड क्रीम ज्यादा न्यूट्रीशस होती है। वाटर बेस्ड लोशन के मुकाबले ऑयल बेस्ड क्रीम लगाना कहीं ज्यादा प्रभावी और रहता है। सूखे हाथों पर जैल या मॉयश्चराइजिंग मास्क भी अप्लाई कर सकती हैं। सर्दियों में शावर जैल या ग्लिसरीन युक्त साबुन का प्रयोग बेहतर रहता है। इससे स्किन पर नमी बनी रहती है।

**ये उपाय भी हैं कारगर:** यहां बताए जा रहे उपायों को आजमाकर भी आप अपनी हाथों की त्वचा को कोमल बना सकती हैं।

- दो चम्मच सूर्यमुखी का तेल, दो चम्मच नीबू का रस, तीन चम्मच चीनी को मिलाकर बनाए मिश्रण को हाथों पर लगाकर आधे घंटे बाद हाथों को ताजे साफ पानी से धो डालिए। इसे हफ्ते में तीन बार प्रयोग कर सकती हैं।
- ताजे संतरे की फांकों को एक फॉर्क से भेदकर इन्हें अपने हाथों पर आहिस्ता-आहिस्ता रगड़ने से नमी बनी रहती है।
- चोकर, बेसन, हल्दी पावडर और दूध को मिलाकर पेस्ट बना लीजिए। इस मिश्रण को 20 मिनट तक हाथों पर लगाने के बाद हाथों को ताजे साफ पानी से धोने से लाभ मिलता है। ❁

# इस सीजन में ऐसा हो आपका डाइट प्लान

मौसम बदलने के साथ शरीर को अलग तरह के पोषण की जरूरत होती है। सर्दी के इस मौसम में हेल्दी और एनर्जेटिक बने रहने के लिए आप यहां बताए जा रहे डाइट सजेशंस को फॉलो कर सकती हैं।

डाइट सजेशन

**निकिता चौहान**

सर्दी के मौसम में आमतौर पर सभी की भूख बढ़ जाती है। इस वजह से डाइट का ध्यान न रखने पर वेट बढ़ने का रिस्क रहता है। इस मौसम में पानी भी लोग कम ही पीते हैं। इस वजह से बहुत जल्द बॉडी डिहाइड्रेट भी हो जाती है। दिन छोटे होते हैं, इस वजह से घर-बाहर के काम-काज में बिजी रहने से वे अपने लिए वर्कआउट या एक्सरसाइज के लिए समय नहीं निकाल पाती हैं, जिस कारण महिलाओं का वजन बढ़ने लगता है और हार्मोंस डिसबैलेंस होने लगते हैं। यही नहीं इस मौसम में कमजोरी, जुकाम-खांसी, त्वचा का रूखापन, जोड़ों में दर्द, इम्यूनिटी वीक होने संबंधी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए सर्दी के मौसम में अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना जरूरी है। इससे इस मौसम में होने वाली कई हेल्थ प्रॉब्लम्स से आप बची रहेंगी।

**फॉलो करें ये डाइट रूल्स:** सर्दी के मौसम में हर उम्र की महिलाओं को अपनी डाइट हैबिट में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- ताजा, गर्म और पौष्टिक भोजन ही खाएं।
- मौसमी सब्जियां जैसे पालक, गाजर, चुकंदर, मेथी आदि को अपनी डेली डाइट में शामिल करें।





- गेहूं और चावल के अलावा बाजरा और ज्वार को भी अपनी डाइट में शामिल करें।
- प्रोटीन के लिए अंडे, दालें, पनीर और मेवे भी खाएं।
- टमाटर, स्वीट कॉर्न या ब्रोकली का सूप पीना फायदेमंद है।
- रोजाना हर्बल चाय भी पी सकती हैं।
- विटामिन-सी के लिए संतरा, आंवला और शिमला मिर्च खाएं।
- गुड फैट के लिए देसी घी, अलसी और बादाम का सेवन करें।
- जंक फूड, तला-भुना और पैकेट वाले फूड्स कम खाएं।

**गर्भवती महिलाओं के लिए:** प्रेग्नेंट महिलाओं को भी इस सीजन में अपनी डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बेहतर होगा कि आप अपनी डाइट के लिए डॉक्टर से सलाह लें।

- आयरन, प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर डाइट का सेवन करें।
- घर का बना ताजा और पौष्टिक खाना ही खाएं।
- इस सीजन में डेली हरी सब्जियां, ताजे फल खाएं और दूध जरूर पिएं।
- सूप, राजमा, छोले, खजूर और पालक का सेवन जरूर करें।
- अखरोट और अलसी के बीज खाएं, ये गर्भ में पल रहे बच्चे के दिमाग के लिए फायदेमंद होते हैं।
- दिन भर में 12-15 गिलास पानी जरूर पिएं।
- बहुत ज्यादा मीठे स्नैक्स से बचें।

**50 प्लस महिलाओं के लिए:** बढ़ती उम्र में मौसम के अनुसार महिलाओं की डाइट संबंधी जरूरतें बदल जाती हैं।

- कैल्शियम और विटामिन-डी रिच डाइट जैसे-दूध, दही, तिल, रागी, पालक का सेवन करें।
- बेहतर पाचन के लिए फाइबर वाले खाद्य पदार्थ जैसे-साबुत अनाज, फल और सब्जियां खाएं।
- गर्म सूप और प्रोटीन रिच डाइट शरीर को मजबूत बनाते हैं।
- भिगोए हुए मेवे खाना फायदेमंद है। ❁

**(मदरहुड हॉस्पिटल, एनसीआर की कंसल्टेंट न्यूट्रिशन- डायटेटिक्स डॉ. निव्या विकल से बातचीत पर आधारित)**

## दूरगामी कदमः 6 वर्षों में होगा क्रियान्वयन

# जनवरी 2026 में शुरू होगी यूपी में स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए योगी सरकार एक बड़ा और दूरगामी कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनवरी 2026 में उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य प्रदेश को स्वच्छ, स्वस्थ और आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बनाना है।

परियोजना के शासी निकाय की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्य सचिव करेंगे, जबकि प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव इसके सदस्य होंगे। हाल ही में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई निकाय की बैठक में परियोजना के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

**परियोजना को विश्व बैंक के सहयोग से लागू किया जाएगा। इसका कार्यान्वयन छह वर्षों में होगा। योजना की लागत 2760 करोड़ रुपए है।**



**सीमा-पार प्रदूषण पर भी होगी सख्ती** वायु प्रदूषण में प्रभावी कमी लाने के उद्देश्य से यूपी सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय बढ़ाकर सीमा पार उत्सर्जन से निपटने की रणनीति अपनाएगी, ताकि कम लागत में अधिक प्रभावी और स्थायी परिणाम सुनिश्चित किए जा सकें।

### 10 दिसंबर 2025 को विश्व बैंक के निदेशक मंडल ने इसे स्वीकृति दी

यह परियोजना विश्व बैंक के सहयोग से लागू की जा रही है। 10 दिसंबर 2025 को विश्व बैंक के निदेशक मंडल ने इसे स्वीकृति दी। परियोजना का कुल परिव्यय 2760 करोड़ रुपये (304.66 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है, जिसमें 2714 करोड़ रुपये (299.66 मिलियन डॉलर) का ऋण और 45.29 करोड़ रुपये (5 मिलियन डॉलर) का अनुदान शामिल है। इसे वर्ष 2025 से 2031 तक छह वर्षों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना भारत की पहली वायुक्षेत्र-आधारित वायु गुणवत्ता प्रबंधन परियोजना है, जिसे इंडो-गंगा मैदान में वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह आईआईटी कानपुर, आईआईटी दिल्ली और नॉर्वे के वायु अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक अध्ययनों पर आधारित है।

### स्वच्छ रसोई, परिवहन व उद्योग पर विशेष ध्यान

परियोजना के अंतर्गत लगभग 39 लाख परिवारों को स्वच्छ खाना पकाने के समाधान उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और गोरखपुर में 15 हजार विद्युत चालित तिपहिया वाहन तथा 500 विद्युत चालित बसों का संचालन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 13,500 अधिक प्रदूषण फैलाने वाले भारी वाहनों के स्थान पर स्वच्छ विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र में संसाधन-कुशल ईंट निर्माण तकनीकों और सुरंग भट्टों को प्रोत्साहित किया जाएगा। औद्योगिक समूहों के लिए स्वच्छ वायु प्रबंधन योजनाएं तैयार की जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### मुनीम की चलती बाइक से 85 लाख की लूट



**हापुड़।** हापुड़-गाजियाबाद हाईवे पर घी तेल व्यापारी के मुनीम से तमंचे के बल पर 85 लाख रुपए लूट लिए। बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार अजय पाल घी तेल व्यापारी गोपाल के यहां मुनीम का कार्य करते हैं। वह हापुड़ के दो व्यापारियों से रुपए वसूल कर बाइक से लौट रहे थे। एक से 55 लाख व दूसरे से 30 लाख लेकर वह हाईवे के रास्ते गाजियाबाद जा रहे थे।

### जनाजे में शामिल होने आजम को नहीं मिली पैरोल



**रामपुर।** आजम खां की भाभी का इंतकाल हो गया है। आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला को दफन में शामिल होने के लिए स्वजन ने जिला मजिस्ट्रेट से चार घंटे की पैरोल मांगी थी। जिला मजिस्ट्रेट ने पैरोल नहीं दी। दो पैन कार्ड मामले में आजम खां और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला को 17 नवंबर को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने सात साल के कारावास की सजा सुनाई थी।

## प्रवर्तन निदेशालय ने की कफ सिरप केस की जांच में खुलासा

# 220 संचालकों ने 700 फर्जी फर्मों के जरिए अरबों कमाए

कफ सिरप तस्करी व अवैध कारोबार की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की टीम फर्जी फर्मों से कमाई को देख हैरान है। ईडी ने दावा किया कि यूपी में ऐसा फर्जीवाड़ा पहले कभी नहीं हुआ। कहा कि कफ सिरप रैकेट में 700 से अधिक फर्जी फर्मों के जरिए अरबों कमाई की गई है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

ईडी की तीन प्रदेशों में 40 घंटे से अधिक की छापेमारी में कफ सिरप की काली कमाई का पूरा खेल सामने आ गया। अब तक मिले साक्ष्यों के मुताबिक 220 संचालकों के नाम से 700 से अधिक फर्में बनाई गईं। इनसे अरबों रुपए की कमाई की गई। सबसे दिलचस्प यह रहा कि इसमें अधिकतर फर्में सिर्फ कागजों पर ही रहीं। फर्मों में अधिकृत कई और लोग भी सिर्फ दस्तावेजों में ही पाए गए। ईडी सूत्रों का दावा है कि अभी कई और फर्मों को लेकर साक्ष्य जुटाए जा रहे है। ईडी सामने आए साक्ष्यों के आधार पर जल्दी ही सम्पत्ति जब्त करने की कार्रवाई शुरू करेगी।

यूपी, गुजरात और झारखंड में 25 से अधिक ठिकानों पर हुई जांच में जिस तरह से फर्जीवाड़ा सामने आए, उससे ईडी के अफसर भी हैरत में पड़ गए है। ईडी अपनी जांच में यूपी के अंदर ऐसा फर्जीवाड़ा पहली बार मिलने की बात कह रही है। एक अधिकारी के मुताबिक जिस तरह से कदम-कदम पर फर्जीवाड़ा किया गया, उसने पूरे सिस्टम की भी पोल खोल दी है। फेंसेडिल सिरप बनाने वाली एक कम्पनी के कई अफसरों को इस बारे में पता था लेकिन उन्होंने चुप्पी साधे रखी। एसटीएफ के एएसपी लाल प्रताप सिंह ने अपनी जांच में कहा था कि एक दवा कंपनी के कई अधिकारी भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे।

**खास बातें**
- यूपी, गुजरात और झारखंड में 25 से अधिक ठिकानों पर हुई जांच
- रांची और धनबाद में भी कुछ फर्मों से रकम का आदान-प्रदान हुआ




### ईडी की जांच से ही शुभम, आलोक, अमित पर शिकंजा

एसटीएफ की पिछले साल जांच पूरी होने के बाद भी मास्टर माइंड शुभम जायसवाल, पूर्व सांसद के करीबी आलोक सिंह, अमित टाटा ने खुद को बचाने के लिए कई हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए थे। एसटीएफ ने जब अमित व आलोक को गिरफ्तार किया तो भी इन लोगों को कोई परेशानी नहीं हुई। कोर्ट में ये आरोपी निश्चिंत दिखे थे लेकिन जैसे ही ईडी ने आलोक, अमित और शुभम के ठिकानों पर छापा मारकर साक्ष्य जुटाने शुरू किए, इनके खेमे में खलबली मच गई।

### खातों से भी मिल रहे संदिग्ध लेन-देन, कई और नाम सामने आएंगे

ईडी सूत्रों का दावा है कि दुबई में छिपे मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल, आलोक सिंह, अमित टाटा के अलावा शुभम के पिता भोला प्रसाद जायसवाल के बैंक खातों में कई बड़े लेन-देन मिले हैं। इनमें से कुछ लेन-देन का पूरा ब्योरा नहीं मिल पाया है। फर्मों के नाम से खुले खातों में भी कुछ लेन-देन ऐसे हैं जिनका आगे का ब्योरा नहीं मिल रहा है। रांची और धनबाद में भी कुछ फर्मों से रकम का आदान-प्रदान हुआ है। इन सबको लेकर अभी ब्योरा जुटाया जा रहा है। इसी आधार पर कहा जा रहा है कि अभी कई और नाम के साथ ही कुछ और फर्जी फर्में सामने आएंगी। जीएसटी विभाग से भी इन फर्मों को लेकर सूची मिलने वाली है। इससे भी ईडी जांच का दायरा आगे और बढ़ाएगी।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मार्केटिंग बोर्ड के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# गेट पास से मंडी शुल्क तक की वसूली प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जाएगा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसान सेवा को पर्याय बनाते हुए प्रदेश की मंडियों को ऐसा मॉडल बनाएं जिसका अनुसरण पूरा देश करे। इसके अलावा मंडी शुल्क वसूली, व्यवहार में शत-प्रतिशत ईमानदारी बरतें और किसानों का विश्वास बनाएं। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जाएगा। इसके साथ ही मंडियों को देश की सबसे आधुनिक, पारदर्शी और किसान हितैषी मंडी व्यवस्था बनाई जाए। मुख्यमंत्री मार्केटिंग बोर्ड नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक को अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मार्केट कमेटियों के चेयरमैन एवं वाईस चेयरमैन के अलावा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनियां, डॉ. अर्चना गुप्ता, मुख्यमंत्री के ओएसडी बीबी भारती सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## सम्राट चौधरी का अपराधियों को अल्टीमेटम

# मेरे पास अब एक ही काम है माफियाओं का इलाज करना

एजेंसी ▶▶ गया



बिहार के डिप्टी सीएम सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी फुल फॉर्म में चल रहे हैं। गया में एक कार्यक्रम में खुले मंच से अपराधियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अब मेरे पास सिर्फ एक ही काम है, बिहार के सभी माफिया का इलाज करना है। इसके अलावा दूसरा कोई काम नहीं है।

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन को पूर्ण रूप से स्थापित करना है। वहीं बुलडोजर एक्शन पर उन्होने कहा कि आजकल मैं थोड़ा सफाई अभियान भी चला रहा हूं, अभी तो सड़क की सफाई हो रही है। अगर आपको लगता हो कि किसी अपराधी या माफिया ने सरकारी जमीन का अतिक्रमण किया है, तो आप आवेदन दीजिए 24 घंटे के भीतर उसे ध्वस्त कर देंगे।

### बिहार के बच्चों को नौकरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा

उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि अब बिहार के बच्चों को नौकरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यही वजह है कि राज्य की जनता ने नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताते हुए इतना बड़ा बहुमत दिया। हम राज्य की जनता को भरोसा दिलाते हैं कि अगले पांच वर्षों में बिहार की ऐसी स्थिति बनाना है कि बिहार का कोई बच्चा रोजगार करने के लिए राज्य के बाहर नहीं जाए।

## पेज एक का शेष

### जॉर्डन में प्रधानमंत्री...

से भी पीएम मोदी की मुलाकात हुई। इसके अलावा जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला से भी प्रधानमंत्री की एक अहम बैठक हुई है। जिसमें दोनों देशों के साझा संबंधों के अलावा गाजा और आतंकवाद के मुद्दे पर भी चर्चा की गई है। यहां बता दें कि जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला-द्वितीय बिन अल हुसैन के विशेष निमंत्रण पर पीएम की यह दो दिवसीय यात्रा हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचने के बाद कुछ पोस्ट और वीडियो साझा किए। साथ ही जॉर्डन के प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। पीएम मोदी की पोस्ट के मुताबिक, अम्मान में उतरा, 'हवाई अड्डे पर हार्दिक स्वागत के लिए जॉर्डन के हाशमी साम्राज्य के प्रधानमंत्री जाफर हसन का मैं आभारी हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि यह यात्रा हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी।

**वीडियो से झलकती भारत-जॉर्डन मित्रताः** प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए एक वीडियो संदेश में उन्होंने अम्मान में आयोजित किए गए विशेष स्वागत समारोह की झलकियां दिखाईं। इसके अलावा उन्होंने लिखा कि भारत और जॉर्डन वैश्विक भलाई के लिए साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

### गाजा में शांति-....

मोदी ने कहा कि आज की हमारी यह बैठक दोनों देशों के संबंधों में गति और गहराई एक नया रूप धारण करेगी। हम व्यापार, उर्वरक, डिजिटल तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर और लोगों के बीच संबंधों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक आगे बढ़ाएंगे। वैश्विक स्तर पर भी हम करीबी संपर्क में रहे हैं। गाजा के मामले पर शुरुआत से ही आपकी सक्रिय भूमिका रही है। हम सभी की आशा है कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। आतंकवाद को लेकर भी हमारा साझा स्पष्ट रुख रहा है। आपके नेतृत्व में आतंकवाद, उग्रवाद और चरमपंथ के खिलाफ पूरी मानवता को एक सशक्त और रणनीतिक संदेश दिए हैं। उन्होंने कहा, मॉडरेशन को बढ़ावा देने के लिए आपके प्रयास क्षेत्रीय ही नहीं वैश्विक शांति के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। हम आपसी सहयोग के अन्य आयामों को और सशक्त बनाएंगे। पीएम ने जॉर्डन के किंग के साथ 2015 और 2018 में हुई यात्राओं को भी याद किया।

### सुदृढ़ संबंधों की ....

कि भारत और जॉर्डन संबंधों को सुदृढ़ बनाने में प्रवासी भारतीयों की निरंतर भूमिका के लिए भी मैं आभारी हूं। वहीं, देश के नागरिकों ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात को लेकर अपनी प्रसन्नता जताते हुए कहा कि हम बेसब्री से उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे और अब जब उनसे मुलाकात हो गई है तो बहुत खुशी हो रही है। पीएम ने अपने स्वागत में खड़े प्रवासियों से हाथ जोड़कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। तो वहीं, छोटे बच्चों के साथ वह अपने चिरपरिचित अंदाज में हाथ मिलाते हुए नजर आए।

### इथोपिया, ओमान यात्रा....

देशों के राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने का प्रतीक होगी। मस्कट में, मैं ओमान के महामहिम सुल्तान के साथ अपनी बातचीत का इंतजार कर रहा हूं और हमारी रणनीतिक साझेदारी के साथ-साथ हमारे मजबूत वाणिज्यिक व आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद करता हूं। पीएम ने कहा, मैं ओमान में भारतीय समुदाय को भी संबोधित करूंगा। जिसने देश के विकास और भारत-ओमान साझेदारी को आगे बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### छह बार के विधायक....

गया। संजय सरावगी ने फरवरी 2005, अक्टूबर 2005, 2010, 2015, 2020 और 2025 में दरभंगा विधानसभा क्षेत्र से लगातार छह बार जीत हासिल की। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में सरावगी ने विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार उमेश साहनी को 24,593 वोटों से हराया। दिलचस्प बात यह है कि सरावगी पहली बार फरवरी 2005 में बिहार विधानसभा में पहुंचे थे, जब उन्होंने दरभंगा सीट से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के उम्मीदवार मोहम्मद मुमताज को 14,188 वोटों से हराया था। उन्होंने अक्टूबर 2005 में कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. मदन मोहन झा को 24,983 वोटों से हराकर इस निर्वाचन क्षेत्र को बरकरार रखा। संजय सरावगी ने 2010, 2015 और 2020 में फिर से यह सीट जीती। 2010 में बिहार विधानसभा चुनाव में उन्होंने आरजेडी के सुल्तान अहमद को 27,554 वोटों के अंतर से हराया। 2015 और 2020 में भी उन्होंने आरजेडी के उम्मीदवारों ओम प्रकाश खेरिया और अमर नाथ गामी को हराकर जीत हासिल की। उन्होंने नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में राजस्व और भूमि सुधार मंत्री के रूप में भी कार्य किया। उनकी बेदाग छवि और संगठनात्मक क्षमताओं के कारण पार्टी नेतृत्व ने उन्हें बिहार में भाजपा अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद सौंपे हैं।

### सोशल मीडिया पर ....

हो जाइये। क्योंकि आपकी सोशल मीडिया पर की गई महज एक पोस्ट आपको इससे वंचित कर सकती है। 2025 में भारतीयों द्वारा एच1बी वीजा के लिए किए गए कुल आवेदनों की संख्या तो मौजूद नहीं है। लेकिन पंजीकरणों का अनुमानित आंकड़ा 4 लाख 70 हजार 342 है।

**देश के लिए यूं बना चिंता का सबबः** भारत के दृष्टिकोण से एच1बी वीजा इसलिए खासा महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसके कुल आवेदकों में से 71 फीसदी लाभार्थी भारतीय (खासतौर पर छात्र, पेशेवर, तकनीकी कर्मी) ही होते हैं। पिछले साल 2024 में वीजा के लिए कुल स्वीकृत 4 लाख आवेदनों में से 3 लाख भारतीय थे। अमेरिका ने इस वीजा की शुरुआत वर्ष 1990 में की थी।

**एक विशेषाधिकार है अमेरिका का वीजाः** अमेरिका के विदेश विभाग ने इसी महीने 3 दिसंबर को जारी किए गए अपने आदेश में कहा था कि उनकी इस प्रक्रिया का उद्देश्य सभी एच1बी वीजा आवेदकों और उनके आश्रितों की ऑनलाइन उपस्थिति की जांच की आवश्यकताओं को पूरा करना है। विभाग ने इस संबंध में सभी वीजा आवेदकों और उनके आश्रितों और एफ, एम, जे श्रेणी व एक्सचेंज विजिटर के आवेदकों को अपनी सोशल मीडिया प्राइवेसी सेटिंग को पब्लिक (सार्वजनिक) करने का निर्देश दिया है। विभाग ने ये भी साफ किया है कि अमेरिका का वीजा लेना अधिकार नहीं बल्कि एक विशेषाधिकार है। ऐसे में वीजा जारी करने से पहले गहन जांच पड़ताल करना बेहद जरूरी है। इस कवायद के दौरान हम उन लोगों की पहचान करता है, जो अमेरिका आने के योग्य नहीं हैं या ऐसे लोग जो अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं, उनकी पहचान करने में भी यह मददगार है।

**वीजा देने के बाद भी चलती रहेगी जांचः** बताते चलें कि इस साल मार्च महीने में अमेरिकी प्रशासन ने कहा था कि अमेरिका में वीजा जारी होने के बाद भी वीजा जांच बंद नहीं होगी। हम देश के अंदर भी वीजा धारकों की लगातार जांच करते हैं। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वे सभी अमेरिकी कानूनों और आव्रजन नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। यदि कोई भी वीजा धारक ऐसा नहीं करता है तो हम उनका वीजा रद्द कर देंगे और उसे देश से निकाल देंगे।

### भारत पहली बार ....

मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा शुरू से अंत तक बना रहा। भारतीय टीम की अगुआई दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने की। फाइनल के पहले मुकाबले में जोशना ने हांगकांग की यी ली (वर्ल्ड नंबर-37) को 3-1 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद अभय सिंह ने एलेक्स लाउ को 3-0 से मात दी। निर्णायक मुकाबले में 17 साल की अनाहत सिंह ने टोमेटो हो को 3-0 से हराकर भारत की ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्क्वॉश वर्ल्ड कप जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि एसडीएटी स्क्वॉश वर्ल्ड कप 2025 में पहली बार खिताब जीतकर भारतीय टीम ने इतिहास रचा है। उन्होंने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलावन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की मेहनत, समर्पण और दृढ़ निश्चय की सराहना की और कहा कि यह जीत देश के युवाओं में स्क्वैश की लोकप्रियता बढ़ाएगी।

### श्री राम मंदिर ....

रामविलास दास वेदांती का मंदिर आंदोलन में अहम योगदान रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के गुरु अवैद्यनाथ स्वामी परमहंस के साथ-साथ रामविलास दास वेदांती 90 के दशक में मंदिर आंदोलन के अग्रणी थे। वह 1996 व 1998 में दो बार सांसद भी रहे हैं। वेदांती 12 साल की उम्र में अपना घर छोड़कर अयोध्या आ गए थे और संत से सियासत तक का सफर तय किया। उनका पार्थिव शरीर देर शाम तक अयोध्या लाया गया। मंगलवार की सुबह 10:00 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी शामिल होने की संभावना है। डॉ.वेदांती के निधन पर सीएम योगी ने श्रद्धांजलि दी है। एक्स पर उन्होंने लिखा-श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख स्तंभ, पूर्व सांसद एवं श्री अयोध्या धाम स्थित वशिष्ठ आश्रम के पूज्य संत डॉ. रामविलास वेदांती महाराज का गोलोकगमन आध्यात्मिक जगत और सनातन संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका जाना एक युग का अवसान है। धर्म, समाज व राष्ट्र की सेवा को समर्पित उनका त्यागमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है।

**संत से सियासत तक का सफरः** 1991 में बाबरी विध्वंस के मामले में वेदांती को भी आरोपी बनाया गया था, जिसके बाद उन्हें आक्रमक हिंदुत्व राजनीति को धार देने लगे। भाजपा ने उन्हें जौनपुर-प्रतापगढ़ की विधानसभा सीट को मिलाकर बनी मछली शहर सीट से 1996 में प्रत्याशी बनाया। वेदांती लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बने। इसके बाद 1998 में प्रतापगढ़ सीट चुनाव लड़े और फिर एक बार जीतने में सफर रही। इस तरह 1996 और 1998 में दो बार सांसद रहे।

### देश भर में ....

थे, उनका खुद का वशिष्ठ भवन एक आश्रम भी है। सीएम योगी आदित्यनाथ के गुरु अवैद्यनाथ स्वामी परमहंस के साथ-साथ अस्सी के दशक में डा. रामविलास दास वेदांती राम मंदिर मंदिर आंदोलन से जुड़े गए. लालकृष्ण आडवाणी, मुरलीमनोहर जोशी, उमा भारती, कल्याण सिंह और विनय कटियार के साथ रामविलास वेदांती भी राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख चेहरा हुआ करते थे। देश और प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में रामविलास वेदांती जाकर राम मंदिर आंदोलन की अलख जगाई, जिसके चलते उन्हें एक मजबूत पहचान मिली थी। राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका के चलते उन्हें राम मंदिर जन्मभूमि न्यास का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था।

### राष्ट्रपति भवन में ....

में राष्ट्रपति भवन में तैयार की गई पहली 'पीवीसी गैलरी' का कोई और नहीं बल्कि सर्वोच्च सेनाओं की शीर्ष कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उद्घाटन करेंगी। यह विजय दिवस के अवसर पर महामहिम की ओर से देश के वीर शहीदों को दी जाने वाली एक सच्ची और भावपूर्ण श्रद्धांजलि होगी। रक्षा सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि इसके पूर्व में पीवीसी विजेताओं को लेकर राष्ट्रपति भवन में कोई विशेष गैलरी नहीं थी। लेकिन अब यह बनकर तैयार हो गई है और राष्ट्रपति स्वयं इसका उद्घाटन कर इसे राष्ट्र को समर्पित करेंगी। इस पूरी कवायद का उद्देश्य देश के अलग-अलग भागों से राष्ट्रपति भवन देखने के लिए आने वाले हर खासो आम के साथ ही मुख्य रूप से युवा पीढ़ी को पीवीसी से सम्मानित देश के सर्वोच्च सैन्य योद्धाओं के इतिहास, उनकी शूरवीरता और अमर बलिदान के बारे में जागरूक करते हुए प्रेरित करना है।

**एक विदेशी महिला ने बनाया डिजाइनः** पीवीसी का अर्थ 'परम बहादुर का चक्र' होता है। जिसका डिजाइन स्विट्जरलैंड की रहने वाली एक विदेशी महिला सावित्री बाई खानोलकर (विवाह के बाद बनीं भारतीय) ने बनाया था। यह पदक आकार में एक गोलाकार कांस्य पदक है, जिसका व्यास 3.5 सेमी. है और इसके बीच में देश का राष्ट्रीय प्रतीक अशोक चक्र बना हुआ है। पदक के चारों ओर इंद्र के वज्र के चार प्रतीक बने हुए हैं। जबकि इसके पीछे कमल के फूलों से अलग किए हुए दो खंडों में हिंदी और अंग्रेजी में परमवीर चक्र लिखा हुआ होता है। पदक को बैंगनी रंग के एक रिबन ने जोड़ा जाता है, जिसकी लंबाई 32 मिमी. होती है।

**एनडब्ल्यूएम में दी जाती है श्रद्धांजलिः** गौरतलब है कि राजधानी स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) में भी पीवीसी विजेताओं के लिए अलग से परम योद्धा स्थल नामक एक उद्यान बनाया गया है। जिसमें सभी 21 परमवीर चक्र विजेताओं की कांस्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। आजादी के बाद लड़े गए विभिन्न युद्धों, सैन्य अभियानों में शहादत देने वाले और अपने पराक्रम से दुश्मन को चारों खाने चित कर देने वाले वीर शहीदों की याद में उनके नाम की पट्टिकाएं भी स्मारक में सम्मानपूर्वक लगाई गई हैं। युद्धों, सैन्य अभियानों की वर्षगांठ के मौके पर यहां हर साल प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री मंत्री से लेकर तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी आकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। जबकि विशेष अवसरों पर विदेशी राष्ट्राध्यक्ष भी स्मारक में आकर देश के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। एनडब्ल्यूएम के पूर्व में केंद्र सरकार ने पीवीसी विजेताओं के सम्मान में उनके नाम पर अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण भी किया है।

### पीवीसी पुरस्कार की .....

है। भारतीय सेनाओं के किसी भी अंग (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के अधिकारी, कर्मचारी अथवा रिजर्व बल, परंपरागत सेना के कर्मी इस पुरस्कार के असल पात्र होते हैं। पूर्व समय में पीवीसी को आजादी से पहले ब्रिटिश सेना में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैन्य योद्धाओं को प्रदान किए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान विक्टोरिया क्रास के बराबर माना जाता था।

### ये हैं भारत ....

(1948, मरणोपरांत), सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे (1948, मरणोपरांत), नायक जदुनाथ सिंह (1948, मरणोपरांत), कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह (1948, मरणोपरांत), कैप्टन हवलदार मेजर पीरू सिंह (1948, मरणोपरांत), कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया (1961, मरणोपरांत), मेजर धन सिंह थापा (1962), सूबेदार जोगिंदर सिंह (1962, मरणोपरांत), मेजर शैतान सिंह (1962, मरणोपरांत), कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद (1965, मरणोपरांत), लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर (1965, मरणोपरांत), लांस नायक अल्बर्ट एक्का (1971, मरणोपरांत), फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों (1971, मरणोपरांत), सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल (1971, मरणोपरांत), मेजर होशियार सिंह (1971), नायब सूबेदार बाना सिंह (1987), मेजर रामास्वामी परमेश्वर (1987, मरणोपरांत), कैप्टन मनोज कुमार पांडेय (1999, मरणोपरांत), ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव (1999), राइफलमैन संजय कुमार (1999) और कैप्टन विक्रम बत्रा (1999, मरणोपरांत) शामिल हैं।


## कृषि उपकरण किराए पर उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागबानी विकास केन्द्र सुन्दरह में Custom Hiring Centre के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरणों को किराये पर उपलब्ध कराई जा रही है। किराये पर मशीन प्राप्त करने की प्रक्रिया दिनांक 14 नवम्बर 2025 से प्रारंभ की जा चुकी है। अतः आप सभी को अवगत कराया जाता है कि केन्द्र से किराए पर कृषि उपकरण उक्त दिनांक से लेकर जा सकते है।

कृषि उपकरणों की सूची एवं मूल्य का विवरणः-

| Sr. No. | Machinery/Items | Full day rent (Rs.) (8 hours) | Half day rent (Rs.) (4 hours) |
|---|---|---|---|
| 1. | Power Tiller | 1500/- | 750/- |
| 2. | Rotovator | 1800/- | 900/- |
| 3. | Tractor Mounted Post Hole Digger | 3000/- | 1500/- |
| 4. | Post Hole Digger (Earth Auger) | 800/- | 400/- |
| 5. | Tractor Mounted Spray | 2000/- | 1000/- |
| 6. | Mulch Laying Machine | 1200/- | 600/- |
| 7. | Potato Planter | 8000/- | 4000/- |

**मशीन किराये पर लेने की प्रक्रियाः**
- इच्छुक किसान एकीकृत बागवानी विकास केंद्र, सुन्दरह से 'कृषि मशीन किराये हेतु आवेदन पत्र (Application Form) प्राप्त कर सकते हैं।
- आवेदन पत्र को भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ केंद्र में जमा करें।
- आवेदन की स्वीकृति के पश्चात किसान अपनी सुविधा अनुसार उपलब्ध मशीन की बुकिंग करा सकते हैं।
- मशीन की बुकिंग पहले आओ व पहले पाओ (First Come First Serve) के आधार पर की जाएगी।
- मशीन का किराया केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। किसी भी परिस्थित्ति में नकद (Cash) भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जो भी किसान कृषि उपकरण को किराए पर लेना बाहते है वो दिए गए फोन न0 (9050084871,9828499/93) पर संपर्क कर उक्त उपकरण की बुकिंग करवा सकते है। अधिक जानकारी एवं नियम व शर्तों के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, महेन्द्रगढ़ कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

कृषि उपकरण बुकिंग के लिए आवश्यक दस्तावेजः-
- आधार कार्ड एवं परिवार पहचान पत्र (फैमिली आई. डी), की प्रति
- मेरी फसल मेरा ब्योरा (MFMB) के रजिस्ट्रेशन की प्रति
- केंद्र से प्राप्त आवेदन पत्र (Application Form) duly भरा हुआ

**हस्ता/-उप-निर्देशक उद्यान एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह**
पीआरडीएच - 1149/11/1003/2026/41164/88/7 दि. 15.12.2025

# सेकुलर सियासत का महाभियोग!



न्यायपालिका
मनोज कुमार अग्रवाल

इन दिनों मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश के एक फैसले को लेकर कथित सेकुलरिज्म की झंडाबरदार राजनीति में हलचल मची हुई है। उन्हें एक न्यायाधीश का एक दीप जलाने की इजाजत देने वाला फैसला जहर लग रहा है। दरअसल, न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने पिछले हफ्ते कहा था कि, तमिलनाडु में 13वीं शताब्दी की सिकंदर बादशाह दरगाह के पास एक स्तंभ पर 'दीपक जलाने की परंपरा' को फिर शुरू किया जाए। अब विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के 107 सांसदों ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन को पद से हटाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक महाभियोग प्रस्ताव सौंपा है।

क्या न्यायपालिका को अपनी निष्पक्षता साबित करने के लिए सनातन धर्म और हिन्दू समाज के खिलाफ फैसला देना जरूरी है? क्या इस देश में बहुसंख्यक आस्था के पक्ष में कोई न्यायिक निर्णय देना तथाकथित सेकुलर सियासतदानों की नजर में अपराध है? इन दिनों मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश के एक फैसले को लेकर कथित सेकुलरिज्म की झंडाबरदार राजनीति में हलचल मची हुई है। ये वही सियासतदान हैं, जो अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की सियासती आंच पर रोटी सकते रहे, उन्हें एक न्यायाधीश का एक दीप जलाने की इजाजत देने वाला फैसला जहर लग रहा है। अब विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के 107 सांसदों ने मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन को पद से हटाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक महाभियोग प्रस्ताव सौंपा है। इस प्रस्ताव में कांग्रेस, डीएमके आप, सपा, सीपीआई, सीपीएम, और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) सहित कई प्रमुख दलों के सांसदों के हस्ताक्षर हैं। नियम के अनुसार, किसी जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करने के लिए लोकसभा में कम से कम 100 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है, इंडिया ब्लॉक के 107 सांसदों ने महाभियोग प्रस्ताव पर दस्तखत किए हैं।

बता दें कि इस पूरे राजनीतिक विवाद की पृष्ठभूमि में न्यायमूर्ति स्वामीनाथन का एक फैसला है। पिछले हफ्ते, उन्होंने तमिलनाडु के तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित 6वीं शताब्दी के सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के प्रशासन को एक निर्देश दिया। यह निर्देश था कि 13वीं शताब्दी की सिकंदर बादशाह दरगाह के पास एक स्तंभ पर 'दीपक जलाने की परंपरा' को फिर शुरू किया जाए। जब राज्य सरकार ने विरोध किया और मंदिर प्रबंधन ने पालन नहीं किया तो जज ने अवमानना का आदेश भी जारी किया। न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने अपने आदेशों का पालन न करने पर तमिलनाडु के मुख्य सचिव और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को 17 दिसंबर को कोर्ट में पेश होने के लिए भी तलब किया है। उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा, मैं यहां हाथ उठाकर असहाय होकर यह कहने के लिए नहीं हूं कि, 'हे पिता, उन्हें माफ कर दो, क्योंकि वे नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं।' यह जानबूझकर उल्लंघन है। उन्होंने केओसुबल की रिपोर्ट का संज्ञान लिया, जिसमें बताया गया था कि मदुरै पुलिस आयुक्त ने 200 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ अदालत के आदेश का पालन करने से केओसुबल टुकड़ी को रोका था। दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्टों के 56 पूर्व न्यायाधीशों ने विपक्षी सांसदों द्वारा मद्रास हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जी.आर. स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग की पहल को लेकर आपत्ति व्यक्त की है। पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि यह कदम उन न्यायाधीशों को दबाव में लाने का प्रयास है जो राजनीतिक या वैचारिक उम्मीदों के अनुरूप फैसले नहीं देते। 12 दिसंबर को जारी संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की बुनियाद को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि महाभियोग का इस्तेमाल न्यायिक आचरण की रक्षा के लिए होता है, न कि राजनीतिक हथियार की तरह।



महाभियोग प्रस्ताव के खिलाफ 50 से अधिक पूर्व न्यायाधीशों ने पत्र जारी कर इस कदम की निंदा की। उन्होंने इस कदम को जजों को डराने-धमकाने की खुली कोशिश बताया। पत्र में पूर्व जजों ने इस कोशिश को न्यायपालिका को कमजोर करने वाली लंबी और चिंताजनक राजनीतिक परंपरा का हिस्सा बताया। उन्होंने आपातकाल के बाद तीन वरिष्ठ जजों की सुपरसिडिंग, जस्टिस एचआर खन्ना की उपेक्षा और पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई, एसए बोबडे, डीवाई चंद्रचूड़ और अब सीजेआई सूर्याकांत के खिलाफ चलाए गए राजनीतिक अभियान का उल्लेख किया।

पूर्व न्यायाधीशों ने चेतावनी दी कि महाभियोग जैसे संवैधानिक प्रावधान का इस्तेमाल आर्म-ट्विस्टिंग और बदले की राजनीति के हथियार के रूप में नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, "आज निशाना एक जज है, कल पूरा संस्थान निशाने पर होगा।" पूर्व जजों ने सांसदों, बार काउंसिल, सिविल सोसाइटी और नागरिकों से अपील की है कि इस कदम को शुरुआत में ही रोक दिया जाए, क्योंकि जज संविधान के प्रति जवाबदेह होते हैं, न कि राजनीतिक समूहों की पसंद-नापसंद के प्रति कोई जबाबदेही। बता दें कि तिरुप्परंकुंद्रम हिल पर दीपथून स्तंभ सिकंदर बादुशाह दरगाह के पास है और लंबे समय से संवेदनशील माना जाता रहा है। याचिकाकर्ताओं की मांग पर जज ने 4 दिसंबर शाम 6 बजे तक दीप जलाने का निर्देश दिया। उन्होंने दलील दी कि यह कदम मुस्लिम समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता, लेकिन दीप न जलाने से पहाड़ी पर मंदिर के अधिकार कमजोर हो सकते हैं, क्योंकि वहां कथित अतिक्रमण की शिकायतें उठती रही हैं।

हालांकि तमिलनाडू सरकार ने यह कहते हुए कि इससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है, आदेश लागू करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस और हिंदू संगठनों के बीच झड़पें हुईं। डीएमके ने आरोप लगाया कि जज ने 2017 की डिवीजन बेंच के आदेश को उलट दिया है और उनका निर्देश चुनाव से ठीक पहले सांप्रदायिक तनाव भड़का सकता है। पार्टी नेता टीआर बालू ने लोकसभा में मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि भाजपा राज्य में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रही है। वहीं तमिलनाडू बीजेपी अध्यक्ष नैनार नागेन्द्रन ने कहा कि डीएमके न्यायिक फैसले तभी स्वीकार करती है जब वे उसके हित में हों। भाजपा नेता ने कहा कि जस्टिस स्वामीनाथन ने कोई अपराध नहीं किया और मंदिर व पुलिस प्रशासन की विफलता के कारण ही उन्हें आदेश देना पड़ा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह के महाभियोग प्रयास गलत परंपरा कायम करेंगे और संस्थानों के बीच टकराव को जन्म दे सकते हैं।

आपको पता रहे यह मुद्दा सिर्फ अदालत तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि पिछले हफ्ते लोकसभा में भी बवाल मच गया था। डीएमके सदस्यों ने सदन में विरोध प्रदर्शन करते हुए बीजेपी पर 'सांप्रदायिक तनाव' भड़काने का आरोप लगाया। वहीं, केंद्रीय उपमंत्री एल. मुरुगन ने डीएमके पर 'एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने' का पलटवार किया। डीएमके सांसद टीआर बालू ने सदन में न्यायमूर्ति स्वामीनाथन के 'एक विशेष विचारधारा' के प्रति निष्ठा रखने की आलोचना की, जिस पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने न्यायपालिका पर आक्षेप न लगाने की चेतावनी दी थी। अब स्पीकर ओम बिरला के सामने इन आरोपों की जांच और प्रस्ताव पर निर्णय लेने की बड़ी जिम्मेदारी है। देखना है कि इस मामले का पटाक्षेप किस तरह होता है। इतना तय है कि अब इस देश में तुष्टिकरण की सियासत चलने वाली नहीं है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## चिंतन

# ग्रामीण विकास के लिए 'जी राम जी' की तैयारी

कई क्षेत्रों, योजनाओं, पीएम नरेंद्र मोदी आवास और राजभवनों के नाम बदलने वाली केंद्र सरकार अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) योजना का नाम बदलने जा रही है। अब इसका नाम पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना (विकसित भारत-जी राम जी) हो सकता है। मनरेगा को निरस्त करने और इस संबंध में एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में जल्द विधेयक लाया जा सकता है। इस नए विधेयक का नाम 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025' होगा। विधेयक की प्रतियां लोकसभा सदस्यों को बांट दी गई हैं। इस कदम के पीछे मानना है कि सरकार इसे सिर्फ एक रोजगार गारंटी योजना न मानकर ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण, विकास और एक समृद्ध भविष्य (विकसित भारत 2047) की दिशा में बड़े मिशन के रूप में देख रही है, जिसका मकसद सिर्फ 100 दिन का काम देना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, जिसमें अब अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले हर ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को हर वित्तवर्ष में 125 दिन के रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी। सरकार का कहना है कि मनरेगा में जहां आजीविका सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित था, वहीं 'जी राम जी' में समृद्ध और लचीले ग्रामीण भारत के लिए सशक्तीकरण, विकास, तालमेल और संतृप्ति को बढ़ावा और विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक पर जोर देना है, खेतिहर मजदूरों की उपलब्धता को आसान बनाना है। प्रस्तावित विधेयक के तहत मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक या कार्य पूरा होने के 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि आवेदन के 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध नहीं कराया गया तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी किया गया है। कार्यों को चार प्रमुख क्षेत्रों, जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से जुड़ी अवसंरचना और आपदा-रोधी ढांचे में विभाजित किया गया है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, जियो-टैगिंग, डिजिटल एमआईएस डैशबोर्ड, साप्ताहिक सार्वजनिक खुलासे और सामाजिक अंकेक्षण को अनिवार्य किया है। शिकायत निवारण के लिए बहु-स्तरीय व्यवस्था और जिला स्तर पर लोकपाल की नियुक्ति का भी प्रावधान है। योजना पर अनुमानित वार्षिक व्यय 1.51 लाख करोड़ बताया गया है, जिसमें केंद्र का हिस्सा लगभग 95,692 करोड़ रुपये होगा। बढ़े हुए रोजगार और परिसंपत्तियों के निर्माण से ग्रामीण आय बढ़ेगी, पलायन घटेगा और महिलाएं भी कार्यबल में शामिल होंगी, जिससे ग्रामीण बुनियादी ढांचा और अधिक मजबूत होगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और श्रमिकों की आय पर सकारात्मक असर पड़ेगा, जिससे उनका भविष्य सुधर सकता है। संक्षेप में कहें तो यह बदलाव मनरेगा को एक सतत ग्रामीण विकास और सशक्तिकरण के मिशन में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो ग्रामीण भारत के भविष्य के लिए है, लेकिन नाम बदलना सिर्फ प्रतीकात्मक है, असली बदलाव क्रियान्वयन और पारदर्शिता में ही होगा। ग्रामीण विकास के बाद ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा।

## विरासत

योगेंद्र माथुर



# दीपावली विश्व विरासत घोषित होना सनातन मूल्यों का सम्मान

दीपावली को यूनेस्को द्वारा सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया जाना न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में फैले अप्रवासी भारतीयों के लिए भी गौरव का विषय है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) विश्वभर में मानवता के लिए असाधारण महत्व की मानी जाने वाली सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों की पहचान, संरक्षण और संवर्धन को प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है। यूनेस्को की परिभाषा के अनुसार सांस्कृतिक विरासत में वे प्रथाएं, ज्ञान, अभिव्यक्तियां, वस्तुएं और स्थान शामिल हैं, जिन्हें समुदाय अपनी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा मानते हैं। इस दृष्टि से दीपावली दुनिया के बड़े वर्ग की आस्था व विश्वास की अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण पर्व है। सनातन धर्म परम्परा में दीपावली पर्व मनाए जाने के अनेक प्रसंग हैं, लेकिन मूलतः दो प्रसंग महत्वपूर्ण हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम वनवास के दौरान लंका विजय कर जब अयोध्या लौटे तो अयोध्यावासियों में हर्ष और उल्लास का वातावरण था। उन्होंने अपनी इस भावना का प्रकटन प्रकाश से किया था। घर-घर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रकाश और मंगलगान किया गया। दूसरा प्रसंग है समुद्र मंथन से उत्पन्न लक्ष्मी के आवाहन का। इसी लक्ष्मी के अपने घर आवाहन का पर्व है दीपावली। किसी कवि ने लिखा है, रात भर दिए ने अंधेरे से संघर्ष किया, सुबह उठकर लोगों ने उगते सूरज को ही सलाम किया। तब भी यह दीप जलता है आत्म कुंठा के अंधकार को भगाने के लिए। यह जलता है त्याग का प्रकाश फैलाने के लिए। यह दीप जलता है दुख-दारिद्र्य का अंधियारा मिटाने के लिए। यह दीप जलता है सुख-समृद्धि का उजियारा फैलाने के लिए। यह दीप जलता है परोपकार व सदाचार का पथ आलोकित करने के लिए। दीपक का यह संघर्ष ही तो मानवता का संघर्ष है। संघर्ष अन्याय, अत्याचार व अनाचार के विरुद्ध। भगवान श्री राम ने भी तो यही किया था। दीपावली पर्व संदेश देता है अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का, असत्य पर सत्य की जीत का और मृत्यु से अमृत अर्थात अमरता की ओर बढ़ने का। यूनेस्को का यह महत्वपूर्ण आयोजन दिल्ली के लाल किले में चल रहा है, जिसमें दुनिया के 194 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और यूनेस्को के वैश्विक प्रतिनिधियों की उपस्थिति है। भारत इस आयोजन की पहली बार मेजबानी कर रहा है। अब तक भारत की 15 प्राचीन परंपराएं, कलाएं व सांस्कृतिक आयोजन यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं।

इस सूची में कुंभ मेला, रामलीला, योग, नवरोज ( पारसी समुदाय का त्योहार, मुंबई, गुजरात, अंतराष्ट्रीय स्तर पर ईरान व मध्य एशिया), कुदियाकट्टम, ( केरल ), कालबेलिया नृत्य, चौह छऊ नृत्य (सरायकेला-झारखंड, पुरुलिया-पश्चिम बंगाल, मयूरभंज-उड़ीसा), बौद्ध चैत्य नृत्य, वैद्यकीय परंपराएं-आयुर्वेदिक ज्ञान ( केरल, कर्नाटक, उत्तराखंड, बनारस-उत्तरप्रदेश), रंजीतगढ़ ढोल ( पंजाब विशेषकर रंजीतगढ़ ), गरबा साइंत लोक नाट्य परंपरा ( उत्तरप्रदेश ), मुद्दियेत्तू ( केरल ) छऊ मुखौटा कला (पश्चिम बंगाल, झारखंड, उड़ीसा की मुखौटा निर्माण परंपरा), दुर्गा पूजा उत्सव ( कोलकाता ) शामिल हैं। दीपावली सहित अब यह संख्या 16 हो गई है। हालांकि भारत की प्राचीनता, ऐतिहासिकता व समृद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं की दृष्टि से मात्र 16 परम्पराओं व सांस्कृतिक आयोजनों का यूनेस्को की सूची में शामिल होना ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। किसी भी सांस्कृतिक धरोहर के यूनेस्को की सूची में आने का मतलब उसे वैश्विक पहचान मिलना और लोकप्रियता में वृद्धि होना होता है। इससे दुनियाभर के पर्यटक उसकी तरफ आकर्षित होते हैं, संबंधित देशों में पर्यटन बढ़ता है, संबंधित स्थानीय कलाकारों को नया कार्य मिलता है और इन देशों के अर्थ तंत्र को खासा लाभ पहुंचता है।

यूनेस्को सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने, दस्तावेज तैयार करने और आगे की पीढ़ियों तक पहुंचाने में सहायता या सहयोग करता है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर यूनेस्को आर्थिक व तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराता है। वर्ष 2024 में वैश्विक सर्वेक्षण एजेंसियों के अनुमान के अनुसार इटली में लगभग 7 करोड़ विदेशी पर्यटक पहुंचे थे, जबकि भारत में यह आंकड़ा 1 करोड़ के आसपास ही रहा। तुलनात्मक दृष्टि से हम अत्यधिक पिछड़े हुए हैं। भारत के लिए यह चिंता व चिंतन का विषय होना चाहिए और भारत की अन्य धरोहरों को इस सूची में शामिल कराए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित
## दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

# भक्ति करने का मतलब ये नहीं कि जीवन में दुख नहीं आएंगे



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### आपत्तिजनक कंटेंट नहीं देख पाएंगे किशोर

डिजिटल युग में सोशल मीडिया आज जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं किशोर, जिनकी सोच, मनोवृत्ति और व्यवहार अभी विकसित हो ही रहे हैं। सोशल मीडिया की चकाचौंध में खोए किशोरों के लिए यह प्लेटफॉर्म कभी-कभी सीख का माध्यम तो बनता है, परंतु कई बार यह मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक असंतुलन का कारण भी बन जाता है। इन्हीं चिंताओं को देखते हुए इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि अब 18 वर्ष से कम आयु के किशोर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आपत्तिजनक या अनुचित कंटेंट नहीं देख पाएंगे। यह फैसला केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। *- संकेत वर्मा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### पटेल को हार्दिक श्रद्धांजलि



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 75वीं पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धांजलि। उन्होंने अपना जीवन देश को एकजुट करने में समर्पित कर दिया।' 'कृतज्ञ राष्ट्र एक अविभाजित और सशक्त भारतवर्ष के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को कभी नहीं भूल सकता।' **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### पुण्यतिथि पर नमन



राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, मजबूत भारत के शिल्पकार लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं।' 'सरदार पटेल ने खंड-खंड में बंटे आजाद भारत को तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एकीकृत कर मजबूत राष्ट्र का सुदृढ़ रूप दिया। **-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### आतंकी हमले की निंदा



ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री सीनेटर वोंग से अभी-अभी बात हुई। बॉण्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर गहरी संवेदना व्यक्त की और ऑस्ट्रेलिया को हमारा पूर्ण समर्थन देने की बात की। हम हनुक्का समारोह को निशाना बनाकर किए गए आतंकी हमले की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। **-एस. जयशंकर, विदेश मंत्री**

### यह बड़ी साजिश



यह केवल महात्मा गांधी नरेगा का नाम बदलने की बात नहीं। ये भाजपा-आरएसएस की मनरेगा को ख़त्म करने की साज़िश है। संघ के सौ साल पर गांधी का नाम मिटाना दिखाता है कि जो मोदी जी विदेशी धरती पर बापू को फूल चढ़ाते हैं, वो कितने खोखले हैं। **-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## करंट अफेयर

# भारत ने श्रीलंका में फील्ड अस्पताल संचालन किया बंद

चक्रवात से प्रभावित श्रीलंका में भारत द्वारा स्थापित फील्ड अस्पताल ने अपना मिशन सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अपना संचालन बंद कर दिया है। यहां स्थित भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी। मिशन की तरफ से रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि ऑपरेशन 'सागर बंधु' के तहत भारतीय सेना की शत्रुजीत ब्रिगेड के 78 सदस्यीय एकीकृत टास्क फोर्स के साथ एक पूर्ण विकसित पैरा फील्ड अस्पताल दो दिसंबर को श्रीलंका के लिए एयरलिफ्ट किया गया और कैंडी के पास महियांगनाया में तैनात किया गया ताकि तत्काल चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।



इसमें कहा गया है कि इस सुविधा में प्रतिदिन लगभग 1,000 से 1,200 रोगियों की देखभाल की गयी और अस्पताल आघात प्रबंधन सर्जरी सहित महत्वपूर्ण जीवन रक्षक चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रहा था। विज्ञप्ति में कहा गया, "संचालन के दौरान, अस्पताल ने उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए, कुल 7,176 रोगियों का इलाज किया, 513 छोटी शल्य प्रक्रियाओं को अंजाम दिया और 14 बड़ी सर्जरी की गयीं, जिससे सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक में रोगियों को राहत और आराम मिला।"

## ऑफ बीट

# प्रति दिन मांस खाने से कोलोरेक्टल कैंसर

प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# कब्र... वाली बात पर भड़के नड्डा-रिजिजू, बोले- खरगे समेत पूरी कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांगे माफी

**भाजपा सांसद ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, पर माफी भी मांगी थी**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को लोकसभा में सत्तापक्ष भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच एक दूसरे से माफी मंगवाने को लेकर रस्साकशी हुई। सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा सदस्यों ने कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री के खिलाफ कहे गए अपशब्दों का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से माफी मांगने की बात कही। इस पर दोनों दलों के सदस्यों के बीच नारेबाजी शुरू हो गई। कांग्रेस सदस्य इस बात पर अड़े थे कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह माफी मांगे। कांग्रेस सदस्यों शोरगुल के बीच कहा कि शाह ने संसद में अपने संबोधन के दौरान अपशब्द बोला था, इसलिए वे माफी मांगे। हंगामा ना थमता देख अध्यक्ष ने दोपहर 12 बजे तक सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। इसके बाद जब 12 बजे कार्यवाही शुरू हुई तो माफी के मसले पर फिर दोनों सत्तापक्ष और विपक्ष आमने सामने आ गए। आसन से फिर सदन में हंगामा नहीं करने की बात कही गई। इस पर कांग्रेस के कुछ सदस्य वेल में आ गए। जिसके बाद सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई।

परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने संबंधी विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किया गया, जिस पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने आपत्ति जताई। परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह द्वारा 'भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025' सदन में पेश किया, जिस पर विपक्षी सदस्यों ने शोरगुल किया। विधेयक का उद्देश्य परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 को निरस्त करना है। संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि मीडिया ये क्यों नहीं पूछता कि सरकार खुद सदन की कार्यवाही में बाधा क्यों डाल रहे हैं। मंच पर बिल्कुल ऐसा कुछ नहीं हुआ। फिर पता चला कि जनता में कोई कह रहा है, कोई कार्यकर्ता है या नहीं ये भी नहीं पता। फिर, इसे सदन में क्यों उठाया जा रहा है? सत्ता पक्ष नहीं चाहते कि सदन चले। हमने प्रदूषण पर चर्चा की मांग की थी, लेकिन वे वह भी नहीं कर रहे। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि कांग्रेस के मंच से कोई बात नहीं कही गई। किसी कार्यकर्ता ने कहीं पर कुछ भी कहा हो, वो सदन का मुद्दा कभी नहीं बना। सत्ता पक्ष सदन नहीं चलने दे रहा। प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया गया। प्रदूषण, आतंकवादी हमलों जैसे मुद्दों पर चर्चा नहीं हो रही। सरकार गंभीर नहीं है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कथित रूप से दी गई 'धमकी' के लिए माफी मांगनी चाहिए।

### भाजपा ने जारी किया व्हिप

संसद के शीतकालीन सत्र में अलग-अलग मुद्दों पर घमासान जारी है। इस बीच ये हफ्ता बेहद अहम माना जा रहा। केंद्र सरकार कई बिल इस हफ्ते सदन में पेश कर सकती है। यही वजह है कि लोकसभा में केंद्र की सत्ताधारी पार्टी ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है।

## चुनाव सुधार पर चर्चा के बहाने चले विपक्षी तीर के सामने 'वॉल' की तरह खडे हो गये मेघवाल



जेपी नड्डा ने उठाया मामला

**आज भी होगी चर्चा**

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** राज्यसभा में चुनाव सुधार बोलते हुए विधि एवं न्याय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए उन्हें इस बात की याद दिलायी कि चुनाव में बेहतर सुधार हो, वोटर लिस्ट शुद्ध समय समय पर शुरू हो इसके लिए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के समय एसआईआर का सिलसिला शुरू किया गया जो लालबहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकारों तक हुआ तो इस बार इतना विरोधाभास क्यों पैदा किया जा रहा है? कांग्रेस पार्टी से विधि मंत्री ने पूछा कि आप अपने पसंद के वैसे चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करें जिन पर अन्य संवैधानिक संस्थाओं से उंगली उठी तो वो ठीक, और हमारी सरकार चुनाव आयुक्त नियुक्त करे तो गलत, ऐसा आरोप उचित नहीं।

विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्षी दलों की ओर सवाल उछालते हुए कहा कि जिस चुनाव सुधार के नियमों को बाबा साहेब ने खुद कलमबद्ध किया वैसे संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ खडे होकर आखिर कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष देश में कैसा संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि जिन बाबा साहेब को कांग्रेस पार्टी ने चुनाव हरवाने में कोई कोर कसर नहीं छोडी, जिन बाबा साहेब को कांग्रेस पार्टी ने भारत रत्न से नवाजने से परहेज किया, उन बाबा साहेब का फिर ऐसे विमर्श पैदा कर अपमान करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के इस कदम से देश के दलित बेहद नाराज हैं। केंद्रीय मंत्री ने सदन को बताया कि संसद में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड ने स्वयं ये रूलिंग दी हुई है कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को लेकर सदन में बहस नहीं की जा सकती फिर भी कांग्रेस पार्टी ने एआईआर पर चर्चा के बहाने चुनाव आयोग पर आरोप लगा रही है ये ठीक नहीं। चुनाव सुधार पर राज्यसभा में बहस की शुरूआत एआईएडीएमके के थंबीदुरै ने की। उन्होंने चुनाव सुधार को एक सतत प्रक्रिया बताते हुए कहा कि सदन से किसी भी संवैधानिक संस्था के खिलाफ कोई मैसेज नहीं जाना चाहिए। राजद के संजय यादव, सीपीआई एम के डा. जॉन ब्रिटास, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, तृणमूल के साकेत गोखले, रीताब्रता बनर्जी,कांग्रेस पार्टी के दिगविजय सिंह, अखिलेश सिंह और रणदीप सुरजेवाला, बीजद के निरंजन बिशी, सुलता देव सहित अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने चुनाव सुधार के नाम पर बैलेट पेपर से चुनाव की वकालत की। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाली कमेटी में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने का जिरह किया। खासकर भाजपा के सामिक भट्टाचार्या और तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के बीच बहस में स्थिति यहां तक पहुंच गई कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद वेल में आ गये थे। उपसभापति सस्मित पात्रा ने मामला संभालते हुए दोनों पक्षों को शांत कराया। इस विषय पर पहली बार उच्चसदन में बोलने का अवसर नेशनल कांफ्रेंस के के नवनिर्वाचित सांसद सज्जाद अहमद किचलू को भी मिला। भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को बेहतर बनाने वाली संस्था चुनाव आयोग का जिक्र करते हुए कहा कि समूचे विश्व में हमारी चुनाव प्रणाली की मजबूती की चर्चा होती है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौडा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव सुधार पर बहस कराकर जिस तरह चुनाव आयोग पर तोहमत मढने का काम कर रही है उसे बिल्कुल सही नहीं ठहराया जा सकता।

# सोनिया गांधी देश से मांगे माफी: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली(हरिभूमि ब्यूरो)।** राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार को शुरू होते हुए सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सभा पटल पर पेपर्स रखवाने और विधायी कार्य निपटाने के बाद जैसे ही शून्यकाल के लिए सांसदों के नाम पुकारे सदन के नेता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पार्टी की रविवार को रामलीला मैदान में हुई रैली में प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों के उपयोग पर गहरी नाराजी जतायी। उन्होंने कहा,कांग्रेस पार्टी ने देश में राजनीति का स्तर इतना गिरा दिया है कि राजनीतिक कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के लिए खुलेआम अपशब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सदन के नेता ने कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी से माफी मांगने की अपील की। उन्होंने कहा, सोनिया जी की मौजूदगी में ये सब हुआ इसीलिए उन्हें देश से माफ मांगनी चाहिए। इस पर पक्ष और विपक्ष के बीच तीखे तकरार के बाद सदन की कार्यवाही घंटे भर के लिए सभापति ने स्थगित कर दी। उसके बाद शुरू हुए प्रश्नकाल में एक सवाल के जवाब में नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू ने कहा कि देश की हवाई सेवा को बेहतर बनाने के लिए मंत्रालय समेत सभी स्टेकहोल्डर्स अपनी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यात्रियों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए सख्त गाइडलाइंस हैं। गाइडलाइंस को नहीं मानने या हीलाहवाली करने वाली हवाई कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई का सख्त प्रावधान है। उन्होंने एक दूसरे पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि गुजरात के मेहषाणा की हवाई पट्टी का विकास उडान योजना के अंतर्गत मंत्रालय की इटनरी में है। मेहषाणा मुंबई और मेहषाणा दिल्ली के लिए हवाई सेवा तभी शुरू की जा सकेगी जब इस एयर रूट पर कोई कंपनी मंत्रालय से अनुरोध करती है। उसके बाद राज्य सरकार से बातचीत कर जमीन की उपलब्धता के आधार पर हवाई पट्टी का विस्तार, आधुनिक हवाई अड्डे का निर्माण किया जा सकेगा।

- **कांग्रेसी रैली में पीएम को बोले गये अपशब्दों पर उबला उच्चसदन, पक्ष,**

# विपक्षी दल की मांग : 3 विधेयक संसदीय स्थाई समिति को बेहतर विमर्श के लिए भेजी जाए

**नई दिल्ली(हरिभूमि ब्यूरो )।** राज्यसभा में मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने माँग की है कि तीन अहम और दूरगामी प्रभाव वाले विधेयकों को तुरंत संबंधित स्थायी समिति के पास भेजा जाए ताकि उनके गहन अध्ययन और व्यापक परामर्श के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू हो सके। जयराम की मांग का समर्थन विपक्ष के अन्य नेताओं मे भी करते हुए कहा है कि यह माँग संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की रक्षा के लिये आवश्यक है।

जयराम रमेश ने कहा है कि "हमें उम्मीद है कि सरकार संसदीय परंपराओं और प्रथाओं के अनुरूप इस मांगे को स्वीकार करेगी" और इन विधेयकों पर केवल संक्षिप्त बहस नहीं बल्कि स्थायी समिति स्तर पर विस्तृत विचार-विमर्श होना चाहिए। विरोधी दलों का कहना है कि ये विधेयक बहुत व्यापक दायरे को प्रभावित करेंगे और इनके सामाजिक, आर्थिक तथा संवैधानिक परिणामों पर गहरे विचार और विस्तृत परामर्श जरूरी हैं।

### 1. उच्च शिक्षा आयोग विधेयक

यह विधेयक उच्च शिक्षा के नियमन के ढांचे में बड़ा बदलाव लाने का प्रस्ताव करता है। इसका उद्देश्य तीन अलग-अलग नियामक संस्थाओं — यूजीसी, एआईसीटीई और एनसीटीई को मिलाकर एक एकल उच्च शिक्षा आयोग बनाना है। शासन और नियंत्रण के इस केंद्रीकरण को आलोचक भारी रूप से चुनौती देते हुए कहते हैं कि इससे शैक्षणिक संस्थानों की स्वायत्तता ख़तरे में पड़ सकती है. विपक्ष का तर्क है कि इससे शिक्षा में केंद्रीकरण और बाज़ारीकरण की राह खुल सकती है और संस्थानों के स्वतंत्र निर्णय-निर्माण को कमजोर किया जा सकता है। विद्यापीठ, शिक्षक संगठन और छात्रों के हितैषी समूह भी चेतावनी दे चुके हैं कि इससे विश्वविद्यालयों की प्रशासनिक आज़ादी और अकादमिक गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका है।

### 2. परमाणु ऊर्जा विधेयक

सरकार ने संसद में पेश किया हुआ नया परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025, विधेयक भारतीय परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में बड़े बदलाव का प्रस्ताव रखता है। इसमें पारंपरिक रूप से सरकारी नियंत्रण रहे परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिये खोलने और निवेश के अवसर बढ़ाने का प्रावधान शामिल है। सरकार का तर्क है कि इससे ऊर्जा क्षेत्र में निवेश, तकनीकी उन्नति और क्षमता वृद्धि संभव होगी, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। वहीं विपक्ष इसे जोखिम भरा और संवेदनशील क्षेत्र को खोलने वाला कदम बता रहा है और चाहता है कि इसे स्थायी समिति में भेजकर जोखिम, सुरक्षा, नियमन और जवाबदेही जैसे तत्वों पर विस्तृत अध्ययन किया जाए।

### 3. जी-राम-जी विधेयक

तीसरा विधेयक है जी राम जी विधेयक, जिसे विपक्ष बहुत संवेदनशील सामाजिक व आर्थिक सुधार विधेयक के रूप में देख रहा है। इस विधेयक को लेकर असल में व्यापक विवाद उस योजना से जुड़ा है जिसके तहत मौजूदा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को बदलने का प्रस्ताव है। विपक्ष का आरोप है कि इस विधेयक के नाम हटाने और रूप परिवर्तन से देश के ग्रामीण रोजगार सुरक्षा ढांचे पर असर पड़ेगा और किसानों, मज़दूरों और ग्रामीणों की मूल गारंटी को कमजोर किया जा सकता है। इसलिए वे चाहते हैं कि इस प्रस्ताव को विशेषज्ञों के साथ विस्तृत समीक्षा के लिये स्थायी समिति में भेजा जाए।

### विपक्ष का तर्कः संसद की गरिमा और पारदर्शिता सुनिश्चित हो

विपक्ष का मानना है कि बिना स्थायी समिति के विस्तृत चर्चा और सुझाव लिए ये अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक पारित करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया और पारदर्शिता के सिद्धांतों के विपरीत है। विपक्षी दलों का मानना है कि संसदीय स्थायी समिति में विशेषज्ञ, स्वतंत्र मत और विस्तृत परिप्रेक्ष्य शामिल होने से इन विधेयकों के लंबी अवधि के प्रभावों को समझने में मदद मिलेगी और आम जनता के हितों की रक्षा सुनिश्चित होगी। नेताओं का यह भी कहना है कि "बिना व्यापक विचार के ये विधेयक देश की नीति निर्धारण प्रक्रिया को कमजोर कर सकते हैं" और इसलिए स्थायी समिति में भेजना सर्वोच्च संसदीय परंपा के अनुरूप होगा।

## दिल्ली की जहरीली हवा पर सीजेआई सूर्यकांत ने सख्त लहजे में कहा

# अमीर प्रदूषण फैलाते हैं और गरीब मार झेलते हैं, कल सख्त निर्देश देने के दिए संकेत

**भारत में होने वाली सभी मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से संबंधित हैं**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली। बढ़ती ठंड के साथ दिल्ली में प्रदूषण ने एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ना शुरू कर दिया है। राजधानी के ज्यादातर इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 500 के करीब पहुंच गया है। दिल्ली में प्रदूषण के मद्देनजर अब कनाडा, सिंगापुर और यूके सरीखे कई देशों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण से बुरा हाल हो गया है।

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिगड़ते वायु प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर कल यानी 17 दिसंबर को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पामचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर किया। इस सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कुछ निर्देश जबरन लागू किए जा सकते हैं, लेकिन शहरी महानगरों में लोग गंभीर प्रदूषण के बावजूद अपनी लाइफस्टाइल नहीं बदलना चाहते हैं। इस दौरान एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने कहा कि जब तक यह अदालत कोई निर्देश नहीं देती, अधिकारी पहले से मौजूद प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते हैं। इस पर सीजेआई ने कहा, यह मामला बुधवार को तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष आएगा और इस पर सुनवाई होगी।

**बच्चों में मृत्यु दर में लगभग 100% तक की वृद्धि दर्ज की गई है**





दिल्ली में चौतरफा धुंध

## 10 शहरों में हर साल 34 हजार लोग प्रदूषण से मरते हैं

मनरेगा के अलावा कांग्रेस ने सरकार को प्रदूषण के मुद्दे पर भी कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा, 9 दिसंबर, 2025 को मोदी सरकार ने राज्यसभा में घोषणा की थी कि देश में ऐसा कोई निर्णायक डाटा उपलब्ध नहीं है जिससे यह साबित हो सके कि मृत्यु/बीमारी का सीधा संबंध वायु प्रदूषण से है। कांग्रेस महासचिव के मुताबिक सरकार ने दूसरी बार चौंकाने वाली असंवेदनशीलता दिखाई है। इससे पहले 29 जुलाई 2024 को भी राज्यसभा में यही दावा किया था। उन्होंने आंकड़ों का उल्लेख करते हुए सरकार को घेरा और कहा, लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि भारत में होने वाली सभी मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से संबंधित हैं। केवल 10 शहरों में प्रति वर्ष लगभग 34,000 मौतें हो रही हैं।

### सिंगापुर, यूके और कनाडा ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली में सिंगापुर उच्चायुक्त ने एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से फ्लाइट का स्टेटस चेक करने की अपील की है। उनका कहना है कि प्रदूषण के कारण फ्लाइट रदद हो सकती हैं। यूनाइटेड किंगडम ने भी गर्भवती महिलाओं, दिल और सांस की बीमारी से जूझने वाले लोगों को भारत की यात्रा करने से पहले डॉक्टर की सलाह लेने की सलाह दी है। यूके ने अपनी एडवाइजरी में लिखा, वायु प्रदूषण स स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है।

## कार्यकारी अध्यक्ष का किया अभिनंदन




रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भाजपा मुख्यालय में नव नियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नबीन का किया अभिनंदन

## वायु प्रदूषण के बीच घर बैठे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में होने के कारण दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को बार के सदस्यों और खुद पेश होने वाली पार्टियों को सलाह दी कि जहां भी सुविधाजनक हो, उनके सामने लिस्टेड मामलों में हाइब्रिड तरीके से पेश हों।रजिस्ट्रार जनरल अरुण भारद्वाज द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है, मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए यह निर्देश दिया जाता है कि यदि सुविधाजनक हो, तो बार के सदस्य/खुद पेश होने वाली पार्टियां अदालतों के सामने लिस्टेड अपने मामलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से हाइब्रिड तरीके से पेश हो सकते हैं। यह सलाह ऐसे समय आई है जब दिल्ली की हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' कैटेगरी में बनी रही। सुबह-सुबह ओवरऑल एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 457 तक पहुंच गया और कई इलाकों में 500 के निशान के करीब रिकॉर्ड किया गया। लोग सोमवार को घने कोहरे और कम विजिबिलिटी केबीच अपने दफ्तर जाते दिखे। कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) के स्टेज-4 के तहत सबसे सख्त पाबंदियां लागू कीं है।

**धुंध में हुए 16 हादसों पर जताई चिंता, कहा- मैंने पहले ही केंद्र सरकार को चेताया था**

# सांसद कुमारी सैलजा ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने की उठाई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने धुंध की वजह से हो रहे सड़क हादसों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। सैलजा ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा किसी भी जिम्मेदार सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आशा जताई कि केंद्र सरकार इस गंभीर स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में जल्द ठोस कदम उठाएगी।

मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि उन्होंने पहले ही भारत सरकार को सुझाव दिया था कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर मजबूत प्रकाश व्यवस्था की जाए, ताकि धुंध वाले दिनों में दृश्यता बनी रहे और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। लेकिन आवश्यक कदम न उठाए जाने के कारण आज इतनी बड़ी संख्या में हादसे सामने आए हैं। सांसद ने कहा कि सर्दी की पहली धुंध ने ही सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। 16 हादसों में 106 वाहन टकराना और करोड़ों रुपये का नुकसान होना प्रशासनिक लापरवाही की ओर संकेत करता है। पांच परिवारों ने अपने परिजन खो दिए और 103 से अधिक लोग घायल हुए यह स्थिति बेहद गंभीर है। सांसद ने कहा कि सरकार को बिना किसी देरी के तत्काल आदेश जारी करना चाहिए कि जहां-जहां हाई-मास्ट व स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। खराब रोशनी सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रही है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि तेज रफ्तार वाले मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता है। जहां दृश्यता कम होती है, वहां नई स्ट्रीट लाइटें लगाकर सड़क सुरक्षा को उच्च स्तर पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इन स्थानों का जल्द सर्वे कराकर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। सांसद ने यह भी कहा कि कोहरे के दिनों में ट्रैफिक प्रबंधन के लिए विशेष प्रोटोकॉल लागू किए जाएं। चेतावनी संकेत, स्पीड कंट्रोल व्यवस्था और पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। सांसद ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा किसी भी जिम्मेदार सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आशा जताई कि केंद्र सरकार इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जल्द ठोस कदम उठाएगी।

## प्रेस काफ्रेंस में नेताओं ने लगाए कई आरोप

# सिंगरौली खदान पर कांग्रेस का हल्ला बोल, चौधरी, पटवारी, सिंघार ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली में नियमों का उल्लंघन कर अडानी समूह को कोयला खदानें देने और छह लाख पेड़ काटे जाने को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि सरकार ने 204 करोड़ रुपये में पूरा जंगल अडानी को सौंप दिया, जबकि वहां 11 लाख करोड़ रु. से ज्यादा का कोयला है।

नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता विपक्ष उमंग सिंघार, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक पेड़ मां के नाम का नारा देते हैं, वहीं दूसरी तरफ उनकी सरकार पर्यावरण और आदिवासियों के अधिकारों को कुचलकर अडानी को हजारों पेड़ काटने की खुली छूट दे रही है। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन, डॉ. विक्रांत भूरिया, मोहन मरकाम, बाला बच्चन, हिना कांवरे, ओमकार मरकाम और रणविजय सिंह लोचब भी मौजूद थे।

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि आदिवासी अधिकारों और पर्यावरण को रौंदने वाली इस पूरी संस्थागत धोखाधड़ी की तुरंत जांच की जाए और अडानी को दी गई खदानें तत्काल रद्द की जाएं। इस दौरान जमीनों से जबरन बेदखल किए गए पीड़ितों ने अपनी पीड़ा भी सुनाई गई। उमंग सिंघार ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हसदेव को तबाह करने के बाद अब मध्य प्रदेश के सिंगरौली में अडानी को खनन के लिए सुलियारी (अंडरग्राउंड माइनिंग) और धिरौली (ओपन माइनिंग) ब्लॉक दिए गए हैं। इनके लिए अडानी को 2,672 हेक्टेयर जमीन दी गई है, जिसके लिए करीब छह लाख पेड़ काटे जा रहे हैं। उन्होंने इसे संस्थागत धोखाधड़ी बताया और कहा कि खदान, उसका संचालन और कोयला उत्पादन सब अडानी के हाथ में है। सरकार ने 204 करोड़ रुपये में पूरा जंगल अडानी को सौंप दिया, जबकि वहां 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कोयला है। सिंघार ने कहा कि अडानी को जमीन देने के लिए पर्यावरण, वन्यजीव, भूमि अधिग्रहण कानूनों सहित आदिवासियों से जुड़े कई नियमों का घोर उल्लंघन हुआ है। उन्होंने बताया कि सामाजिक सर्वे में सभी को एक ही नियम में शामिल कर लिया गया, जबकि आदिवासियों के लिए अलग से सर्वे होता है। आज तक नहीं बताया गया कि किसे कितना मुआवजा मिला। 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को दरकिनार कर कोल बियरिंग एरिया एक्ट का इस्तेमाल किया गया, जिससे सरकार जबरन जमीन ले सकती है। पेसा कानून का पालन नहीं किया गया और ग्राम पंचायतों से अनुमति नहीं ली गई। सिंघार ने कहा कि केंद्र सरकार लोकसभा में कहती है कि यह क्षेत्र पांचवीं अनुसूची में आता है, जबकि मध्य प्रदेश सरकार इससे इनकार करती है। 1977 में सिंगरौली जिला बनने पर यह आदिवासी बहुल क्षेत्र पांचवीं अनुसूची में था, लेकिन जब खदान अडानी को देनी थी, तो उस इलाके को पांचवीं अनुसूची से हटा दिया गया। सरकार पर अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए नियम बदलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने पूछा कि क्या यह एक सोची-समझी साजिश नहीं थी? उन्होंने आगे कहा कि राज्य की आदिवासी परामर्श समिति की कोई बैठक नहीं बुलाई गई। वन्यजीव नियमों को बदलकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया गया। 2,500 हेक्टेयर जमीन में से सिर्फ 554 हेक्टेयर का सर्वे किया गया, बाकी का कोई डेटा पोर्टल पर नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा गठित फैक्ट फाइंडिंग समिति ने पाया कि जिन आदिवासियों की जमीनें ली गई हैं, उनको मुआवजा नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी लोगों ने आदिवासियों के नाम पर किराए के कागजात बनवा लिए और उन्हीं के नाम से 50 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक की रकम अपने खातों में डलवा ली। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश में देश की सबसे बड़ी आदिवासी आबादी और जंगल क्षेत्र है। यहां कानून है कि कोई गैर-आदिवासी आदिवासी की जमीन नहीं खरीद सकता, लेकिन सरकार ने 1,46,000 हेक्टेयर जमीन खनिज माफियाओं को दे दी। पिछले चार साल में 1,30,000 हेक्टेयर आदिवासी जमीन बेची गई है। भाजपा सरकार ने पांच हजार से ज्यादा खदानें नियमों को ताक पर रखकर आवंटित की हैं। पटवारी ने कहा कि इस क्षेत्र में आदिवासी, मीडिया, जनप्रतिनिधि नहीं जा सकते, वहां पुलिस का पहरा है और उधर जाने पर मुकदमा हो जाता है। उन्होंने यह दावा भी किया कि सिंगरौली में कम से कम एक हजार लोग अडानी के ट्रकों से कुचलकर मारे गए हैं और इन मामलों को दबाने के लिए क्षेत्र में करीब 40 पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री समेत पूरा तंत्र अडानी के कदमों में लेटा हुआ है। प्रधानमंत्री ने अमीर दोस्तों के चक्कर में मध्य प्रदेश में जो बंदरबांट की है, उसे कांग्रेस उजागर करेगी।

## पेट की बीमारियों के लिए धौति योग 50 वर्षों से प्रभावी

**नई दिल्ली।** अगर आप बीमार नहीं पड़ना चाहते, तो पेट साफ़ रखना जरूरी है। इसी दृष्टि से प्राचीन योग विज्ञान के आधार पर जिस चूर्ण को संशोधित और विकसित किया गया है, वह है धौति योग पिछले 50 वर्षों से यह धौति योग आज के आधुनिक लोगों के लिए उपयोगी बना हुआ है। प्राचीन काल के लोगों के लिए अत्यंत आवश्यक यह चूर्ण अब आज के आधुनिक लोगों के लिए गोलियों के रूप में भी उपलब्ध है। बिना किसी दुष्प्रभाव वाला यह धौतियोग चूर्ण पेट की बीमारियों, अपच, गैस आदि के लिए रामबाण औषधि बन गया है। यह आंतों को साफ़ करता है, पेट में जमे मल के पत्थरों को तोड़ता है और आंतोंमें फंसे मल के साथ पेट को भी साफ़ करता है।

## बीएचईएल ने 109.98 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश भुगतान किया

**नई दिल्ली।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने भारत सरकार को वर्ष 2024-25 के लिए 109.98 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया है। इस संबंध में, भारत सरकार द्वारा धारित इक्विटी (63.17%) पर अंतिम लाभांश के लिए एक चेक, श्री एच.डी. कुमारस्वामी, माननीय केंद्रीय मंत्री (भारी उद्योग एवं इस्पात) को श्री के. सदाशिव मूर्ति, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल द्वारा, श्री कामरान रिजवी, सचिव (एचआई) की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर बीएचईएल के निदेशक और भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## संगीत लाइसेंसिंग पर जारी सार्वजनिक सूचना वापस ली

**नई दिल्ली।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी ) ने 24 जुलाई 2023 को जारी अपनी वह सार्वजनिक सूचना वापस ले ली है, जिसमें विवाह और उससे जुड़े आयोजनों के लिए संगीत लाइसेंसिंग शुल्क में छूट दी गई थी। यह निर्णय उन अपीलों के चलते लिया गया है जो संगीत कॉपीराइट अधिकारों से संबंधित नवंक्स कम्युनिकेशन्स पीवीटी एलटीडी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में लंबित हैं। सार्वजनिक सूचना की यह वापसी नवंक्स कम्युनिकेशन्स के कॉपीराइट अधिकारों को एक बार फिर मजबूत करती है।

# छोटे मूल्य वाले नोटों की भारी किल्लत, लोग परेशान

**रिजर्व बैंक कर्मचारी संघ ने जताई गंभीर चिंता, 10, 20 और 50 रुपए की उपलब्धता लगभग नगण्य**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अखिल भारतीय रिजर्व बैंक कर्मचारी संघ (एआईआरबीईए) ने छोटे मूल्य वाले नोटों की देशभर में 'गंभीर किल्लत' पर चिंता जताते हुए सोमवार को कहा कि इससे आम लोगों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और छोटे कारोबार भी प्रभावित हो रहे हैं।

एआईआरबीईए ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को भेजे एक पत्र में दावा किया कि 10, 20 और 50 रुपये के नोट की उपलब्धता देश के कई हिस्सों, खासकर कस्बों एवं ग्रामीण इलाकों में लगभग नगण्य है। हालांकि इन इलाकों में 100, 200 और 500 रुपये के नोट आसानी से मिल रहे हैं।

### नकद लेनदेन कर पाना हो रहा मुश्किल

रिजर्व बैंक कर्मचारियों के संगठन ने कहा कि ऐसी स्थिति में लोगों को स्थानीय परिवहन, किराने की खरीद और अन्य दैनिक जरूरतों के लिए नकद में लेनदेन कर पाना खासा मुश्किल हो गया है। एआईआरबीईए ने कहा कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिए जाने के बावजूद चलन में मौजूद कुल मुद्रा लगातार बढ़ रही है।



### बैंकों के काउंटरों से किया जाए प्रसार

एआईआरबीईए ने इस मामले में केंद्रीय बैंक से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि वाणिज्यिक बैंकों और आरबीआई काउंटरों के जरिये छोटे मूल्य के नोटों का पर्याप्त प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

### कॉइन मेला शुरू करने का दिया सुझाव

इसके अलावा, सिक्कों के व्यापक प्रचलन के लिए 'कॉइन मेला' दोबारा शुरू करने का सुझाव भी दिया गया है। सिक्कों के इस मेले को पंचायतों, सहकारी संस्थाओं, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और स्वयं सहायता समूहों के साथ मिलकर आयोजित किया जा सकता है।

## चिन यूनाइटेड टीम ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**नई दिल्ली।** फिनिक्स राइस कप द्वारा प्लैटिनम वैली इंटरनेशनल स्कूल में 14 दिसंबर रविवार को एक अंडर 13 का शानदार फुटबॉल मैच का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता पूरी तरह अनुशासन में संपन्न हुई, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें से केवल तीन टीमों को विजेता बनने का अवसर मिला। चिन यूनाइटेड टीम ने बेहतरीन खेल प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान विस्टा एफसी ने हासिल किया, जिन्होंने भी शानदार खेल दिखाया। तीसरे स्थान पर बीवीएम एफसी रही, जिन्होंने भी अपने पूरे प्रयास लगाए। विजेता टीमों को ग्रैंड ट्रॉफी और पदक देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन से सभी खिलाड़ी और दर्शक बेहद खुश नजर आए और प्रतियोगिता का समापन एक सुखद और यादगार माहौल में हुआ।

**गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों व गैस की कीमतों में गिरावट के कारण**

# लगातार दूसरे महीने आम आदमी को राहत थोक महंगाई में 0.32 फीसदी की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में नवंबर में थोक मुद्रास्फीति दर नकारात्मक हो गई, जो सालाना आधार पर 0.32 प्रतिशत कम हुई। यह गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों और कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस की कीमतों में कमी के कारण हुई। खाद्य मुद्रास्फीति में कमी के बावजूद, खनिजों और खाद्य पदार्थों की कीमतों में महीने-दर-महीने वृद्धि देखी गई। डेटा देखें तो महंगाई का आंकड़ा अक्टूबर में -1.21 था जो कि -0.32 प्रतिशत पर आया है। इसमें मामूली बढ़ोतरी है। लेकिन ओवरऑल महंगाई कम है। अभी भी थोक महंगाई जीरो से नीचे है। लगातार दूसरे महीने महंगाई माइनस में है।

यह उछाल अक्टूबर में होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्ल्यू पीआई) के 12 महीने के निचले स्तर से वापसी का संकेत देता है। कई महीनों तक कीमतों में भारी गिरावट के बाद प्राइमरी आर्टिकल्स, खासकर खाने-पीने की चीजों की कीमतों में गिरावट की रफ्तार कम होने से डब्ल्यूपीआई ऊपर गया। हालांकि, थोक कीमतें अभी भी नेगेटिव दायरे में हैं, लेकिन नवंबर के आंकड़ों से पता चलता है कि महंगाई का सबसे बुरा दौर शायद बीत चुका है।

- भारत में नवंबर में थोक मुद्रास्फीति दर नकारात्मक हो गई
- खाने-पीने की चीजें अभी भी दबाव डाल रही हैं, लेकिन गिरावट कम हुई है
- पहले की तेज गिरावट के बाद सब्जियों की कीमतें कम हो गई

### प्याज और आलू की कीमतें एक साल पहले से काफी कम

सब्जियों की कीमतें अभी भी पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत से ज्यादा कम थीं, लेकिन यह अक्टूबर की तुलना में एक बड़ा सुधार था, जब कीमतें लगभग 35 प्रतिशत गिर गई थीं। प्याज और आलू की कीमतें एक साल पहले की तुलना में काफी कम रहीं, जो भरपूर सप्लाई और अनुकूल बेस इफेक्ट को दर्शाती हैं।



### गेहूं की कीमतें काफी ऊंची बनी हुई

अनाज, जिसने साल की शुरुआत में महंगाई को सपोर्ट किया था, नवंबर में नेगेटिव दायरे में चला गया। गेहूं की कीमतें, जो साल के पहले आधे हिस्से में काफी ऊंची बनी हुई थीं, वे भी मामूली रूप से नेगेटिव हो गईं। दालों में भारी गिरावट बनी रही, जो गर्मियों की शुरुआत से दिख रहे ट्रेंड को जारी रखती है, जिसका कारण बेहतर उपलब्धता और कम खरीद दबाव है।

*कीमतों का आउटलुक अच्छा बना हुआ है : रिटेल महंगाई भी असामान्य रूप से कम बनी हुई है। हाल के महीनों में 2 प्रतिशत से नीचे-थोक महंगाई में कमी इस उम्मीद को मजबूत करती है कि कुल मिलाकर कीमतों पर दबाव अभी काबू में है, जिससे पॉलिसी बनाने वालों को ग्लोबल हालात अनिश्चित रहने के बावजूद नरम रुख बनाए रखने की गुंजाइश मिलती है।*

*ईंधन, मैन्युफैक्चरिंग में सुस्त बनी हुई : ईंधन और बिजली की महंगाई एक और महीने नेगेटिव बनी रही, हालांकि गिरावट की रफ्तार कम हुई. कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतें ग्लोबल तेल ट्रेंड के अनुरूप साल-दर-साल गिरती रहीं, जबकि पेट्रोल और डीजल एक साल पहले की तुलना में सस्ते रहे।*

### फूड प्रोडक्ट्स में कीमतों का दबाव तेजी से हुआ कम

*मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स में महंगाई, जिसका डब्ल्यूपीआई में सबसे ज्यादा वेटेज है, थोड़ी कम हुई। मैन्युफैक्चर्ड फूड प्रोडक्ट्स में कीमतों का दबाव तेजी से कम हुआ, जो साल की शुरुआत में ऊंचे सिंगल डिजिट में रहने के बाद 1 प्रतिशत से नीचे आ गया। खाने के तेलों में भी पहली तिमाही में मजबूत बढ़त के बाद कीमतों में काफी कमी देखी गई। केमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स और बेसिक मेटल्स जैसी मुख्य मैन्युफैक्चरिंग कैटेगरी में सिर्फ मामूली बढ़ोतरी या हल्की गिरावट देखी गई, जो सीमित कॉस्ट-पुश दबावों की ओर इशारा करता है।*

# सोना 4,000 रुपये उछलकर 1.37 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 4,000 रुपये बढ़कर 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह कहा। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,33,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय हाजिर बाजार में सोना के 4,350 अमेरिकी डॉलर के स्तर की ओर बढ़ने के साथ ही घरेलू बाजार में तेज उछाल देखने को मिला। इससे सोने की कीमतें नयी ऊंचाई पर पहुंच गईं। त्रिवेदी ने कहा कि पीली धातु ने वैश्विक मजबूती को दर्शाते हुए तेज बढ़त के साथ एक नया सर्वकालिक उच्च स्तर छू लिया। इससे पहले 17 अक्टूबर को सोना 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया था। इस साल अब तक सोने की कीमतों में 58,650 रुपये यानी 74.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सोने का भाव 31 दिसंबर 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। दूसरी ओर, संघ के अनुसार चांदी की कीमतें सभी करों सहित 1,99,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। इस साल अब तक चांदी की कीमतों में 1,09,800 रुपये यानी 122.41 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इसका भाव 31 दिसंबर 2024 को 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहित, पुत्रः नरेश पताः मकान नं. जी–366, मंगोलपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 256/2019 U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 256/2019 U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 17.01.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मोक्षा बैंस
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
रूम नं. 31
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16758/OD/2025 (Court Matter)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# विदेशी कोषों की निकासी और रुपये में कमजोरी से सेंसेक्स 54 अंक फिसला

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 54 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी 20 अंक के नुकसान में रहा। भारत–अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 54.30 अंक फिसलकर 85,213.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 427.34 अंक गिरकर 84,840.32 तक आ गया था। निफ्टी 19.65 अंक की गिरावट के साथ 26,027.30 अंक पर बंद हुआ। शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली और कमजोर रुपये के चलते बाजार सीमित दायरे में बना हुआ है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर स्पष्टता आने तक रुपये में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।" रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो नगर संभाग क्रमांक 5 खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 02/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 25/08/2025 अंतर्गत सिस्टम क्रमांक 174246 समूह क्र. 01 (प्रथम आमंत्रण) को एकल निविदा तथा प्रतिस्पर्धा का अभाव परिलक्षित होने के कारण निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगो नगर संभाग क्रमांक 5
खरसिया

जी- 252603079
G-252605456/2

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नसीम बोना पुत्र** हनीफ, **निवासी** बी–24, ओल्ड सीमापुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 67/2020, U/S 392/34 IPC, पुलिस स्टेशन सीमापुरी, शाहदरा जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नसीम बोना** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नसीम बोना** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 67/2020, U/S 392/34 IPC, पुलिस स्टेशन सीमापुरी, शाहदरा जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **नसीम बोना** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.01.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐशवर्या सिंह कश्यप
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी–06,
कमरा नं0–25, प्रथम तल, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/16857/SHD/2025 (Court Matter)

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्रं. | सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 181281 प्रथम आमंत्रण 05.12.2025 | जिला रायपुर के ग्राम चरौदा धरसींवा में फोरलेन गौरवपथ मार्ग लंबाई 3.20 कि.मी. निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित। (विधानसभा संभाग रायपुर ) | 1480.53 |
| 2 | 181336 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025 | जिला बेमेतरा के जैतपुरी खटई मार्ग लंबाई 2.60 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 283.24 |
| 3 | 181341 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025 | जिला दन्तेवाड़ा के पालनार - फूलपाड़ - जूनापारा मार्ग लंबाई 4.50 कि. मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य, शेष कार्य । | 226.05 |
| 4 | 181344 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025 | सिविल न्यायालय परिसर मनेंद्रगढ़ में आबंटित भूमि (589 वर्ग मीटर) पर दो मंजिला कुटुम्ब न्यायालय भवन निर्माण कार्य। | 245.44 |
| 5 | 181354 प्रथम आमंत्रण 08.12.2025 | जिला रायपुर के परसदा (तिल्दा) में शासकीय आई.टी.आई. भवन निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण सहित। (विधानसभा संभाग रायपुर) (शेष कार्य ) | 208.55 |
| 6 | 181355 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025 | जिला नारायणपुर के पल्ली- छोटेडोंगर - ओरछा मार्ग के कि.मी. 16/2 कदम नाला पर उच्चस्तरीय पुल मय पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 449.32 |
| 7 | 181359 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025 | जिला बेमेतरा के खेड़ा जुनवानी मार्ग लंबाई 3.75 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 368.30 |
| 8 | 181361 द्वितीय आमंत्रण 08.12.2025 | जिला मुंगेली के घानाघाट-बघर्रा मार्ग में मनियारी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 388.58 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 05 दिनांक 31.12.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 26.12.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है ।

मुख्य अभियंता ,
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G-252605433/5

## राशिफल


**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।


**वृष** — रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।


**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।


**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।


**सिंह** — लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।


**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।



**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल


**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि


**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।


**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ


**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।


**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान

## हर्बल इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसिन से संभव है कैंसर का इलाज

**इंदौर।** कैंसर के उपचार में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति एक रामबाण के रूप में उभर रही है। देश के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं देवी अहिल्या कैंसर केयर फाउंडेशन के संस्थापक अजय हार्डिया की देखरेख में चलाए जा रहे क्लिनिकल ट्रायल्स में थर्ड और फोर्थ स्टेज के कैंसर मरीजों पर इस पद्धति के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अजय हार्डिया का मानना है कि यदि फर्स्ट और सेकंड स्टेज के कैंसर मरीजों का उपचार समय रहते इलेक्ट्रो होम्योपैथी से किया जाए, तो अधिकतर मरीजों की जिंदगी बचाई जा सकती है। ऑन्को फोर्टः कैंसर उपचार में नवीन शोध-देवी अहिल्या कैंसर हॉस्पिटल में उपचार के दौरान पूर्णतः औषधीय पौधों पर आधारित इलेक्ट्रो होम्योपैथी औषधि 'ऑन्को फोर्ट' का प्रयोग किया जाता है। इस दवा से मरीजों को कैंसर के असहनीय दर्द में शीघ्र राहत मिलती है तथा ट्यूमर से संबंधित दर्द और जलन में भी उल्लेखनीय कमी आती है।

## बैद्यनाथ च्यवनफिट स्वास्थ्य व स्फूर्ति के लिए अहम

**नागपुर।** बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री) एक विशेष रूप से तैयार किया गया अवलेह (च्यवनप्राश) है, जो आज के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक पुरुषों और महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो अपने चीनी के सेवन को नियंत्रित रखना चाहते हैं। यह श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्रा. लि., द्वारा विकसित किया गया है, जो हमेशा नये आयुर्वेदिक औषधि निर्माण में अग्रणी है इसमें पारंपरिक च्यवनप्राश की श्रेष्ठता भी है, लेकिन बिना किसी अतिरिक्त चीनी के। बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री') में कोई चीनी नहीं है। इसे कम कैलोरी वाले प्राकृतिक मधुर स्रोतों से मीठा किया गया है, जिससे यह कैलोरी-सचेत व्यक्तियों के लिए उपयुक्त है। यह कई समय परीक्षित आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से बना है, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है आँवला, जो प्रत्येक चम्मच में विटामिन 'सी' प्रदान करता है तथा जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी सहायक है।

## शब्द पहेली - 6079




**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 6078 का हल**





# एशेज : इंग्लैंड टीम में बदलाव, टंग की वापसी, बशीर को नहीं मिली जगह

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

इंग्लैंड ने 17 दिसंबर से खेले जाने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए गुस एटकिंसन की जगह जोश टंग को टीम में वापस बुलाया है, लेकिन धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच की संभावना के बावजूद विशेषज्ञ स्पिनर शोएब बशीर को एकादश में जगह नहीं मिली है।

टंग की वापसी इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव है, जिसे गाबा में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 0-2 से पीछे हैं। उसके लिए श्रृंखला में बने रहने के लिए एडिलेड में जीत दर्ज करना जरूरी होगा।

- तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने किया प्लेइंग इलेवन का ऐलान
- इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला में 0-2 से पीछे



### एटकिंसन को खराब प्रदर्शन की मिली सजा

एटकिंसन को 78.66 की औसत से सिर्फ तीन विकेट लेने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया। टंग भारत के खिलाफ पांच मैचों की पिछली श्रृंखला में अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। उन्होंने एशेज के अपने पिछले टेस्ट (लॉर्ड्स, 2023) में स्टीव स्मिथ को दोनों पारियों में आउट करने के साथ पांच विकेट झटके थे।

### इंग्लैंड की टीमः

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, जोश टंग, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

### हरफनमौला जैक्स को मिली तरजीह

चयनकर्ताओं ने बशीर के टीम में होने के बावजूद स्पिन गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला विल जैक्स को तरजीह दी है। बशीर को इससे पहले पर्थ और ब्रिसबेन की तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में खेले गए मैच के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था और जब परिस्थितियां उनके अनुकूल होने की संभावना है तो टीम ने जैक्स को एकादश में बनाए रखने का फैसला किया। इस बीच ऑस्ट्रेलिया की टीम में नाथन लियोन की वापसी हुई है।

### ओपनिंग स्लॉट में डकेट का बल्ला खामोश



वहीं ओपनिंग स्लॉट में बेन डकेट का बल्ला अभी तक खामोश है। हैरी ब्रूक के बल्ले से भी रन नहीं निकले हैं। जैक क्रॉली की एक पारी दूसरे टेस्ट की हटा दें तो उन्होंने भी निराश किया है। कप्तान बेन स्टोक्स ने गेंद से प्रभावित किया है लेकिन बल्ला खामोश रहा है। ऐसे में इंग्लैंड को अगर वापसी करनी है तो सभी खिलाड़ियों को फॉर्म दिखाना होगा।

### पर्थ में इंग्लैंड की बल्लेबाजी फ्लाप

इंग्लैंड की टीम अभी तक इस मौजूदा एशेज सीरीज में संघर्ष करती दिखी है। पर्थ में टीम की बल्लेबाजी फ्लाप रही थी। उसके बाद ब्रिसबेन में जो रूट ने शतक जरूर लगाया लेकिन गेंदबाजों ने निराश किया। ऑस्ट्रेलिया ने दोनों मुकाबले 8 विकेट से जीते। मिचेल स्टार्क दोनों मैच मिलाकर 18 विकेट ले चुके हैं। अंग्रेज उनकी गेंदबाजी का हल नहीं निकाल पा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### 26 मार्च से शुरू होगा पीएसएल का 11वां सत्र

**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग का 11वां सत्र अगले साल 26 मार्च से 3 मई तक खेला जाएगा और लगातार दूसरी बार यह उसी समय होगा जब इंडियन प्रीमियर लीग खेला जाता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने न्यूयॉर्क मे पीएसएल रोड शो के दौरान यह घोषणा की। आईपीएल भी मार्च के आखिरी सप्ताह से शुरू होकर मई के आखिर तक चलता है। नकवी ने कहा कि इस अवधि में पाकिस्तान टीम के किसी भी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में बदलाव किया जाएगा। पाकिस्तान को मार्च-अप्रैल में बांग्लादेश में दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इस साल भारत और श्रीलंका में फरवरी मार्च में टी20 विश्व कप भी होना है।

### गेंदबाजों ने हमारे लिए दिक्कतें खड़ी की : माक्रम



**धर्मशाला।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन माक्रम ने तीसरे टी20 मैच में मिली हार के बाद कहा कि भारत के नई गेंद के गेंदबाजों ने उनके लिए दिक्कतें खड़ी की और उनके बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सके। भारत के अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने पहले चार ओवर के भीतर दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट उस समय निकाल दिए जब स्कोर बोर्ड पर सात रन ही टंगे थे। इन झटकों से माक्रम की टीम उबर नहीं सकी और 117 रन बनाने के बाद सात विकेट से हार गई। माक्रम ने कहा,' उन्होंने सही जगहों पर गेंद डाली। अर्शदीप ने उम्दा गेंदबाजी की। उनके नई गेंद के दोनों गेंदबाजों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।' उन्होंने कहा,'आपको अनुकूल हालात मिल सकते हैं लेकिन आखिर में गेंदबाजों को सही जगहों पर गेंद डालनी होगी और उन्होंने वही किया।

### आचरेकर सर ने बदली मेरी जिंदगी : आमरे



**मुंबई।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच रमाकांत आचरेकर के साथ अपनी शुरुआती मुलाकात को याद करते हुए भारत के पूर्व बल्लेबाज प्रवीण आमरे ने कहा कि इससे उनकी जिंदगी बदल गई थी। आमरे ने कहा, 'सब जानते हैं कि मैं अचरेकर सर का छात्र हूं लेकिन कोई नहीं जानता कि उनसे मेरी मुलाकात कैसे हुई। मैं शिवाजी पार्क के बाकी बच्चों की तरह ही क्रिकेट खेलता था। एक दिन मैंने अपने साथियों से कहा कि हमें 'लेदर' की गेंद से खेलना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'मैं चप्पल पहनकर अचरेकर सर के पास गया और उनसे पूछा, 'क्या आप मेरी टीम के खिलाफ एक मैच खेल सकते हैं?' उन्होंने मुझसे कहा, 'आपको सफेद वर्दी और जूते पहने हुए 11 खिलाड़ियों के साथ 55 रुपये और एक गेंद देनी होगी।'

## आईपीएल : 77 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेंगी 10 टीमें

# मिनी ऑक्शन : ग्रीन, लिविंगस्टोन और वेंकटेश बन सकते हैं फायदे का सौदा

एजेंसी ▶▶| अबु धाबी

विश्व स्तरीय तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के उपलब्ध नहीं होने के कारण कैमरन ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग की मंगलवार को होने वाली छोटी नीलामी में फायदे की स्थिति में रह सकते हैं और कोलकाता नाइट राइडर्स तथा चेन्नई सुपरकिंग्स जैसी टीम इस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं।

नीलामी में 10 टीम 77 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेंगी और सभी टीम के पास मिलाकर 237 करोड़ 55 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है। मुंबई इंडियन्स की हालांकि नीलामी में अधिक भूमिका नहीं होगी क्योंकि उसके पास सिर्फ दो करोड़ 75 लाख रुपए उपलब्ध हैं और वह कुछ अनकैप्ड (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को उनके आधार मूल्य पर ही खरीद पाएगी। ग्रीन, भारतीय टीम से बाहर चल रहे वेंकटेश अय्यर और इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन पर भारी-भरकम बोली लग सकती है।

### टीमों के पास 237 करोड़ 55 लाख रुपए की राशि उपलब्ध

### लिविंगस्टोन और डिकॉक को मिल सकते हैं 9 करोड़



इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी लिविंगस्टोन और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक 10 लाख डॉलर (नौ करोड़ रुपए) का आंकड़ा छू सकते हैं। डिकॉक ने बार-बार दिखाया है कि वह बल्ले से मैच विजेता हैं और विकेटकीपर के रूप में भी बहुत भरोसेमंद हैं। अनकैप्ड भारतीय प्रशांत वीर और मुकुल चौधरी बोली लगाने वालों को आकर्षित करेंगे जबकि पृथ्वी साव और सरफराज खान भी उम्मीद करेंगे कि उन्हे 75 लाख रुपए के कम आधार मूल्य पर कोई खरीदार मिले। अनकैप्ड भारतीयों में अशोक शर्मा पर भी अच्छी बोली लगने की उम्मीद है। वह पहले आईपीएल टीम का हिस्सा रह चुके हैं ।



### केकेआर के पर्स में सर्वाधिक राशि

कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे अधिक 64 करोड़ 30 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है और उसकी नजरें टीम को नए सिरे से तैयार करने पर टिकी होंगी। टीम को 13 खिलाड़ियों को खरीदना है और नीलामी में उसे मुख्य रूप से चुनौती सुपरकिंग्स से मिलने की उम्मीद है, जिसके पास 43 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है। छोटी नीलामी हमेशा बड़ी नीलामी से अधिक दिलचस्प होती है क्योंकि फ्रेंचाइजी खास पसंद के साथ आती हैं और अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहती हैं। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के लिए हमेशा से बड़ी बोलियां लगती रही हैं।

### बोली की रकम और वेतन अलग-अलग

ऐसी चर्चा है कि ग्रीन आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक कीमत वाले विदेशी खिलाड़ियों की सूची में अपने हमवतन मिचेल स्टार्क (24 करोड़ 75 लाख रुपए) को पीछे छोड़ सकते हैं लेकिन इसमें भी एक पेंच है। भले ही ग्रीन की बोली 25 करोड़ रुपए से अधिक हो जाए लेकिन फिर भी इस सत्र के लिए उनका वेतन 18 करोड़ रुपए ही रहेगा। बोली की रकम और खिलाड़ियों का वेतन दोनों अलग-अलग होगा, जिसमें बोली की रकम को टीम के कुल सालाना खिलाड़ी वेतन में से काटा जाएगा। इसका कारण आईपीएल का 'अधिकतम फीस' नियम है, जिसके अनुसार छोटी नीलामी में किसी विदेशी खिलाड़ी की अधिकतम फीस सबसे अधिक कीमत (18 करोड़ रुपए) पर रिटेन किए गए खिलाड़ी और पिछली बड़ी नीलामी सबसे अधिक बोली (2025 में ऋषभ पंत के लिए 27 करोड़ रुपए) में से जो भी कम हो, वह होगी।

## आईएलटी20

# प्लेआफ में डेजर्ट वाइपर्स दुबई कैपिटल्स को हराया



एजेंसी ▶▶| दुबई

सैम कुरेन के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर डेजर्ट वाइपर्स ने दुबई कैपिटल्स को पांच विकेट से हराकर आईएलटी20 प्लेआफ में जगह बना ली।

- कुरेन ने शानदार गेंदबाजी के बाद दिखाया बल्ले से दम

कैपिटल्स ने चार विकेट पर 166 रन बनाए, जिसके जवाब में वाइपर्स ने कुरैन के प्रदर्शन की बदौलत जीत दर्ज की। इंग्लैंड के हरफनमौला कुरेन ने दो विकेट लेने के बाद 33 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन बनाए। मैक्स होल्डन ने 22 गेंद में 34 रन बनाए जबकि फखर जमां ने 12 गेंद में 14 रन जोड़े। इससे पहले कैपिटल्स की शुरुआत खराब रही और नसीम शाह ने तीसरे ओवर में शायन जहांगीर (सात गेंद में सात रन) को आउट किया। लुइस डु प्लॉय ने 44 गेंद में 54 रन बनाए।

### गेंदबाजों की वापसी से खुश : मोर्कल

**धर्मशाला।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कम स्कोर वाले तीसरे टी20 मैच में अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन से काफी खुश हैं । दूसरे मैच में 22 अतिरिक्त समेत 213 रन देने के बाद भारतीय गेंदबाजों ने तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को 117 रन पर आउट करके सात विकेट से जीत दर्ज की । मोर्कल ने कहा ,'मुझे खुशी है कि गेंदबाजों ने इस तरह से वापसी की।' अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टी20 में आठ ओवरों में 99 रन दे डाले। बुमराह निजी कारणों से रविवार का मैच नहीं खेले, जिनकी जगह हर्षित राणा ने ली। राणा और अर्शदीप ने दो-दो विकेट चटकाए। अर्शदीप ने कहा,' पिछले मैच में मैंने जब भी वाइड गेंदें डाली, कैमरा कोच (मोर्कल) के चेहरे से ऐसा लग रहा था मानो उन्होंने मुझे कोई गलत रणनीति दे दी थी।

## टीपीएल

# ईगल्स को हराकर जीएस दिल्ली एसेस ने जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

जीएस दिल्ली एसेस ने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के फाइनल में यश मुंबई ईगल्स पर 51-36 से शानदार जीत के साथ पहली बार इस खिताब पर कब्जा किया।

बेल्जियम की खिलाड़ी सोफिया कोस्टौलास ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए रिया भाटिया को 18-7 से हराकर महिला एकल में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। कोस्टौलास और जीवन नेदुनचेझियान की मिश्रित युगल जोड़ी ने दमदार रिटर्न और आत्मविश्वास से भरे नेट प्ले के साथ भाटिया और निकी पुनाचा की जोड़ी को 16-9 से हराकर दिल्ली एसेस की बढ़त को और मजबूत कर दिया। पुरुष एकल में मुंबई ईगल्स के विश्व नंबर 57 दामिर जुम्हूर ने बिली हैरिस को 16-9 से हराया कुछ हद तक टीम की वापसी कराई लेकिन जीएस दिल्ली एसेस के पास अब भी 11 अंकों की बढ़त थी। पुरुष युगल हैरिस और नेदुनचेझियान ने संयमित और नियंत्रित प्रदर्शन करते हुए निकी पुनाचा और जुम्हूर को 8-4 से हराकर दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी।

### आज से वानखेड़े स्टेडियम में दिव्यांग टी20 सीरीज

**मुंबई।** वानखेड़े स्टेडियम भारत और भारत 'ए' टीमों के बीच तीन मैचों की शारीरिक दिव्यांग टी20 श्रृंखला की मेजबानी 16 से 18 दिसंबर तक करेगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने यह घोषणा की। तीन दिवसीय टी20 श्रृंखला का उद्देश्य समावेशिता, जज्बा और खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शारीरिक दिव्यांगता क्रिकेट की बढ़ती प्रतिष्ठा को उजागर करना है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के महासचिव उन्मेष खानविलकर ने कहा, 'पहली बार शारीरिक दिव्यांगता क्रिकेट श्रृंखला की मेजबानी करना एमसीए के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह साहस और जज्बे का जश्न मनाने के साथ क्षमता को नए तरह से परिभाषित करता है और इस बात की पुष्टि करता है कि क्रिकेट वास्तव में सभी का है।'

## सभी सीनियर खिलाड़ी खेलें घरेलू क्रिकेट : बीसीसीआई

*नई दिल्ली। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के मौजूदा खिलाड़ियों के लिए 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो वनडे मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच (19 दिसंबर) और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी , 2026) के बीच तीन सप्ताह से अधिक का अंतर है और बोर्ड चाहता है कि सभी सीनियर खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलें। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सभी को यह निर्देश दे दिया है। इस साल की शुरूआत में आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में हार के बाद यह सिफारिश की गई थी। इसमें हर प्रारुप में घरेलू क्रिकेट पर अधिक जोर देने के लिए कहा गया था। विराट कोहली और रोहित शर्मा टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की सूचना दे चुके हैं। वहीं सीनियर खिलाड़ी शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव को अपनी अपनी टीमों के लिए कम से कम दो मैच खेलने के लिये कहा जा सकता है।*

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : इशान का कप्तानी में जलवा, टीम को जिताए 9 में से 9 मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इशान किशन ने भारत के लिए आखिरी इंटरनेशनल मैच नवंबर 2023 में खेला था। दो साल से ज्यादा वक्त बीत गया, इशान का टीम इंडिया में चयन नहीं हुआ। अब मौजूदा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इशान ने बल्ले के साथ-साथ कप्तानी में भी जलवा बिखेरा है। वह टूर्नामेंट में अभी तक 381 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं उनकी कप्तानी में झारखंड ने अभी तक 9 में से 9 मैच जीते हैं।



### झारखंड नॉकआउट राउंड में पहुंचने के करीब

झारखंड की टीम ने मौजूदा टी20 टूर्नामेंट में ग्रुप स्टेज में सभी सात मैच जीते थे। इसके बाद सुपर लीग के पहले दोनों मैच टीम ने जीत लिए। रविवार को एमपी के खिलाफ झारखंड ने 1 रन से मुकाबला जीता। झारखंड के लिए अलग-अलग मैचों में कुमार कुशाग्र, अनुकूल रॉय जैसे खिलाड़ियों ने भी परफॉर्म किया है।

### भारतीय टीम में नहीं मिल रही जगह

वनडे में केएल राहुल, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल को प्राथमिकता मिल रही है बतौर विकेटकीपर। साथ ही टी20 में जितेश शर्मा और संजू सैमसन मौजूद हैं। टेस्ट में भी पंत और जुरेल की जगह पक्की है। इस कारण इशान किशन इंटरनेशनल टीम से इन दिनों दूर हैं, लेकिन अगर उनका ऐसा परफॉर्मेंस जारी रहता है तो बहुत दिन तक वह टीम से बाहर नहीं रहेंगे। इशान किशन ने भारत के लिए अभी तक 32 टी20 इंटरनेशनल खेलते हुए 796 रन बनाए हैं, जिसमें 6 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं वनडे में इशान ने एक दोहरा शतक भी लगाया है और 24 पारियों में वह 933 रन बना चुके हैं। तीन टेस्ट पारियों में भी इशान किशन ने 78 रन बनाए और 52 नाबाद उनका सर्वाधिक स्कोर है। ओवरऑल टी20 करियर में इशान ने 205 पारियों में 5651 रन बनाए हैं।

## शेफाली ने थाईलैंड की थीपैचा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़ा

# शेफाली ने जीता आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला विश्व कप के फाइनल में पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का नवंबर महीने का 'माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार मिला है।

प्रतिका रावल के चोटिल होने के बाद अपने विश्व कप अभियान को सेमीफाइनल में शुरू करने वाली शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 78 गेंदों में 87 रन बनाए। यह महिला विश्व कप फाइनल में किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज के बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। शेफाली ने थाईलैंड की थीपैचा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़ कर अपना पहला 'महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार जीता।



### पुरस्कार टीम कोच और परिवार को समर्पित

शेफाली ने कहा, 'आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में मेरा पहला अनुभव मेरी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन यह मेरी कल्पना और उम्मीदों से कहीं बेहतर तरीके से समाप्त हुआ।' उन्होंने कहा, 'मैं आभारी हूं कि मैं फाइनल में टीम की सफलता में योगदान दे सकी और घरेलू दर्शकों के सामने पहली बार विश्व कप जीतने के इतिहास का हिस्सा बन सकी।' शेफाली ने कहा, 'मैं नवंबर माह के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुने जाने पर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं यह पुरस्कार अपनी टीम के साथियों, अपने सभी कोच, परिवार और उन सभी को समर्पित करती हूं, जिन्होंने अब तक मेरी यात्रा में मेरा साथ दिया है।

### हार्मर को मिला पुरुष वर्ग का पुरस्कार

दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर को भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी के लिए पुरुष वर्ग का पुरस्कार मिला। हार्मर के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका भारत में 25 साल में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने में सफल रहा। हार्मर ने बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और पाकिस्तान के हरफनमौला मोहम्मद नवाज को पछाड़कर पहली बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अपने नाम किया। इस 36 साल के स्पिनर ने दो मैचों की श्रृंखला में 17 विकेट लिए, जिससे उनकी टीम 2-0 से सूपड़ा साफ करने में सफल रही। उन्होंने कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट की दोनों पारियों में चार-चार जबकि गुवाहाटी में पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में छह विकेट चटकाए थे।




## खबर संक्षेप

### चिली के नए राष्ट्रपति बने जोस एंटोनियो कास्ट

**सैंटियागो।** जोस एंटोनियो कास्ट चिली के नए राष्ट्रपति बन गए हैं। चुनाव अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कास्ट ने राष्ट्रपति पद के दूसरे चरण के चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। चिली चुनाव आयोग के अनुसार रन-ऑफ में 99.33 फीसदी वोटों की गिनती हुई। कास्ट को 99.33 में से 58.18 फीसदी वोट मिले।



### पाक में ड्रोन के गिरने से 3 बच्चों की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक आवासीय क्षेत्र में ड्रोन के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना खैबर पख्तूनख्वा में बन्नू जिले के मुमंद खेल इलाके में हुई जहां एक ड्रोन घनी आबादी वाले इलाके में गिर गया जिससे बच्चों सहित कई लोग हताहत हुए। स्थानीय निवासियों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और घायल बच्चे एवं मृतकों के शवों को पास के अस्पताल में पहुंचाया।



### सिडनी में हुआ नरसंहार का खुलासा

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर हमला करने वाले पिता-पुत्र पाकिस्तानी मूल के

*ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित बॉन्डी बीच में यह गोलीबारी 8 दिवसीय यहूदी त्योहार हनुक्का की पहली रात को हुई। बंदूकधारियों ने उस वक्त गोलीबारी शुरू कर दी, जब यहूदी त्योहार की शुरुआत के उपलक्ष्य में समुद्र तट पर आयोजित एक कार्यक्रम के लिए सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए थे।*

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित बॉन्डी बीच में रविवार को हुई फायरिंग में अब तक 15 लोगों की मौत की खबर आई है। वहीं, दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हैं। एक यहूदी त्योहार- हनुक्का के दौरान हुई इस गोलीबारी की घटना के बाद से ही पूरे ऑस्ट्रेलिया में सनसनी मची है। लगभग पूरे ऑस्ट्रेलिया में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इसे 1996 को पोर्ट आर्थर नरसंहार के बाद से सबसे खतरनाक गोलीबारी करार दिया है।

अधिकारियों ने इस गोली को लेकर जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक हमला दो बंदूकधारियों ने किया। यह दोनों पिता-पुत्र थे, जिन्होंने खास तौर पर बॉन्डी बीच को ही निशाना बनाया और यहां लोगों पर गोलीबारी की। इनके नाम साजिद अकरम और नवीद अकरम बताए गए हैं।

**अब तक पंद्रह लोगों की मौत, यहूदियों पर की थी अंधाधुंध फायरिंग**

**हमलावरों ने बच्चों और बुजुर्गों को अंधाधुंध निशाना बनाया**


हमले के बाद बुजुर्ग को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी

#### हमलावर साजिद पर 6 बंदूकें

मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, साजिद अकरम फल बेचने के कारोबार में शामिल है। उसके पास न्यू साउथ वेल्स में छह बंदूकें रखने का लाइसेंस है। पुलिस का मानना है कि उसने सभी बंदूकों का इस्तेमाल यहूदियों पर हमले के लिए किया।

#### काले कपड़े पहने हुए थे बंदूकधारी


आतंकी साजिद अकरम


आतंकी नवीद अकरम

इस घटना के दौरान की जो फुटेज सामने आई उनमें दो काले कपड़े पहने हुए बंदूकधारियों को कैंपबेल परेड मैदान और बॉन्डी बीच के पवेलियन के मध्य में बने पुल में खड़े देखा गया। ये दोनों लोग ऊंचाई की जगह से लगातार नीचे खड़े लोगों पर फायरिंग कर रहे थे। पुलिस की तरफ से जो वीडियो साझा किए गए, उनके जरिए सामने आया कि एक बंदूकधारी साजिद अकरम और दूसरा उसका बेटा- नवीद अकरम था। साजिद पुल पर फायरिंग के बाद पार्क एरिया पहुंच गया। इस दौरान जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें लोगों को इधर-उधर भागते देखा गया। पुल से उतरने के बाद साजिद जब आम लोगों को निशाना बना रहा था तब अहमद-अल-अहमद नाम के 43 वर्षीय एक व्यक्ति ने पीछे से साजिद अकरम को दबोच लिया और उससे हथियार छुड़ा लिया।

#### कब-कैसे रची गई घटना की साजिश?

- पुलिस ने कुछ घंटों बाद हमलावरों की पहचान जारी कर दी। इसमें एक हमलावर
- साजिद अकरम (50) और दूसरा उसका बेटा- 24 वर्षीय नवीद अकरम था।
- इनका घर न्यू साउथ वेल्स के बोनीरिग में है, जो कि बॉन्डी बीच से करीब एक घंटे की दूरी पर है। आशंका है कि दोनों ने हमले की साजिश काफी पहले रच ली थी।
- उन्होंने कुछ हफ्ते पहले ही बॉन्डी बीच से आधे घंटे की दूरी पर स्थित कैंपसी में एक कमरा किराए पर ले लिया था। पुलिस ने यहां छापेमारी की है।
- इस जगह एक विस्फोटकों से भरा वाहन भी मिला, जिसके हमलावरों से जुड़े होने का शक है। पुलिस को घटना में किसी और के शामिल होने का शक नहीं है।

#### घटना को लेकर क्या बोले परिजन?

- घटना से कुछ दिन पहले उन्होंने परिवारवालों को बताया था कि वे वीकेंड में मछली पकड़ने (फिशिंग ट्रिप) के लिए जेर्विस बे की यात्रा पर जा रहे हैं।
- नवीद की मां- वेरेना ने बताया कि बेटे ने उन्हें हमले से कुछ घंटे पहले ही फोन किया था। उन्होंने कहा कि वे गोलीबारी के दौरान की तस्वीरों से बेटे को पहचान नहीं पाईं।

### दोनों पक्षों ने की चौथे दौर की बातचीत खत्म

## भारत और न्यूजीलैंड में एफटीए पर बातचीत जल्द पूरी होने की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत जल्द पूरी होने की उम्मीद है।

दोनों पक्षों ने चौथे दौर की बातचीत खत्म होने के बाद हाल में आधिकारिक और मंत्री स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये और आमने-सामने बैठकर बैठकें की हैं। पिछले हफ्ते, न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत की प्रगति की समीक्षा करने के लिए यहां आए थे। अग्रवाल ने कहा कि हम अब तक लगभग 14 दौर की बातचीत कर चुके हैं। ईयू की टीम दिसंबर में पूरे एक सप्ताह तक यहां थी और दोनों पक्षों ने कई मुद्दों पर गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि करीब आने पर मतभेद सामने आते हैं। इसलिए, अब हम उन्हें कम करने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों पक्ष कई मुद्दों पर सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

#### अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता पर कहा- हम बहुत करीब

सचिव ने अमेरिका के साथ चल रहे व्यापार वार्ता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) टीम की हालिया यात्रा महत्वपूर्ण थी क्योंकि इससे हमारे व्यापारिक संबंधों का जायजा लेने में मदद मिली। हम रूपरेखा तैयार करने में बहुत करीब हैं। इसे संभवतः थोड़े समय में पूरा कर लिया जाएगा। मैं बातचीत समाप्त होने तक की कोई समयावधि नहीं बताऊंगा।

#### भारत और ओमान समझौते पर हस्ताक्षर करने को तैयार

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और ओमान मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं। इस समझ उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17-18 दिसंबर को ओमान के दौरे पर हैं। इस समझौते को पिछले सप्ताह केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, ‘भारत और ओमान जल्द ही समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं।

### नाइटक्लब में आग से 25 लोगों की हुई थी मौत

## थाईलैंड की अदालत में लूथरा बंधुओं के मामले पर सुनवाई की संभावना

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

गोवा के जिस नाइटक्लब में छह दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हुई थी, उसके सह-मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा से जुड़े मामले की थाईलैंड की अदालत में सुनवाई होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार, मामले में आगे की कार्रवाई को लेकर बैंकॉक की एक अदालत द्वारा फैसला किए जाने की संभावना है। उत्तर गोवा के अरपोरा में स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के सह-मालिक लूथरा बंधु आग लगने की घटना के तुरंत बाद थाईलैंड के फुकेट चले गए थे। उनके खिलाफ इंटरपोलका ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद थाईलैंड के प्राधिकारियों ने 11 दिसंबर को फुकेट में लूथरा बंधुओं को हिरासत में लिया। भारतीय मिशन इस मामले में थाईलैंड सरकार के लगातार संपर्क में है।


सौरव और गौरव लूथरा

दोनों भाइयों से जुड़े सभी प्रासंगिक दस्तावेज आधिकारिक कानूनी माध्यमों से हस्तांतरित कर दिए गए हैं। कानूनी घटनाक्रम से संकेत मिलता है कि इस मामले की सुनवाई बैंकॉक की एक अदालत में होने की संभावना है।

बैंकॉक की स्थानीय अदालत में सुनवाई शुरू होने के बाद मामला आगे बढ़ने की संभावना है। हालांकि, समय-सीमा को लेकर अभी कोई स्पष्टता नहीं है, क्योंकि कार्यवाही इस बात पर निर्भर करेगी कि न्यायाधीश मामले पर कब सुनवाई करते हैं। लूथरा बंधुओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद मीर वकीलों की एक टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि अधिवक्ता वैभव सूरी भी बैंकॉक पहुंच चुके हैं।

### मामला अनिल अंबानी से जुड़ा है

## ईडी ने यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर से की पूछताछ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर से अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लान्ड्रिंग जांच के तहत पूछताछ की। अधिकारियों के अनुसार, कपूर का बयान मनी लान्ड्रिंग (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया।

उस समय के ऋणों के अवैध वितरण से जुड़े 68 वर्षीय राणा कपूर को ईडी द्वारा अलग-अलग मनी लान्ड्रिंग मामलों में गिरफ्तार किया गया था, जब वह यस बैंक का नेतृत्व कर रहे थे। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें इस मामले में कपूर और अंबानी के बीच क्विड प्रो क्वो (किसी चीज के बदले में कुछ और देने) का संदेह है।

अधिकारियों के अनुसार, यस बैंक का अनिल अंबानी समूह (एडीएजी समूह) के प्रति 31 मार्च, 2017 तक लगभग 6,000 करोड़ रुपए का एक्सपोजर था और यह आंकड़ा एक वर्ष के भीतर (31 मार्च, 2018 तक) 13,000 करोड़ रुपए तक दोगुना हो गया।


राणा कपूर- अनिल अंबानी

जांच के दायरे में रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) की कंपनियां शामिल हैं। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि इन निवेशों का बड़ा हिस्सा घाटे के निवेशों (एनपीआइ) में बदल गया, जिसके परिणामस्वरूप बैंक को इन लेनदेन से 3,300 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

ये लेनदेन यस बैंक के निवेशों के बदले क्विड प्रो क्वो थे। एडीएजी कंपनियों ने कपूर के परिवार द्वारा नियंत्रित फर्मों को ऋण प्रदान किए। ईडी को संदेह है कि दोनों व्यवसायियों ने इन सौदों के संबंध में निजी बैठकें की थीं।

### कांगो में नहीं थम रहा संघर्ष, 5 लाख से ज्यादा लोग किए गए विस्थापित

**नई दिल्ली।** कांगो के पूर्वी हिस्से में पिछले 15 दिन से भीषण संघर्ष जारी है, जिसकी वजह से लोगों में हाहाकार मचा हुआ है, इस संघर्ष का असर आम जनजीवन पर भी काफी ज्यादा पड़ रहा है। इसकी वजह से दक्षिण किवु प्रांत में पांच लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं, जिनमें लगभग एक लाख बच्चे शामिल हैं, यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड (यूनिसेफ) ने ये जानकारी दी है।




### पहलगाम आतंकी हमला: लश्कर आतंकी साजिद जट्ट पहलगाम अटैक का मास्टरमाइंड

# एनआईए ने दाखिल की 1597 पन्नों की चार्जशीट

एजेंसी ▶▶ नयी दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' (एलईटीटी)/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के सदस्य भी शामिल हैं। आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले से जुड़े सहायक सबूतों का विस्तृत विवरण दिया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट में प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा'/टीआरएफ को पहलगाम हमले की योजना बनाने, उसमें सहयोग करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए एक कानूनी इकाई के रूप में आरोपित किया गया है।

**सात आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया** | **तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी शामिल**

#### चार्जशीट में इन आतंकियों के नाम


फाइल फोटो

सोमवार को जम्मू स्थित एनआईए विशेष न्यायालय में दायर 1,597 पृष्ठों के आरोपपत्र में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकवादी साजिद जट्ट का नाम भी आरोपी के रूप में शामिल है। एनआईए के आरोपपत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी हैं जो घातक आतंकी हमले के कुछ हफ्तों बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। तीनों की पहचान फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ और उपर्युक्त चारों आतंकवादियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, शस्त्र अधिनियम, 1959 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

#### 8 महीने की जांच में सामने आए कई अहम सबूत

एनआईए ने पिछले लगभग 8 महीनों तक चली गहन वैज्ञानिक जांच के माध्यम से मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेएमयू में साजिश का पता पाकिस्तान से लगाया है, जो भारत के विरुद्ध आतंकवाद को लगातार प्रायोजित कर रहा है। आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में एनआईए द्वारा 22 जून 2025 को गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों परवेज अहमद और बशीर अहमद जोथड़ के खिलाफ भी आरोपपत्र दाखिल किया गया है। पूछताछ के दौरान, दोनों व्यक्तियों ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया था। उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि वे प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109